रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-243 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### ईओडब्ल्यू को मिली त्रिलोक सिंह ढिल्लन की रिमांड, जेल गए एपी त्रिपाठी



**रायपुर।** शराब घोटाले मामले में कोर्ट ने त्रिलोक सिंह ढिल्लन को 2 मई तक ईओडब्ल्यू की रिमांड में भेज दिया है। वहीं अरुण पति त्रिपाठी को 9 मई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन को गिरफ्तार किया था। शराब घोटाला मामले में 2 दिन की न्यायिक रिमांड पूरी होने के बाद रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को ईडी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया था। सुनवाई में ईडी की ओर से पीएमएलए स्पेशल कोर्ट में टुटेजा की 14 दिन की रिमांड लेने की कोशिश की गई थी। जिसे कोर्ट ने सिर्फ 5 दिन तक ही मंजूर किया था।

### पटना जंक्शन के पास होटल में लगी आग, छह की मौत, 20 घायल

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में पटना जंक्शन के पास एक होटल में अचानक आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई तथा 20 लोग झुलसकर घायल हो गए। नगर पुलिस अधीक्षक चंद्र प्रकाश ने पटना जंक्शन के पास पाल होटल में आग लगने से छह लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन पुरुष और तीन महिला हैं, जिनकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रथमदृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट है। आग लगने के बाद होटल में रखे सिलेंडर में भी विस्फोट हुआ, जिससे आग और भड़क गई।

### गोली चलने की घटना में एक जवान की मृत्यु, दूसरा घायल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-नारायणपुर के सीमावर्ती इलाके में नक्सल गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से डीआरजी दंतेवाड़ा के एक जवान की मृत्यु और एक जवान घायल हो गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला दंतेवाड़ा थाना बारसूर के हांदावाड़ा, हितावड़ा क्षेत्र में सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा की संयुक्त टीम नक्सल गश्त अभियान में निकली थी। नक्सल गश्त के दौरान कल रात दुर्घटनावश गोली चलने से डीआरजी दंतेवाड़ा के आरक्षक जोगराज कर्मा और आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए। रेस्क्यू के दौरान एक घायल आरक्षक जोगराज कर्मा की अत्याधिक रक्त स्त्राव हो जाने से मृत्यु हो गई एवं घायल आरक्षक परसूराम अलामी का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रायपुर रवाना किया गया है।

# दूसरे चरण में 88 सीटों के लिए मतदान आज

**पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली/रायपुर**
www.dailypioneer.com




लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर वोट डाले जायेंगे। इसके लिये चुनाव आयोग ने मतदान केन्द्रों तक वोटिंग मशीनें पहुंचाने से लेकर सुरक्षा व्यवस्था समेत सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान आज सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जायेगा। दूरदराज के मतदान केन्द्रों पर मतदान कराने वाले अधिकारियों की टीमें मतदान सामग्री के साथ पहले ही रवाना कर दी गयी हैं। आयोग ने दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिये घर से मतदान करने की सुविधा भी की है। तेज गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्रों पर पेयजल और छाया की व्यवस्था की जा रही है। पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान 66 प्रतिशत से कुछ अधिक था, जो 2019 के औसत मतदान की तुलना में तीन प्रतिशत कम रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी मतदान में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये फोन पर रिकार्ड की हुई अपील जारी करने के अलावा सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मतदान के महत्व को रेखांकित कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के निधन के कारण अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में कराया जायेगा। अट्ठासी सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ , मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं।

## 3 सीटों पर 49 लाख वोटर करेंगे मतदान



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ की 3 लोकसभा सीटों के लिए आज सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा। तीनों लोकसभा क्षेत्रों कुछ हिस्सा नक्सल प्रभावित है। ऐसे में वहां सुबह 7 से 3 बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया है। बाकी हिस्से में सुबह 7 से 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण के मतदान को लेकर राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि तीन सीटों पर कुल 41 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा 17 उम्मीदवार महासमुंद में हैं। राजनांदगांव में 15 और कांकेर में 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

# विरासत टैक्स मामले में कांग्रेस पर भड़के सीएम विष्णुदेव साय

**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विरासत टैक्स मामले में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने भारतीय समाज की उस पारिवारिक संरचना पर सीधा प्रहार किया है जो संपत्तियों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित करती है और पारिवारिक रिश्तों को जोड़ने की मजबूत कड़ी है। साय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के टुकड़े किए फिर उसे जातियों में बांटा, उसके बाद धार्मिक तुष्टीकरण करने के लिए देश के संसाधनों पर पहला हक मुस्लिमों का बताया। अब कांग्रेस कह रही है की आगे वो सत्ता में आई तो कानून बना कर लोगों के मरने के बाद उनकी संपत्ति सरकार के जरिए हड़प लेगी। सैम पित्रोदा के बयान ने इसकी पुष्टि की है। यह बेहद शर्मनाक है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने बीते दिनों एक बयान में कहा था कि अगर चुनाव बाद उनकी सरकार सत्ता में आई तो एक सर्वे कराया जाएगा और पता लगाया जाएगा कि किसके पास कितनी संपत्ति है और अब सैम पित्रोदा ने अमेरिकी कानून का हवाला देकर कहा है, 'अमेरिका में 55 फीसदी संपत्ति सरकारी खजाने में जाती है। अमेरिका में विरासत पर कर लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 प्रतिशत अपने बच्चों को हस्तांतरित कर सकता है जबकि 55 प्रतिशत सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। लेकिन भारत में रहकर अपनी पीढ़ी के लिए संपत्ति जुटाई और जब आप स्वर्गवासी हो रहे हैं तो आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। साय ने कहा है कि कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण में इतनी अंधी हो गई है की वो देश के सनातन परंपरा और परिवार परंपरा पर सीधा चोट कर रही है।

# व्हाट्सएप पर मिलेगी उच्चतम न्यायालय की 'वाद-सूची'

**पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों समेत कई अन्य जरूरी जानकारियां अब 'व्हाट्सएप' पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने इस बारे घोषणा करते हुए कहा, इस छोटी सी पहल का बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, 75वें वर्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने न्याय तक पहुंच को आसान करने के लिए एक और पहल शुरू की है। इससे देश के दूरदराज के इलाकों के लोग भी नागरिक मुद्दों से जुड़े मामलों की जानकारियां आसान तरीके उपलब्ध हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी सभी सेवाओं को 'मेघराज क्लाउड 2.0' में स्थानांतरित कर रहे हैं (यह एनआईसी द्वारा बनाया गया क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर है।) अब सभी अदालतें ऑनलाइन हो सकती हैं।' सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी जरूरी जानकारियां 'व्हाट्सएप' के जरिए उपलब्ध कराने की शीर्ष अदालत की इस कोशिश को 'एक और क्रांतिकारी' पहल बताया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष आशाजनक सुधारों की एक सतत धारा देखी है। शीर्ष अदालत की अपनी आईटी सेवाओं के साथ 'व्हाट्सएप' को जोड़ने से संबंधित अधिवक्ताओं को मामले दायर करने, वाद सूची और अन्य जानकारियों के बारे में स्वचालित संदेश प्राप्त हो सकेंगे। इस सेवा के शुरू होने से 'बार' के सभी सदस्यों (अधिवक्ताओं) और रजिस्ट्री अधिकारियों को रजिस्ट्री द्वारा प्रकाशित होने पर वाद-सूची उसी क्षण प्राप्त कर हो सकेंगी।

# मोदी, राहुल के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने पार्टियों को नोटिस भेजे

**वार्ता < नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com




चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। चुनाव आयोग ने मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज़ कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय- समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीख तक जवाब मांगा है।

# मोदी की झूठ की वाणी की गूंज में ठप पड़ी विकास की गाड़ी : राहुल

**वार्ता < नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में रेडियो टीवी के माध्यम से सिर्फ झूठ की वाणी ही प्रसारित तथा प्रचारित होती रही और विकास की गाड़ी का पहिया ठप पड़ गया है। गांधी ने कहा टीवी-रेडियो हर जगह, गूंजती रही 'झूठ की वाणी', थम गए तरक्की के पहिए, ठप पड़ गई 'विकास की गाड़ी'। परिवर्तन की आहट सुनिए, कांग्रेस को चुनिए। उन्होंने कांग्रेस की सरकार आने पर जनता को मिलने वाली गारंटी का जिक्र करते हुए कहा कांग्रेस की गारंटी, हिंदुस्तानियों की सरकार। महिलाओं को 8,500 रुपये माह, युवाओं को एक लाख रुपए साल की नौकरी, 30 लाख रिक्तियों पर भर्ती, किसानों को कानूनी एमएसपी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के वादे पर तंज करते हुए उन्होंने कहा मोदी की गारंटी, अडानियों की सरकार, देश की संपत्ति अरबपतियों की जेब मे, चंदे के धंधे वाली वसूली गैंग, संविधान और लोकतंत्र खतम,किसान पाई-पाई का मोहताज। उन्होंने आगे कहा फर्क साफ है कांग्रेस हिंदुस्तान में करोड़ों लखपति बनाएगी और मोदी जानते हैं कि इलेक्शन उनके हाथ से निकल गया है।

# भाजपा जीत गई तो 2024 के बाद देश में नहीं होंगे चुनाव : आप

**वार्ता < नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी ने देशवासियों को संविधान और लोकतंत्र बचाने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर भाजपा चुनाव जीत गई तो फिर इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होंगे। आम आदमी पार्टी के नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत के लोकतंत्र को किस तरह से खत्म करने की कोशिश की गई है और ऑपरेशन लोटस चला कर किस तरह से अलग-अलग सरकारों को गिराने की कोशिश की गई है, इसका जीता जागता उदाहरण पूरे देश के सामने है। उन्होंने कहा कि अब जो सूरत से शुरुआत हुई है वह इस बात का संकेत है कि पिछले 10 साल में ऑपरेशन लोटस चलाकर भाजपा ने अलग-अलग राज्य के विधायकों को तोड़ा और खरीदा, सरकारों को गिराया, लेकिन 2024 के बाद इस देश में चुनाव नहीं होगा। सूरत से इसकी शुरुआत हो चुकी है। सिंह ने कहा कि पहले कभी भी यह नहीं सुना गया था कि सत्ताधारी पार्टी बगैर मतदान के लोकसभा का चुनाव जीत गई हो। पहले कभी भी बगैर वोट डाले, बगैर चुनाव हुए कोई सत्ताधारी पार्टी चुनाव नहीं जीती है। सूरत में न सिर्फ कांग्रेस, बल्कि सभी दलों के प्रत्याशियों का पर्चा खारिज कर दिया गया।






## कहा- यूपी में दो लड़कों की दोस्ती तुष्टिकरण की राजनीति है

# जनता की संपत्ति हड़पने से पहले विपक्ष को मोदी से निपटना पड़ेगा : मोदी

**एजेंसी < आगरा**
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और इंडिया समूह पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग जनता की संपत्ति हड़पने की साजिश रच रहे हैं। उनकी योजना है कि विरासत टैक्स लगाकर जनता की आधी संपत्ति पर कब्जा कर लिया जाए। ऐसा कोई भी पाप करने से पहले उनको मोदी से निपटना पड़ेगा।

उन्होंने प्रदेश के सपा-कांग्रेस गठबंधन पर भी हमलावर होते हुए कहा कि यूपी में दो लड़कों की दोस्ती तुष्टिकरण की राजनीति है। भाषण में ओबीसी-ओबीसी करते हैं। बाद में पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीन कर दूसरों को देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी जिले के दोनों भाजपा प्रत्याशियों एसपी सिंह बघेल और राजकुमार चाहर के समर्थन में कोठी मीना बाजार मैदान पर आयोजित संयुक्त जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्री भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस के लोग कहते हैं आपकी संपत्ति की जांच होगी। शहजादे कहते हैं उनकी एक्स-रे मशीन है। वह लॉकर में पहुंचेगी। क्या माताएं-बहनें अपना मंगलसूत्र किसी को लेने देंगी। वे गला कटवा देंगी मगर, मंगलसूत्र नहीं लेने देंगी। नया प्लान सामने आया है। कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। मतदाता की नब्ज पर हाथ रखते हुए मोदी ने कहा मान लीजिए आपके माता-पिता ने चार कमरे का घर बनाया है। उसमें से दो कमरे आपको मिलेंगे। दो कमरे सपा-कांग्रेस की सरकार हड़प लेगी। दस बीघा है तो वह हड़प लगेगी। क्या आप अपनी संपत्ति भ्रष्ट पंजे के हाथ में जाने देंगे। क्या आपको गुस्सा नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा ओबीसी, एससी के हक पर डाका डालने और मां-बहनों के मंगलसूत्र पर नजर डालने से पहले इंडी गठबंधन वालों यह कान खोलकर सुन लो। जब तक मोदी जिंदा है। ऐसा कोई भी पाप नहीं होने देगा। हमारा संकल्प है, जो भ्रष्टाचारी हैं, उनकी जांच होगी। जिन्होंने गरीबों को लूटा है। वह लूट का पैसा गरीबों को वापस मिलेगा। मोदी ने कहा, संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से खेल खेलना शुरू कर दिया है। कांग्रेस में ठान लिया है कि धर्म के आधार पर आरक्षण लाकर रहेगी। इसलिए उसने तरीका निकाला है। 27 प्रतिशत ओबीसी का कोटा है, मैं भी उसी समाज से आता हूं। कांग्रेस ने तय किया है कि उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए। चुपचाप छीन लिया जाए। धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए। क्या आपको यह मंजूर है। कर्नाटक में जितनी भी मुस्लिम जातियां हैं, रातों-रात उनको ओबीसी बना दिया गया। ओबीसी के हक पर डाला गया। उन्होंने कहा, हमने तुष्टिकरण की राजनीति बहुत देखी है। तुष्टिकरण की लड़ाई में बांट दिया है। हम तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करते, बल्कि संतुष्टीकरण की राजनीति करते हैं। कांग्रेस के इस बार के घोषणा पत्र पर शत प्रतिशत मुस्लिम लीग का ठप्पा लगा है। कांग्रेस का मेनिफेस्टो वोट बैंक को मजबूत कर रहा है हमारा मेनिफेस्टो देश को मजबूत कर रहा है।

# अखिलेश और सुब्रत ने नामांकन कर किया जीत का दावा

वार्ता < कन्नौज
www.dailypioneer.com



इत्र नगरी के रूप में विश्व विख्यात कन्नौज संसदीय सीट से गुरुवार को समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने अलग अलग अपना पर्चा दाखिल कर अपनी जीत का दावा किया। चौथे चरण के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन अखिलेश यादव ने कन्नौज संसदीय सीट के लिए अपना नामांकन चार सेट में दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे और पार्टी के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य प्रस्तावक के रूप में मौजूद थे। इससे पहले इस सीट से सपा ने अखिलेश के भतीजे और मैनपुरी से पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार घोषित किया था। अब अखिलेश यादव के कन्नौज सीट से उतरने से मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। सपा का प्रमुख गढ़ रही कन्नौज सीट पर भाजपा ने वर्तमान सांसद सुब्रत पाठक को ही उतारा हुआ है। पाठक ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव को मामूली अंतर से हराया था। अखिलेश यादव इस सीट से पहले भी सांसद रहे चुके है। वे 2012 में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने से पहले तीन बार कन्नौज से सांसद चुने गए । साल 2000 में अखिलेश की सियासी पारी का आगाज इसी कन्नौज सीट से हुआ था,अखिलेश ने पिता मुलायम सिंह के इस्तीफे के बाद खाली हुई इस सीट से उपचुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। जब अखिलेश यादव साल 2012 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो यह सीट खाली हो गई जिसके बाद उपचुनाव में अखिलेश की पत्नी डिंपल की सियासी पारी की शुरुआत हो गई. यहां तक 2014 में मोदी लहर के बावजूद डिंपल ने कन्नौज सीट पर जीत हासिल की थी। 2019 में सपा बसपा गठबंधन के बाद भी हुए चुनाव में डिंपल भाजपा के पाठक के मुकाबले मामूली अंतर से हार गई। 2024 में अखिलेश के फिर मैदान में आने से कन्नौज में भाजपा और सपा के बीच कड़ा होने की उम्मीद है। नामांकन के बाद अखिलेश ने कहा कि कन्नौज को अब और आगे बढ़ाना है। कन्नौज के विकास और सम्मान के लिए, कन्नौज के विकास के लिए। कन्नौज का कारोबार न केवल भारत में बल्कि विश्व में है, जो विकास यहां का थम गया उसे जानकर रोका बीजेपी ने क्योंकि यह सपा का गढ़ था। बीजेपी के लोगों ने ना जाने कितनी बार यहां के लोगों को अपमानित किया है। उन्होने कहा कि कन्नौज की जनता ने विकास होते हुए देखा है, पुराने लोग जिन्होंने लोहिया जी को चुना था वह जानते हैं नेताजी ने सिद्धांतो को आगे बढ़ाया। मुझे एक बार फिर यहां आने का सौभाग्य मिला है, मैं यहां के विकास के लिए काम करूंगा, इसका नाम और हो जाए इसके लिए काम करूंगा। यहां जो बिजली में काम हुआ वह सपा का काम है। नदियों पर जो पुल बने, केवल कन्नौज ही नहीं बाकी जगह भी सपा ने बनवाए। यहां हवाई पट्टी बनी थी केवल एक बार हवाई जहाज उतरा, बीजेपी की नकारात्मकता उससे साफ साफ देखी जा सकती है।

आठ लेन गंगा का पुल बनवाया सपा ने, जहां से शुरू हुआ आखिर तक, सबसे पहले हमने बनवाया. जो मंडी बनी थी आज भी आधी अधूरी है, किसान बाजार सब बन पड़ा है। उधर भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने अपनी जीत का दावा करते हुये कहा कन्नौज की जनता बाहरी लोगों पर भरोसा नहीं करने वाली, और उन्हें वापस घर भेजेगी। अखिलेश यादव 2012 में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने से पहले तीन बार कन्नौज से सांसद चुने गए। साल 2000 में अखिलेश की सियासी पारी का आगाज इसी कन्नौज सीट से हुआ था। 1998 से यह सीट समाजवादी पार्टी के खाते में ही जा रही थी, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अखिलेश यादव के इस किले में सेंध लगा दी। सुब्रत पाठक चुनाव जीते और इस बार भी वे चुनावी रण में ताल ठोक रहे हैं। 1967 में कन्नौज को लोकसभा का दर्जा मिला। कांग्रेस की दिग्गज नेता शीला दीक्षित यहां से चुनाव लड़कर सांसद रह चुकी हैं। 1998 में समाजवादी पार्टी के प्रदीप यादव चुनाव जीते और उसके बाद यह सीट सपा की हो गई। 1999 में मुलायम सिंह यादव सांसद बने। 2004 और 2009 में अखिलेश यादव यहां से सांसद बने। 2014 में अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव ने यहां चुनाव जीता। 2019 में यह सीट भाजपा के खाते में चली गई। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव फिर कन्नौज से किस्मत आजमा रहे हैं। भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने कन्नौज में बिछी चुनावी बिसात को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुद्दा केवल मोदी है, चाहे अखिलेश यादव चुनाव लड़े या कोई और, जीत सिर्फ भाजपा की होगी। सपाइयों ने बड़े-बड़े बंगले बनाए और भाजपा ने केवल विकास कार्य किए।

# भारतीय वायुसेना का टोही विमान जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त



एजेंसी < जैसलमेर
www.dailypioneer.com

भारतीय वायुसेना का मानव रहित एक टोही विमान राजस्थान के जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सुरक्षा से जुड़े आधिकारिक सूत्रों के अनुसार वायुसेना का यह टोही विमान जैसलमेर के वायु सैनिक हवाई अड्डे से सुबह अपनी नियमित अभ्यास पर उड़ान भरी थी और उड़ान के दौरान करीब 10.20 बजे सम्भवतः विमान में तकनीकी खराबी आ जाने से वह अनियंत्रित होकर जैसलमेर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर पिथला क्षेत्र में भोजोनियों की ढाणी के पास धमाके के साथ सुनसान स्थान पर गिर गया। इसके बाद विमान में आग लग गयी और वह जलकर नष्ट हो गया। विमान के टुकड़े क्षेत्र में फैल गए। हादसे की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन एवं वायु सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड एवं दूसरे चरण में शुक्रवार को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान कराने के लिए क्षेत्र में पहुंचे मतदानकर्मियों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ टोही विमान के मलबे में लगी आग को बुझाने में मदद की। हादसे में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। वायुसेना ने हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं।

# एक सौ 12 मेडिकल स्नातकों को भारतीय सशस्त्र बलों में कमीशन

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

पुणे स्थित सशस्त्र बल चिकित्सा कॉलेज के 58वें बैच के 112 मेडिकल स्नातकों को कमीशन प्रदान कर भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल किया गया। कॉलेज के 58वें बैच के कैडेटों ने परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन किया।

इस बैच में दूसरे देशों के पांच कैडेट भी शामिल थे। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में नियुक्त 112 कैडेटों में से 87 जेंटलमैन कैडेट हैं और पच्चीस महिला कैडेट हैं। इनमें से 88 को सेना में, 10 को नौसेना में और 14 को वायु सेना में नियुक्त किया गया है। इस वर्ष 'राष्ट्रपति का स्वर्ण पद' फ्लाइंग ऑफिसर आयुष जयसवाल को और 'कलिंगा ट्रॉफी' सर्जन सब लेफ्टिनेंट बानी कौर को प्रदान की गई। इस अवसर पर शानदार पासिंग आउट परेड का भी आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक एवं सेना चिकित्सा कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने नवनियुक्त अधिकारियों को बधाई देते हुए उन्हें समर्पण के साथ देश और सशस्त्र बलों की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उनके उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की कामना की। देश के शीर्ष पांच मेडिकल कॉलेजों में शामिल सशस्त्र बल चिकित्सा कॉलेज, को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गत एक दिसम्बर को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति सम्मान प्रदान किया था।

# फारुख अब्दुल्ला ने मोदी पर लगाया देश तोड़ने की कोशिश करने का आरोप

एजेंसी < श्रीनगर
www.dailypioneer.com

नेशनल कांफ्रेंस अध्यक्ष फारुख अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए उनपर देश को तोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। श्रीनगर में कांग्रेस मुख्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री का हाल ही में राजस्थान में दिया गया भाषण पूरी तरह से मुस्लिम विरोधी है और उसने देश के मुस्लमानों को हिला दिया है।

श्रीनगर संसदीय सीट ने अपनी पार्टी उम्मीदवार आगा रुहुल्लाह के नामांकन पत्र भरते के बाद उन्होंने श्री रुल्लाह के समर्थन में प्रचार किया। नेकां अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री को राष्ट्र के संविधान के तहत देश के सभी लोगों की सुरक्षा करनी है।



जम्मू -कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, जो भी देश का प्रधानमंत्री बनेगा वह सभी के लिए पिता तुल्य है और उसे कभी भी लोगों को उनके रंग, पंथ या धर्म, भोजन या कपड़े से अलग नहीं करना पड़ेगा चाहे कोई उनकी पार्टी का हो या नही। उन्होंने आरोप लगाया, ''मैं पीएम के भाषण से निराश हूं क्योंकि वह देश को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। हिंदू, मुस्लिम और ईसाई सहित जो भी देश के नागरिक हैं। फारूक ने कहा, 'इंडिया गठबंधन देश के संप्रदायों के बीच दरार पैदा करने के खिलाफ है। अब्दुल्ला ने कहा कि इंडिया समूह का गठन सिर्फ भारत की पहचान और संविधान की रक्षा के लिए किया गया था, जिस पर खतरा मंडरा रहा है। एनसी अध्यक्ष ने कहा, इंडिया समूह देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने और डॉ. अंबेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान की रक्षा के लिए है। अब्दुल्ला ने उन दिनों की यादें ताजा करते हुए कहा कि जब कांग्रेसी नेता राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर आये थे और यात्रा के दौरान बर्फबारी हुई लेकिन उन्होंने यहां आकर लोगों को आश्वस्त किया कि वह यहां लोगों के दर्द और परेशानियों को कम करने के लिए यहां आये हैं। उन्होंने चुनाव में इंडिया समूह की जीत का दावा करते हुए कहा कि समूह डॉ अंबेडकर के संविधान की रक्षा करेगा।

# तेरह दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मध्यप्रदेश की छह लोकसभा सीटों के लिए कल मतदान होगा। मतदाता तेरह दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। आधिकारिक जानकारी में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के दूसरे चरण के लिये मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की गई है। क्यूआर कोड युक्त मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे। राजन ने बताया कि यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता मतदान कर सकेंगे।

## यह हैं 13 वैकल्पिक दस्तावेज

फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/ डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/ राज्य सरकार/ सार्वजनिक उपक्रम/ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकते है। उन्होंने सभी मतदाताओं से उत्साह के साथ मतदान करने का आग्रह किया है।

# स्वच्छता अवार्ड पर अंगुली उठाकर कांग्रेस ने किया इंदौर की जनता का अपमान : यादव

एजेंसी < इंदौर
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर से कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि स्वच्छता अवार्ड पर अंगुली उठाकर कांग्रेस ने इंदौर की जनता का अपमान किया है। डॉ यादव इंदौर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी शंकर लालवानी के नामांकन रैली में शामिल हुए और चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सभा में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन और प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट और लालवानी उपस्थित रहे। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के संदर्भ में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के लिए जिस प्रकार से शब्दों का प्रयोग किया है। उनके बोलने की भाषा के आधार पर कोई उनको गंभीरता से नहीं लेता। वो इकोनॉमिक सर्वे की बात करते हैं, विरासत टैक्स की बात करते हैं। अगर वो विरासत के टैक्स की बात करते है तो पहले विरासत का टैक्स नेहरू परिवार पर लगना था। नेहरू परिवार की विरासत इंदिरा गांधी के पास आयी। इंदिरा गांधी की विरासत उनके बेटे के पास आयी और बेटे से बहू ने पीछे से सत्ता चलायी। अब पोते आ गए, जो अपनी दुनिया में रहकर, पता नहीं किसी दुनिया की बात करते हैं। ये भारत में चुनाव लड़ते हैं और अमेरिका की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि ये हिन्दु-मुस्लिम की बात खुद करते हैं और हमसे कहते हैं कि हम मुस्लिम की बात करते हैं। ये मुस्लिम लीग के एजेंडे को आगे बढ़ाना चाहते हैं, 1947 के समय जो अंग्रेज नहीं कर पाये, वो कांग्रेस ने किया। उन्होंने कहा कि देश ने संकल्प लिया है कि अबकी बार 400 पार, अबकी बार मोदी सरकार। इंदौर नगर द्वारा लगातार सफाई में नंबर वन आने पर मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान पर डॉ यादव ने कहा कि सफाई को लेकर इंदौर को मान-सम्मान मिला, कांग्रेस के नेता सोच रहे हैं कि इंदौर के लोगों का अपमान कर आप चुनाव जीत जाओगे, इंदौर और पूरा प्रदेश इस बात से नाराज है।

# हिमाचल में पहाड़ी से गिरा कार पर पत्थर, दो महिलाओं सहित तीन जख्मी

एजेंसी < मंडी
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश में मनाली जालंधर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटली के लागधार के समीप चलती कार पर पहाड़ी से बड़ा पत्थर गिरने से दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गये। घायलों को कोटली में प्राथमिक उपचार के बाद जोनल अस्पताल मंडी रेफर किया गया। हादसे में दो महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र ने घटना की पुष्टि की है।उन्होंने बताया कि कार सवार दीवान चंद (54), मीना देवी (55) और जयोध्या देवी (59) कोटली से सताहन घर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान लागधार के नजदीक पहाड़ी से कार पर बड़ा पत्थर गिर गया। घटना में तीनों कार सवार घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से जोनल अस्पताल मंडी भेजा गया है। हादसे में घायल महिलाओं मीना देवी और जयोध्या देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है। पहाड़ी से पत्थर गिरने के बाद कार की छत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। पत्थर को कार पर से जेसीबी की मदद से हटाना पड़ा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और कार्रवाई जारी है।

# सिद्दारमैया ने मोदी के कर्नाटक आरक्षण नीति के दावों का खंडन किया

एजेंसी < बेंगलुरू
www.dailypioneer.com

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने राज्य में आरक्षण नीतियों के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया दावों का गुरुवार को जोरदार खंडन करते हुये उसे सरासर झूठ करार दिया और इस मुद्दे पर बुनियादी ज्ञान की कमी का उन पर आरोप लगाया। राजस्थान के टोंक में हाल ही में एक चुनावी रैली में मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने आरक्षण कोटा पिछड़े वर्गों और दलितों से मुसलमानों को हस्तांतरित कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने दलित कोटे से मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया और पार्टी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए गहरी साजिश को अंजाम देने का आरोप लगाया। इन आरोपों का जवाब देते हुए श्री सिद्दारमैया ने कर्नाटक में पिछड़ा वर्ग श्रेणी के तहत मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का बचाव किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह आरक्षण दशकों से लागू है और भारतीय जनता पार्टी सहित किसी भी पिछली सरकार ने इसे चुनौती नहीं दी है। सिद्दारमैया ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दावा कि कांग्रेस ने आरक्षण कोटा पिछड़े वर्गों और दलितों से मुसलमानों को स्थानांतरित कर दिया है, एक सफ़ेद झूठ है। उन्होंने प्रधानमंत्री से इन आरोपों को सबूतों के साथ साबित करने या देश से माफी मांगने की अपील की। सिद्दारमैया ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि संवैधानिक आरक्षण में किसी भी बदलाव के लिए संसद के दोनों सदनों की मंजूरी की आवश्यकता होती है और इसमें मनमाने ढंग से संशोधन नहीं किया जा सकता है। उन्होंने इस मुद्दे पर ज्ञान की कमी और मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण रद्द करने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक जैसी महत्वपूर्ण जानकारी को नजरअंदाज करने के लिए प्रधानमंत्री की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री की उपलब्धियों पर भी सवाल उठाया और सुझाव दिया कि वह एक असफल नेता हैं।


### कहा- 'पहले चरण' के चुनाव के रुझानों से साफ है कि भाजपा के प्रदर्शन में भारी गिरावट आने वाली है

# रूझानों से परेशान मोदी, कांग्रेस के 'न्याय पत्र' को दे रहे हैं सांप्रदायिक रंग : जयराम

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के रुझानों से परेशान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे पुरानी पार्टी के 'न्याय पत्र' को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, चुनाव हारने के डर से मोदी हमारे 'न्याय पत्र' को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे थे। मैं स्पष्ट कर दूं कि कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र में विरासत कर या धन पुनर्वितरण नाम की कोई बात नहीं है। मैं प्रधानमंत्री को चुनौती देता हूं कि वे बताएं कि हमारे 'न्याय पत्र' में इसका उल्लेख कहां किया गया है। यह हमारा एजेंडा नहीं है। हकीकत तो यह है कि 1985 में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने विरासत कर खत्म कर दिया था।

वर्ष 2014-19 के बीच कई भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने इसकी वकालत की थी और प्रधानमंत्री हम पर ही आरोप लगा रहे हैं। रमेश ने जोर दिया कि 'पहले चरण' के चुनाव के रुझानों से साफ है कि भाजपा के प्रदर्शन में भारी गिरावट आने वाली है। कहीं पार्टी आधी, तो कहीं पूरी तरह ख़त्म हो जायेगी।



हार के डर से मोदी ने चुनाव का एजेंडा भटका दिया है और '400 पार' और 'मोदी की गारंटी' का नारा लगाना भी बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' और 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान लोगों की आवाज सुनने के बाद 'न्याय पत्र' तैयार किया है। पिछले 10 वर्षों में मोदी की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी बढ़ी है औ महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है तथा समाज में आर्थिक असमानता भी बढ़ी है। उन्होंने कहा, अपनी 'पांच न्याय 25 गारंटी' के साथ हम यह लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और 04 जून को हमें पूर्ण बहुमत मिलेगा तथा सरकार बनायेंगे। प्रधानमंत्री के उस बयान पर जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस के न्याय पत्र का उल्लेख करने से प्रचार तो हुआ, लेकिन नकारात्मक। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी हमें उस पिच पर ले जाना चाहते हैं जहां वह चाहते हैं कि हम खेलें, लेकिन हम अपनी पिच पर खेलेंगे जहां सभी के लिए न्याय हो और आर्थिक एवं सामाजिक समानता हो। उन्होंने दावा किया कि भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों से भी पता चला है कि लोगों ने अपना सोना गिरवी रखकर बैंकों से एक लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा 'सत्यमेव जयते' में विश्वास करती है जबकि मोदी नीत भाजपा 'असत्यमेव जयते' पर यकीन करती है।

# त्रिपुरा में चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात लगे बीएसएफ जवान की बस में मौत

पायनियर संवाददाता < अगरतला
www.dailypioneer.com

त्रिपुरा पूर्व संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल का जवान की मृत्यु हो गयी। बीएसएफ जवान उत्तरी त्रिपुरा जिले के कंचनपुर में सुरक्षा शिविर की ओर जाती हुई बस में मृत पाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीएसएफ जवान कल रात अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद लौट रहा था। शहीद जवान बस के फर्श पर खून से लथपथ पाया गया और उसके सिर में गोली लगी थी। मृतक जवान की पहचान रक्सा नरगिस केशव (27) के रूप में हुयी और वह पानीसागर में बीएसएफ की 199वीं बटालियन में तैनात था और महाराष्ट्र के लातूर का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक, रात करीब 11 बजे केशव सुरक्षा गश्त पूरी कर अन्य 22 जवानों के साथ कैंप लौट रहा था और बस की आखिरी सीट पर अकेला बैठा था। पुलिस ने कहा, यह महज एक दुर्घटना है, लेकिन आत्महत्या की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जब बस सड़क से फिसल कर गड्ढे में गिरी तो गोली चलने की आवाज आयी और लोगों ने उसे मृत पाय। पुलिस ने कहा कि ऐसा भी हो सकता है कि दिन भर ड्यूटी की थकान के बाद केशव भरी हुयी राइफल के साथ बस में सो गया होगा और जब बस गड्ढे में गिरी तो अनजाने में उससे ट्रिगर दब गया होगा और गोली उसके सिर में लग गयी होगी। पुलिस ने बताया कि शहीद जवान की राइफल बस के अंदर उसके बगल में पड़ी थी।

# जोन क्रमांक 2, 4 और 7 में स्मार्ट सिटी के कार्यों से एमडी नाखुश

## सड़कों के सौंदर्यीकरण पर जोर, सदर और मालवीय रोड में चौपहिया बैन करने पर भी विचार

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 2 , 4 और 7 में स्मार्ट सिटी के द्वारा किये जा रहे कार्यों से मैनेजिंग डायरेक्ट अबिनाश मिश्रा नाखुश दिखे। उन्होंने इन जगहों के साथ ही बाकी जगहों के कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। निगम मुख्यालय भवन में मिश्रा ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, स्मार्ट सिटी के उप प्रबंधक पी के पंचायती, जोन क्रमांक 6 के कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा तथा स्मार्ट सिटी में पूर्व के कार्य कर चुके उप अभियंता अंशुल शर्मा समेत स्मार्ट सिटी के अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में मिश्रा ने कहा कि जोन क्रमांक 2, 4 और 7 में बहुत सारे कार्य अधूरे हैं। वहां कई ऐसे भी कार्य भी जिनके कर देने से उन जगहों की दशा बदल जाएगी और वह जगह सुंदर दिखने लगेगी। बूढ़ापारा के धरनास्थल के सौंदर्यीकरण और महराज बन्ध तालाब फेस 2 के तथा अन्य कार्यों की उन्होंने समीक्षा की। जून महीने में स्मार्ट सिटी के कार्यों के लिए आए पैसे लेप्स हो जाएंगे। इस पर उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य के पैसे लेप्स ना, इसलिए जल्द से जल्द सारे कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया। किसी कार्य के लिए भारत सरकार से यदि 50 लाख रुपए की स्वीकृत मिल कर उसे कार्य की किस्त 20 लाख मिल गई हो तो उस कार्य को पूर्ण कर बाकी रकम प्राप्त करने हेतु कार्यवाई की जाए। बैठक में सदर बाजार और मालवीय रोड की ट्रैफिक व्यवस्था के लिए भी विचार किया गया। इन दोनों मार्गों में चैपहिया वाहनों के आवाजाही रोकने योजना बनाने कहा गया। इन जगहों के दुकानदारों और रहवासियों के वाहनों के लिए पास देने और पुल बोर्ड बनाने पर भी विचार किया। निगम के पुरानी बिल्डिंग की जगह पर किसी योजना आने तक उस जगह का उपयोग पार्किंग के लिए करने पर भी विचार किया गया।

## कार्यालय परिसर को सुव्यवस्थित कर शासकीय योजनाओं का करें बेहतर क्रियान्वयन : विजय दयाराम के.



पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने लोकसभा निर्वाचन के मतदान उपरांत कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ विभागीय दायित्वों के निर्वहन पर जोर दिया है। कलेक्टर स्वयं कार्यालयों का निरीक्षण दौराकर निर्देशों के पालन का जायजा ले रहे है।कार्यालय निरीक्षण के आज दूसरे दिन कलेक्टर ने शहीद पार्क चौपाटी के पास स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी भी हैं। निरीक्षण के दौरान सहकारी बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किए कि कार्यालय परिसर को सुव्यवस्थित कर शासकीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें। साथ ही बिना पूर्व अनुमति के कार्यालय से अनुपस्थित रहने वालों को स्पष्टीकरण जारी भी करें। कलेक्टर ने कार्यालय के प्रथम तल में कार्यालय को व्यवस्थित कर कर्मचारियों की बैठक व्यवस्था और द्वितीय तल में सभाकक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहकारी बैंक एवं प्राधिकृत अधिकारी के कक्ष को बेहतर करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों से विभागीय कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने सहकारी बैंक के लोन वितरण की स्थिति, लोन वसूली की स्थिति, इंटरेस्ट के आधार पर तिमाही प्रगति की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पुराने रिकॉर्ड को सुनियोजित संधारण कर रखने, कार्यालय में साफ-सफाई रखने और अनुपयोगी सामानों को विधिवत अपलेखन की कार्यवाही करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ केएस ध्रुव सहित सहकारी बैंक के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सेग्रिगेशन का फीडबैक लेने नागरिकों के पास पहुंचे कमिश्नर



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में नागरिकों के घर-घर जाकर गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लेने के कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने नागरिकों से फीडबैक भी लिया। नागरिकों से मतदाता पर्ची प्राप्त हुई कि नहीं इसकी भी जानकारी ली। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि कमिश्नर मिश्रा ने डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में घर-घर जाकर सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लेने के कार्य का निरीक्षण किया। इस बारे में उन्होंने नागरिकों से चर्चा भी की। साथ ही मतदाता पर्ची मिलने या नहीं मिलने की भी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बूढ़ापारा स्तिथ सेकेंडरी कचरा कलेक्शन पॉइंट का भी निरीक्षण किया।

## लोकतंत्र के महापर्व में बालोद जिले के मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने जिला प्रशासन द्वारा की गई चाक-चौबंद व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com





भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में बालोद जिला प्रशासन द्वारा आज शुक्रवार 26 अप्रैल को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व में जिले के मतदाताओं की समुचित भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई है। जिससे कि जिले के मतदाता बिना किसी अवरोध के सुगमतापूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुरुवार की सुबह मतदान सामग्री वितरण केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज परिसर पाकुरभाट से हरी झण्डी दिखाकर मतदान दलों को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को सफलतापूर्वक निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने हेतु शुभकामनाएं भी दी। मतदान केंद्रों में शुद्ध पेयजल और छांव की व्यवस्था की गई- उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 11 कांकेर के अंतर्गत बालोद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित की गई है। मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारी गुरुवार की सुबह 6 बजे से ही सामग्री वितरण केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में पहुँचकर मतदान सामग्री को प्राप्त कर उसका मिलान एवं अन्य जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा किया। सामान्य प्रेक्षक डॉ. एमटी रेजू, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने मतदान कर्मियों के बीच पहुँचकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली तथा उन्हें निर्वाचन के राष्ट्रीय कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु शुभकामनाएं भी दी। ज्ञातव्य हो कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर बालोद जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल के अलावा छांव तथा मतदान के दौरान मतदाताओं को अपने बारी का इंतजार करते समय उनके लिए बैठक इत्यादि की भी समुचित व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही 1950 नंबर डायल कर पंजीयन कराने वाले मतदान केन्द्र में आने-जाने में असमर्थ 80 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के आने-जाने के लिए निःशुल्क वाहन की भी व्यवस्था की गई है।

### संगवारी मतदान कर्मियों को फूल भेंटकर दी शुभकामनाएं

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सुबह से ही मतदान सामग्री वितरण केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में पहुँचकर सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की सतत् निगरानी की। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक एमटी रेजू एवं इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संगवारी मतदान केन्द्रों के संचालन हेतु नियुक्त किए गए महिला मतदान कर्मियों को गुलाब का फूल भेंटकर उन्हें इस महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।



# 151 जोड़ों के साथ सैकड़ों लोगों ने किया सुंदरकांड पाठ

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



श्री पंचमुखी हनुमान संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति द्वारा हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 151 जोड़ों एवं सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा एक साथ संगीत के सुमधुर स्वर में सुंदर काण्ड पाठ का पठन किया गया जिसमे विशाल मंच पर हनुमान जी का दिव्य दरबार सजाया गया पंडित रज्जन शास्त्री ने मुख्य यजमान के रूप में तंजीव अरोरा से सपत्नीक विधिवत पूजा संपन्न करवाई। उक्त आयोजन की ये विशेता है की समिति द्वारा सम्पूर्ण पूजन सामग्री से लेकर श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, भंडारे की व्यवस्था निशुल्क की जाती है । हनुमान जयंती पर होने वाले इस आयोजन को लेकर हनुमान भक्तों में विशेष उत्साह रहता है विगत 17 वर्षो से समिति के द्वारा प्रति मंगलवार को लोगो के घरों, प्रतिष्ठानों, मंदिरों में सुंदरकांड पाठ किया जा रहा है जिससे नगर के युवाओं की उपस्थिति विशेष रहती है व नगर का वातावरण धर्ममय बना रहता है ऐसे आयोजनों से प्रेरित हो अन्य नगरों व गांवों में भी सुन्दर काण्ड पाठ प्रारंभ हो चुका है। उक्त आयोजन में समिति के सदस्य देवेंद्र भृगु, मनीष मिश्रा, हेमंत मल, अरुण छाबड़ा, हरगोपाल शर्मा, प्रकाश शर्मा, गोपाल पुरोहित, रामजी जोशी, दिनेश सोनी, विनय ठाकुर, गिरधर व्यास, नागेंद्र गोस्वामी, शेखर तिवारी, सतीश सोनी, गगन गुप्ता, संजय शुक्ला, टी पी तिवारी, नंदू साहू, विजय पाण्डेय, रवि गुप्ता, मोनू मल, दुर्गेश शर्मा, बिहारी जोशी, अमित मिश्रा, अभिजीत माहेश्वरी, विवेक यदु, विभांशु मिश्रा, तुसार साहू, शुभम तिवारी, रुद्र मिश्रा, सौरभ श्रीवास, अरिहंत सेवाका, हेमंत गुप्ता, शिवम गुप्ता, दीपांशु गुप्ता सहित नगर की समस्त धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# महंगा होगा बोर खनन, खनन स्थल की दूरी, बढ़ा रही परेशानी





पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

अस्सी रूपए प्रति फीट। बोर खनन की यह दर बहुत जल्द बढ़ सकती है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र से मानसून के पूर्व खनन के लिए ग्रामीण, खनन एजेंसियों तक पहुंचने लगे हैं। राहत की बात यह है कि भूजल का स्तर संतोषजनक बिंदु पर ठहरा हुआ है। शहरी क्षेत्र से बोर खनन की मांग अब ठहराव लेती नजर आ रही है। अनुपात में सिंचाई पंप के लिए ग्रामीण क्षेत्र रुझान दिखाने लगा है। खनन को लेकर जैसे प्रतिसाद मिल रहे हैं, उसे देखते हुए प्रति फीट खनन की दरों में इजाफा होने की बातें सामने आने लगी है। यह दर कहां तक जाएगी? इसे लेकर एजेंसियां फिलहाल कुछ कहने की स्थिति में नहीं है।

**गहराई अब इतनी**

दिन लद गये 200 से 300 फीट के। अब न्यूनतम गहराई 300 फीट और अधिकतम गहराई 400 फीट तक की जा रही है। यह इसलिए क्योंकि जरूरत दिनों में पानी की आपूर्ति बाधित न हो। कई जगह 450 फीट तक की गहराई वाले बोर खनन करवाए जा रहे हैं। दिलचस्प यह कि घरेलू उपभोक्ता भी गहराई तक खनन करवा रहे हैं।

**ऐसा है भूजल स्तर**

ज्यादा अंतर नही है, शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के भूजल स्तर में। न्यूनतम 150 से 200 फीट और अधिकतम 250 फीट की गहराई में पर्याप्त मात्रा में भूजल का स्तर बना हुआ है। राहत ही मानी जा रही है प्रकृति की देन। सबसे अच्छी बात, पहली बार यह देखी जा रही है कि भूजल संरक्षण को लेकर दोनों क्षेत्रों में रुझान बढ़ता हुआ देखा जा रहा है।

**बढ़ सकती है खनन दर**

शहरी क्षेत्र के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में खनन कर रही खनन एजेंसियों का मानना है कि आगामी दिनों में खनन की प्रति फीट दर में वृद्धि का होना संभावित है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में खनन स्थल की दूरी ज्यादा तो है ही, साथ ही गहराई भी ज्यादा ले रहे हैं किसान लेकिन वृद्धि कितनी होगी? जैसे सवाल के जवाब नहीं मिलते।

# लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्टर एसएसपी जिला सीईओ ने मतदान केंद्रों में दलों को किया रवाना





पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर आज अधिकारियों ने अंतिम रुप दिया गांव गांव के मतदान केंद्र पर मंडप टेंट पेयजल मतदाता सहायता केंद्र फ्लैक्स सहित मतदान दल के लिए तमाम जरूरती सामग्री का वव्यस्था करते दिखे देवभोग मुख्यालय के मतदान केंद्र को सुबह से ही सीईओ पीओ तकनीकि सहायक द्वारा मंडप टेंट सहित निर्धारित माफ्दंड अनुसार कार्य करते नज़र आए इसके अलावा जिला स्तर पर भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की सभी तैयारियां पूरी करते मतदान दल को मतदान केंद्र रवाना की उल्लेखनीय हो की 26 अप्रैल को जिले के 573 मतदान केंद्रों में मतदान होगा इसमें 4 लाख 60 हजार 139 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे इसी तारतम्य में गरियाबंद के कृषि उपज मंडी परिसर में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरित कर मतदान दलों को अपने-अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने आज सुबह विधानसभा क्षेत्र बिन्द्रानवागढ़ के दूरस्थ मतदान केंद्रों अंतर्गत रूट क्रमांक 27 के मतदान दलों को शुभकामनाओं सहित सर्वप्रथम रवाना किया उन्होंने मतदान दलों एवं संगवारी मतदान केंद्र के महिला मतदान कर्मियों से मुलाकात कर उन्हें सफलतापूर्वक अपने जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही लोकतंत्र के इस महापर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा मतदान अधिकारीगण निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन के लिए उत्साहित नजर आए इससे पहले मंडी परिसर में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान सामग्री वितरण का जायजा लिया इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रीता यादव अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मतदान करने पायनियर की अपील

रानी के पेट से राजा पैदा होने की प्रथा को खत्म करते देश के आम मतदाताओं द्वारा संसद के सदस्य चुनने की यह लोकसभा चुनाव में महासमुंद लोकसभा के साथ साथ पुरे देश प्रदेश के मतदाताओं से पायनियर की अपील है की लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर वोट बिना लालच भय के अपने रोजगार शिक्षा स्वस्थ सड़क बिजली पानी जैसे अन्य मुद्दा को लेकर वोट करें ताकि बेहतर राष्ट्रीय का निर्माण किया जा सके।

# लोकतंत्र के महापर्व में अपने दायित्व को बढ़-चढ़कर निभाएं : मुकेश अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com



आपका एक सही वोट देश प्रदेश को तरक्की देगा ही साथ ही आपके अपने शहर गांव कस्बे के चौतरफा विकास सहित आपकी और अगली पीढ़ी की समुचित उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। आपका एक गलत वोट न केवल नगर के विकास को बाधित करेगा, बल्कि गुंडागर्दी, आतंक, भ्रष्टाचार, और अव्यवस्था को बढ़ाकर आपका जीना हराम कर सकता है। इसलिए शपथ लें कि चाहे कितनी भी गर्मी क्यों न हो या जरुरी काम ही क्यों न हो आज 26 अप्रैल को सबसे पहले हर हाल में मतदान केंद्र पहुंच कर सपरिवार मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपने समझदार और जिम्मेदार नागरिक होने का दायित्व जरुर निभाएं और इसी के साथ ही अन्य लोगों को जागरुक कर शत् प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें। यह बात नगर के व्यवसाय मुकेश अग्रवाल ने नागरिकों से अपील करते हुए कही। आप सभी समाज वर्ग व लिंग भेद एवं दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सुयोग्य उम्मीदवार का चयन कर इस महान लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका की सार्थकता जरुर सिद्ध कीजिएगा।

# कलेक्टर मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत गरियाबंद जिले के सभी मतदाताओं से मतदान तिथि शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र में जाकर अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। अग्रवाल ने कहा कि जिले के दोनों विधानसभा राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिये जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्रों में 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिये गर्व की बात है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में हमें हिस्सा लेने का मौका मिल रहा है। गरियाबंद जिला प्रशासन द्वारा आपके सुगम मतदान हेतु समस्त व्यवस्थाएं मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित की गई है। आपके मतदान से न केवल लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी, अपितु इससे जिले का मान भी बढ़ेगा।

# तिल्दा के महानदी किनारे सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा ग्रामीणों ने की प्रशासन से शिकायत

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com



तहसील लवन के ग्राम पंचायत तिल्दा जंहा रेत की अवैध खनन सुर्खियों में छाया हुआ है वहीं महानदी किनारे स्थित सरकारी भूमि को दो गॉव के दो व्यक्तियों ने कब्जा कर मकान तो दूसरे व्यक्ति ने तार से घेर कर बाड़ी बनाकर रखा है।जबकि उक्त भूमि गॉव का खेल मैदान हुआ करता था आज वह दोनों व्यक्तियो के अवैध कब्जा का भेंट चढ़ गया है जिससे ग्रामीणों ने हटाने की मांग जिला प्रशासन एवं मीडिया कर्मियों के सामने रखा है।अब आने वाले समय ही बताएगा कि अवैध कब्जा पर प्रशासन का बुलडोजर कब चलेगा यह भी देखने वाली बात होगी। इस मामले पर जनहितैषी संवेदनशील तहसीलदार निवेश कुरेटि ने कहा कि लिखित शिकायत मिलने पर जांच उपरांत निश्चित ही कार्रवाई होगी।

# जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने 24 से 26 अप्रैल तक घोषित किया शुष्क दिवस

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके मद्देजनर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने निर्वाचन कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षता पर्वूक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 24 से 26 अप्रैल तक की अवधि को शुष्क दिवस घोषित किया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले की देशी मदिरा दुकान छाती, नगरी, कम्पोजिट बठेना वार्ड, दानीटोला, धमतरी मेन, हटकेश्वर, नहरनाका, नवागांव वार्ड, सुन्दरगंज, आमदी, रावां, सोरम, भखारा, कुरूद, मगरलोड, नगरी, प्रीमियम शॉप बठेना चौक धमतरी, एफएल.3-हरियाली रेस्टोरेन्ट एवं बार गोकुलपुर वार्ड, रूद्री रोड धमतरी, होटल फेमिली ढाबा बार एण्ड रेस्टोरेंट, बस्तर रोड धमतरी, कुरूद रायपुर रोड, एफएल.4 (क) व्यवसायिक क्लब द रायले रिम्मिज सोशल क्लब रूद्री रोड, धमतरी, मद्य भाण्डागार धमतरी को सीलबंद कर दिया गया है।

# जिले में मतदाताओं को जागरूक करने लगातार किये जा रहे नवाचार

## मटके में स्वीप नारा, पीपल पत्ते में पेंटिंग प्रदर्शित कर किया जा रहा प्रेरित



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज शुक्रवार को मतदान होगा। इसके मद्देजनर जिले में मतदातओं को जागरूक करने नवाचार किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र धमतरी के ग्राम मुजगहन में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए लगे मटकों में मतदाता जागरूकता संबंधी नारा-स्लोगन लिखे गये। साथ ही यहां से गुजरने वाले राहगीर, आसपास काम करने वाले मजदूरों को मतदान दिवस को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा तथा शपथ भी दिलाई जा रही। इसके साथ ही जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड स्थित ग्राम मोदे के लीफआर्टिस्ट एवं युवा कवि ने पीपल के पत्तों पर ग्लोब, भारत के नक्शा पर उंगली के निशान, संसद भवन और हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख इसाई चारों धर्म के व्यक्तियों को दर्शाता पेंटिंग बनाकर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। इस अनोखी कलाकारी और मतदाताओं के जागरूकता के लिए की गई उनके हुनर की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशंसा भी की। गौरतलब है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान 26 अप्रैल को

## एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्रों द्वारा मतदाता कर सकेंगे मतदान

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है। कोई भी मतदाता, मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

# फाफाडीह प्राचीन दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर से निकली भव्य शोभा यात्रा

## हनुमान जन्मोत्सव महाभण्डारे पर हज़ारो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



फाफाडीह रमण मंदिर वार्ड स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव श्री दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर द्वारा आयोजित 16 वर्ष हनुमान जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। ईस वर्ष हनुमान जनमोत्सव मंगलवर पढ़ने की वजह से भक्तों में हनुमान जी के प्रति और भी अधिक भक्ति भाव देखा गया। मंदिर समिति संयोजक घनश्याम राजू तिवारी ने बताया की श्री हनुमान जन्म उत्सव के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें विशेष रूप दुर्ग से बुलवायी गयी भगवान श्री राम जी व श्रीराम भक्त हनुमान जी की मूर्ती रथ पर सवार झांकी ने अनेक लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया, भक्तिमय डी.जे. धुन पर नाचते झूमते हुए जय जय सियाराम के नारे लगाते महिला,पुरुष, युवा ने खूब आंनद उठाया, आस्था प्रकट की। मंदिर प्रांगण में पूजन हवन के पश्चात भंडारा रखा गया था, जिसमे हज़ारो लोगो ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया।संध्या 7:30 बजे सैकड़ो दिये से हनुमान जी की महाआरती की गयी एवं संगीतमय धुन में सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंदिर समिति संयोजक घनश्याम राजू तिवारी ने श्री हनुमान जन्मोत्सव 2024 के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम को सफल बनाने समिति सदस्यों एवं आयोजन में पधारे समस्त माताओं, भाई, बहनों, युवा भक्तो का आभार ज्ञापित किया है।

# ताबड़तोड़ कार्रवाई से बौखलाए रेत तस्करों ने मीडिया कर्मी को दी धमकी

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com





कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में रेत के अवैध खनन के मामले पेपर में लगातार आने के बाद कलेक्टर के एल चौहान, के निर्देश पर जिला खनिज अधिकारी कुंदन बंजारे के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक भूपेंद्र कुमार भक्त एक्शन मूड बरकरार रखते हुए तिल्दा में छापेमार कार्रवाई किये जंहा विगत कुछ दिनों में खनिज विभाग ने तिल्दा के रेत तस्कर मनोज कैवर्त के दोनों ट्रैक्टर पर 12 अप्रेल को कार्रवाई किये।जिससे मनोज कैवर्त एवं तिल्दा के उनके अन्य साथी तस्कर इतना आग बबूला हो गए हैं कि अब वह मीडिया कर्मियों पर अपनी भड़ास निकालते हुए मारने पीटने पर उतारू हो रहे हैं।आपको बताते चलें कि तिल्दा के अपराधिक छवि के पूर्व सरपंच भुलाउ राम डहरिया, जुआ एक्ट के आरोपी ईश्वर घृतलहरे, शराब के अवैध बिक्री में जेल की हवा खाने वाले खेदूराम निषाद, अपराधिक छवि के उपसरपंच प्रतिनिधि दीनबंधु घृतलहरे, सट्टा खिलवाने संदिग्ध गब्बर डहरिया सहित गांव के सरपंच डॉ सुरेश्वर पैकरा जो गांव में झोलाछाप डॉक्टर है। उक्त सभी लोगों ने मीडिया कर्मियों को तिल्दा के रेत खनन मामले को पेपर में प्रकाशित नहीं करने की धमकी चमकी सहित मीडिया कर्मियों को झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया।जिसकी शिकायत सभी मीडिया कर्मियों ने थाना लवन में शिकायत कर अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग किये हैं। गौरतलब हो कि आरोपियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया भी सुरक्षित नहीं है ,तिल्दा के रेत तस्कर एवं मीडिया कर्मियों को धमकाने वाले आरोपी रेत के अवैध खनन को बढ़ावा देने में इतने अंधे हो गए हैं कि रेत की अवैध खनन मामले को पेपर प्रकाशित होते देखकर आग बबूला हो रहे हैं, मीडिया कर्मियों को धमकी दे रहे हैं नहीं तो अंजाम भुगतने तैयार रहने की बात आरोपियों के द्वारा किये जा रहे हैं। ज्ञात हो कि आरोपी मनोज कैवर्त, ईश्वर घृतलहरे गॉव के सरकारी भूमि को अवैध कब्जा कर मकान बना लिया है जो पहले गांव के युवा एवं बच्चों का खेल मैदान हुआ करता था। आज के समय में बेजा कब्जा का भेंट चढ़ गया है। आरोपियों की करतूतों का सभी जगह निंदा, मीडिया जगत में आक्रोश पनप रहा है। मीडिया के सभी संगठनों ने आरोपियों की जल्दी गिरफ्तारी एवं जेल दाखिल करने की मांग पुलिस प्रशासन, छत्तीसगढ़ सरकार से किये हैं।इस मामले पर कर्तव्य निष्ठ थाना प्रभारी केसर पराग ने छत्तीसगढ़ न्यूज़ साईट को बताया कि मीडिया कर्मियों को तिल्दा के कुछ ग्रामीणों के द्वारा धमकाने की शिकायत मिली है। कार्रवाई शत-प्रतिशत होगी।

# सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने कुरूद विधानसभा के मतदान और सुविधा केन्द्रों का किया निरीक्षण





पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने बीते दिन कुरूद विधानसभा क्षेत्र के भाठागांव, बिरेझर, मरौद स्थित मतदान केन्द्र और तहसील कार्यलय में सुविधा केन्द्रों सहित जांच नाका का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, मतदाता गाईड बोर्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। प्रेक्षक अग्रवाल ने मतदान कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा सुविधा केन्द्र में कर रहे मतदान की जानकारी ली। साथ ही बिरेझर के जांच नाका में वाहनों के जांच का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर लाइजनिंग अधिकार सनत कुमार साहू, बी के महेंद्रसहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद पंचायत पाटन के ग्राम मर्रा में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

■ रंगोली, मेंहदी, चित्रकला, जागरूकता रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये नागरिकों को किया गया मतदान हेतु प्रेरित

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

## नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदान जागरूकता का संदेश






कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान को बढ़ावा देने जनपद पंचायत ग्राम पाटन के मर्रा में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में रंगोली, मेंहदी, चित्रकला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित किया गया। नागरिकों के विशाल समूह के द्वारा मानव श्रृंखला भी बनाई गई। नागरिकों द्वारा विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। पाटन का संकल्प महान करेंगे शत-प्रतिशत मतदान के नारे के साथ उपस्थित अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिकों ने मतदान की शपथ ली। कार्यक्रम की विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में चमेली निर्मलकर ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, वह आराधना महिला क्लस्टर संगठन ग्राम दरबार मोखली की सदस्य भी हैं। इसी प्रकार मेहंदी में तनु, मुस्कान और नूपुर ने पुरस्कार हासिल किया। पेंटिंग में दीक्षा ने और नुक्कड़ नाटक में गीतांजलि और ग्रुप, कुंती और ग्रुप, तथा मर्रा एग्रीकल्चर कॉलेज ग्रुप ने पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत पाटन मुकेश कोठारी, अतिरिक्त मुख्य कार्य अधि श्वेता यादव, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी सी एल भुआर्य जनपद पंचायत पाटन के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी गण, ग्राम मर्रा के नागरिक एवं अन्य पंचायतों से आए नागरिक उपस्थित थे।

# फार्मेसी के छात्र-छात्राओं के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी कुम्हारी में फार्मेसी के छात्र - छात्राओ के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में प्रिज्म मेडिकल्स द्वारा आयोजित की गई। प्लेसमेंट ड्राइव का प्रारंभ इंचार्ज प्राचार्य भूषण मुले के द्वारा प्रिज्म कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरज गौतम को बूके देकर किया गया। जिसमें छात्रों का चयन साक्षात्कार करके किया गया।

**ग्रुप डिस्कशन से हुआ साक्षात्कार-** फार्मेसी कॉलेज के 24 विद्यार्थी शामिल हुए, जिसमे 10 का ग्रुप बनाकर डायरेक्टर सौरज गौतम के द्वारा फार्मेसी की महत्ता को बताते हुए भविष्य के लिए सजग रूप से अपने करियर के प्रति अपनी रूचि को समझाते ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से छात्रों के इंटरेस्ट को समझा व सवाल जवाब करके अंतिम निष्कर्ष तक पंहुचे। विद्यार्थियों का चयन साक्षात्कार एवं शैक्षणिक पृष्ठभूमि के आधार पर किया गया।

**11 छात्रों का हुआ चयन** -प्लेसमेंट ड्राइव का उद्देश्य सभी युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके साथ ही जिन विद्यार्थियों ने पढाई पूरी कर ली है उनको रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी समय समय पर इस प्रकार के अवसर युवाओं हेतू उपल्बध करवाता रहा हैं। इसके माध्यम से 11 छात्रों का चयन हुआ। जिसमे बी. फार्मा के आशीष कुमार, केशरी देवांगन, अंजली सिंग, विकास निषाद, अमन कुमार बरनवाल, कमलनारायण, मुस्कान चौहान, योगिता चंद्राकर, चेतना साहू, देवाशीष व डी. फार्मा के खोमचंद का चयन किया गया। जिसके पश्चात् अतिथि सौरज गौतम को मोमेंटो देकर आभार व्यक्त किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में श्री रावतपुरा सरकार के वाईस चेयरमैन डॉ. जेके उपाध्याय, कैंपस डायरेक्टर प्रीति गुरनानी व प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर आस्था ने सफल छात्रों को बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।



# अवैध शराब का विक्रय करते आरोपी गिरफ्तार
## आरोपी के कब्जे से 90 पौवा शराब एवं चाकू बरामद



पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुये मादक पदार्थो की बिक्री करने वालों के विरूद्ध ठोस कार्यवाही कर, इस पर पूर्णतः अंकुश लगाये जाने हेतु जितेन्द्र कुमार शुक्ला पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देशन एवं सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग के मार्गदर्शन में अभियान चलाया जा रहा है, मुखबीर लगाये गये हैं, पतासाजी की जा रही है। इसी क्रम में 23.04.2024 को सूचना प्राप्त हुयी कि परसदा गांव, कुम्हारी का मोहन ठाकुर पिता स्व0 लतेलु ठाकुर उम्र 44 साल निवासी ग्राम परसदा वार्ड न0 16 द्वारा अवैध रूप से शराब रखकर ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ग्राम परसदा शीतला तालाब के पास, कुम्हारी में घेराबंदी कर आरोपी मोहन ठाकुर पिता स्व. लतेलु ठाकुर उम्र 44 साल निवासी ग्राम परसदा वार्ड न0 16 थाना कुम्हारी को पकड़ा गया, इसके कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में 90 पौवा शराब कीमती 10800 रूपये एवं चाकू जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत थाना कुम्हारी में कार्यवाही कर रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार से वार करने वाले 5 आरोपियों पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



प्रार्थी आदेश गोड पिता तव्कल गोड उम्र 45 साल निवासी रामनगर का लडका विक्की गोड तथा रिश्तेदार अब्बू नेताम बाजार चौक कुम्हारी मार्केट में सुलभ शौचालय नहाने एवं फ्रेश होने गये थे, जहां आरोपी पवन बेलदार, विट्टू बेलदार, अमन बेलदार, समीर बेलदार, और राजू बेलदार लोहे के पाईप एवं डण्डा से लैस होकर आये और पुरानी रंजीश की बात को लेकर प्रार्थी के बेटे व रिश्तेदार को गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देकर दौड़ाकर विक्की गोड को रामनगर पुराना सरकारी अस्पताल कुम्हारी के पीछे रोड पर गर्दन में धारदार हथियार से हत्या करने की नियत से मारपीट कर प्राण घातक चोंट पहुंचाये, पीड़ित को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कुम्हारी में अपराध कायम किया गया। घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुये जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक दुर्ग व्दारा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। अंति. पुलिस अधीक्षक दुर्ग सुखनंदन राठौर एवं हरीश पाटिल नगर पुलिस अधीक्षक छावनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुम्हारी एवं पुलिस स्टाफ द्वारा आरोपियों की पतासाजी कर 5 आरोपियों को पकड़ा, आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार जप्त कर, आरोपियों को रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

# अभ्यर्थियों के व्यय लेखन निरीक्षण के लिए तिथि निर्धारित
## 25 व 30 अप्रैल एवं 04 मई 2024 को

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में रिटर्निंग ऑफिसर दुर्ग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा अभ्यर्थियों के व्यय लेखों के निरीक्षण की तिथि नियत की गई है। प्रथम निरीक्षण 25 अप्रैल, द्वितीय निरीक्षण 30 अप्रैल तथा तृतीय निरीक्षण 04 मई 2024 को की जाएगी। अभ्यर्थी व्यय लेखन निरीक्षण हेतु स्वयं या एजेंट के माध्यम से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक इसमें प्रातः 10 से 11 बजे तक विजय बघेल भारतीय जनता पार्टी, डॉ. अंजू केमे एकम सनातन भारत दल, ए.एच सिद्दीकी निर्दलीय, पुष्पा मैरिसा आंबेटकराईट पार्टी ऑफइंडिया। प्रातः 11 से दोपहर 12 बजे तक अशोक जैन, बलदेव जैन निर्दलीय, राकेश साहू न्याय धर्मसभा। दोपहर 12 से अपरान्ह 1 बजे तक सुखदेव टंडन राष्ट्रीय जनसभा कांग्रेस पार्टी, श्याम सुन्दर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी, खिलानंद जसपाल निर्दलीय, भगबली सिवारे निर्दलीय। अपरान्ह 1 से 1.30 बजे तक अरूण जोशी निर्दलीय, भानुप्रताप चतुर्वेदी निर्दलीय, विकास शर्मा लोकशाही एकता पार्टी और ध्रुव कुमार सोनी उर्फ लंगूर सोनी निर्दलीय। इसी प्रकार द्वितीय पाली अपरान्ह 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक इसमें अपरान्ह 2.30 से 3.30 बजे तक राजेन्द्र साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस, दिलीप रामटेके बहुजन समाज पार्टी और यशवंत सीताराम साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी।

# भिलाई-चरौदा निगम कमिश्नर डी एस राजपूत ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में तैयारियों का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

नगर निगम, भिलाई-चरौदा कार्यालय में निगम कमिश्नर ने निगम अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान कमिश्नर ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में दायित्व प्राप्त अधिकारियों और कर्मचारियों से जानाकारी प्राप्त की है। बता दें कि जिला निर्वाचन विभाग द्वारा आगामी 07/05/2024 को होने वाले मतदान के विषय में आवश्यक मापदण्ड तय किये गये हैं। इन सभी कार्यो को तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाना है। मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी तथा साफ -सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश उपस्थित समस्त अधिकारी कर्मचारियों को प्रदान किये गये। जिससे लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मतदान दिवस पर मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। बैठक में कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन, सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता हेमंत साहू, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चन्द्राकर, उप अभियंता मुकेश रात्रे, मुकेश चन्द्राकर, विक्टर वर्मा, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सामान्य प्रेक्षक बालाजी राव ने किया पाटन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भ्रमण

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र निर्वाचन क्रमांक 07 दुर्ग के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक लथकर केश बालाजी राव ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन अंतर्गत कुम्हारी, कुकदा, पतोरा, सेलूद, ठकुराईन टोला, अखरा, डीडाभाठा (रानीतराई), जामगांव (आर) आदि ग्रामों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिसमें संगवारी मतदान केन्द्र, दिव्यांग मतदान केन्द्र तथा क्रिटिकल मतदान केन्द्र भी शामिल थे। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केन्द्रों हेतु आवश्यक व्यवस्थायें जैसे पेयजल, शेड आदि संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया। जहां एक से अधिक मतदान केन्द्र है, वहां मतदान कक्षों तक जाने मार्ग चिन्हित करने निर्देशित किया है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार पाटन, नगर पालिक अधिकारी कुम्हारी, सुपरवाईजर, बीएलओ एवं स्कूलों के प्रधानपाठक उपस्थित थे।

# जिला चिकित्सालय दुर्ग में रक्तदान शिविर का आयोजन, 202 यूनिट ब्लड एकत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. जे.पी. मेश्राम और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. ए.के. साहू के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय दुर्ग में रक्त की उपलब्धता बनाए रखने हेतु संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 24 अप्रैल 2024 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 202 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। रक्त केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल, प्रभारी अधिकारी नेहा नलवाया बाफना की उपस्थिति में डॉ. अविनाश, डॉ. योगिता गिलहरे, डॉ. दीपेश चंद्रौल, काउंसलर एंथोनी, गणेश, अभय, स्टाफ नर्स तरुणा रावत, वरिष्ठ लैब तकनीशियन रोशन सिंह, सुपरवाइजर रूपेश सप्रे, महेंद्र चंद्राकर, इंद्रजीत चंद्राकर, तीरथ यादव, सूरज, मेघा, अदिति, भूपेन्द्र, कौशल साहू, हिमांशु चंद्राकर, माला देशमुख, संस्था से सतपाल सिंह और जीवन दीप समिति से प्रशांत डोनगांवकर, दिलीप ठाकुर, सतीश चंद्र सुराणा आदि के विशेष सहयोग से कैंप का सफल सम्पादन किया गया।

## म्यार में गमछे में झूलती मिली युवक की लाश, मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का


**रायगढ़**। घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत छोटे गुमड़ा में युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या करने की खबर सामने आ रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत छोटे गुमड़ा इंदिरा आवास निवासी शिवकुमार गोतवाल पिता मदन गोतवाल उम्र लगभग 35 वर्षीय ने घर के कमरे में लगे म्यांर पर गमछे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। परिजनों के बताए अनुसार मृतक शिवकुमार रात को खाना खाने के बाद सभी अपने अपने कमरे में सोने चले है थे शिवकुमार भी अपने कमरे में सोने चला गया है सुबह देखे तो शिवकुमार का शव घर के कमरे में लगे म्यांर में गमछे से लटकी मिली। जिससे परिजनों को होंश फखते हो गए। मृतक का 1 पुत्र है पत्नी का अपने मायके में रहना बताया जा रहा है।

## अधिक मात्रा में नगदी, अवैध शराब और संदेहास्पद वस्तुओं की आवाजाही पर होगी कार्यवाही

# सभी तरह के वाहनों की करें सघन जांच: कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

■ उड़नदस्ता दल (एफएसटी) और स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) की बैठक में दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 दुर्ग जिला अंतर्गत गठित उड़नदस्ता दल(एफएसटी), स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) के दल प्रभारियों की बैठक आज व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी, पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने निगरानी दल में तैनात सभी अधिकारी को पूरे समय चौकन्ना रहकर मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने मार्ग से गुजरने वाली प्रत्येक वाहनों का अनिवार्य रूप से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में तैनात टीम को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए, जिससे कार्य करने एवं निर्णय लेने में आसानी होगी। इसमें लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वाहनों की जांच के दौरान जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए यह सुनिश्चित करें। उन्होंने जरूरत के मुताबिक ऐसे जगहों पर स्थैतिक निगरानी दलों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सु चौधरी ने कहा कि निगरानी दल के सभी सदस्य अपने जिम्मदारियों और दायित्वों को भलीभांति समझ लें। जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना हम सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी एसएसटी दल अपने निर्धारित चेकपोस्टों में तैनात रहेंगे और अपने क्षेत्र में भारी मात्रा में लाए जाने वाले नगदी, अवैध शराब, संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखेंगे। उन्होंने वहां से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अनावश्यक किसी भी व्यक्ति को परेशान नहीं किया जाए। साथ ही संदेहास्पद वस्तुओं की वीडियोग्राफी कराते हुए पारदर्शिता के साथ नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रत्येक चेकपोस्ट में स्थैतिक निगरानी दल की ड्यूटी लगाई गई है। ये सभी दल 24-7 घंटे शिफ्टवाईस कार्यस्थल में उपस्थित रहेंगे। कार्यस्थल पर दूसरे शिफ्ट का अधिकारी नही आ जाता, तब तक पहले शिफ्ट का अधिकारी अपना कार्यस्थल को नही छोड़ते हुए वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की सूचना मिलने पर तत्काल पूरी दल के साथ पहुंचकर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने को कहा। व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी ने कहा कि वाहनों के चेकिंग के दौरान वीडियोग्राफी कराते समय वाहन चालक का नाम, गाड़ी का नंबर, रजिस्टर में आवश्यक जानकारी की दिनांकवार एंट्री जरूर करें। सभी एफएसटी और एसएसटी टीम भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालान करें। सभी निगरानी दल अलर्ट होकर चेकपोस्टों से होकर गुजरने वाली प्रत्येक वाहनों की जांच अनिवार्य रूप से करें। निगरानी दल चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले व्यय जैसे सभा, जुलूस, रैली, रोड शो, आदि पर किए जाने वाले व्यय तथा शिकायतों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

# बिरहोरों के पीएम आवास पर सचिव का डाका

■ जनपद के उच्चाधिकारी की भूमिका को लेकर उठे सवाल, मामला धरमजयगढ़ के बलपेदा गांव का

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के धरमजयगढ़ विकासखंड से एक ऐसा मामला सामने आया है जहां पर ग्राम पंचायत के सचिव ने हितग्राहियों के खाते से राशि आहरण करा कर बैंक पासबुक समेत अपने पास रख लिया है। पुरा मामला जिले के जनपद पंचायत धरमजयगढ क्षेत्र के ग्राम पंचायत जबगा के बलपेदा गांव का है। जहां पर विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के लोगों को पीएम जनमन आवास योजना के तहत शासन ने स्वीकृति दी है,जिसके बाद पंचायत सचिव द्वारा घर बनवाने का ठेका ले लिया है। यहां के हितग्राहियों ने बताया कि वहीं पहली किस्त जनवरी 2024 में उनके बैंक खाते से सचिव द्वारा राशि आहरण करा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाता है, और वहीं इसी भरोसे से हितग्राहियों ने दुसरी किस्त भी निकाल कर सचिव को दे दिए। आगे उन्होंने कहा कि दुसरी किस्त राशि देने के बाद सचिव बैंक पासबुक समेत रख लिया और आज तक झांकने के लिए नहीं आता है, आगे उन्होंने बताया कि जब इसके संबंध में सचिव को कहा तो सचिव द्वारा धमकाया चमकाया जा रहा है और कहता है कि पैसा रहेगा तब तो बनेगा एक लाख रुपए दो फिर बनेगा। नहीं तो फिर तुम बिरहोर लोग भाड़ में जाओ कहते हुए,दवाब बनाता है।

## संपादकीय

# खराब मौसम बढ़ता तापमान

खराब मौसम व बढ़ते तापमान का अनुमान अनेक मौसम वैज्ञानिकों ने पहले ही लगाया था। वर्ष 2023 में घटी आत्यन्तिक मौसमी घटनाओं ने उनके इन अनुमानों की पुष्टि कर दी है। अब एक अध्ययन ने खराब मौसम व बढ़ते तापमान के बीच परेशान करने वाले संबंध उजागर किए हैं। अनेक मौसमी घटनायें जलवायु परिवर्तन से पैदा बढ़ते तापमान के कारण हैं। मौसम वैज्ञानिकों की एक टीम ने 2023 में दुनिया भर में आत्यन्तिक मौसम घटनाओं की अभूतपूर्व बारंबारता व तीव्रता का विश्लेषण किया। इनमें रिकार्डतोड़ गरम हवाओं के कारण जंगलों में लगने वाली विनाशकारी आग, बेलगाम बरसात के कारण बाढ़ व सूखा तथा शक्तिशाली ट्रापिकल तूफान शामिल हैं। इसका एक प्रमुख परिणाम आत्यन्तिक घटनाओं तथा मौसम वैज्ञानिकों के दीर्घकालीन परिणामों के बीच स्पष्ट संबंध के रूप में सामने आया है। 'ग्रीनहाउस गैस' उत्सर्जन लगातार बढ़ने से धरती की जलवायु पर भारी दबाव पड़ा है। लंबे समय से माना जाता था कि वातावरण में गरमी बढ़ने से ऐसी घटनाओं की बारंबारता व गंभीरता में तेजी आई है। अब मिले स्पष्ट प्रमाणों से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन संकट से फौरन निपटना जरूरी हो गया है। इन घटनाओं के प्रभाव पर्यावरणीय सरोकारों से बहुत आगे जाते हैं और इनमें सामाजिक-आर्थिक, मानवीय व भू-राजनीतिक आयाम शामिल हैं। संकटग्रस्त समुदायों को इनका सर्वाधिक खामियाजा भुगतना पड़ता है। इसके साथ ही आवश्यक ढांचागत संरचनाओं व सप्लाई श्रृंखलाओं में बाधा पड़ने से चुनौतियां बढ़ जाती हैं। इन खुलासों से जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए समग्र कार्रवाई जरूरी हो जाती है। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन घटाने के साथ ही टिकाऊ भूमि-प्रयोग व्यवहार शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन के अनिवार्य प्रभावों से बचने के लिए 'परिवर्तनकारी रणनीतियों' की भी आवश्यकता है।

इनमें से एक पहल मौसमविज्ञान एजेंसियों द्वारा किसानों को कृषि उत्पादकता पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए सटीक सलाहें जारी करना है। इस संबंध में भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी ने परिष्कृत पूर्वानुमान तकनीकों तथा एग्रोनोमिक विशेषज्ञों का प्रयोग कर सक्रिय कदम उठाए हैं। डेटा-आधारित जानकारियों तथा स्थानीय दृष्टिकोण के आधार पर इन सलाहों से किसानों को उपयुक्त रोपाई समय, सिंचाई प्रबंधन, कीट व रोग नियंत्रण तथा फसलों के चयन में बहुत सहायता मिलती है। आईएमडी की पहल वैज्ञानिक ज्ञान को व्यावहारिक समाधानों से जोड़ने में सहायक है जिससे जलवायु परिवर्तन की अनेक चुनौतियों से निपटा जा सकता है। किसानों को कार्य योग्य सूचना तथा उपकरणों से लैस कर ऐसी पहलों से न केवल खेती आर्थिक रूप से मजबूत बनती है, बल्कि यह टिकाऊ आजीविका व खाद्य सुरक्षा में योगदान भी करती है। जलवायु परिवर्तन की जटिलताओं तथा उसके दूरगामी प्रभावों से निपटने के लिए विभिन्न पक्षों के बीच सहयोग व खोज बहुत जरूरी हो जाती है। इनसे ज्यादा मजबूत व टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित हो सकता है। मौसम वैज्ञानिकों द्वारा अध्ययनों के आधार पर दी गई चेतावनियों पर ध्यान देकर तथा स्थानीय, राष्ट्रीय व वैश्विक स्तरों पर सक्रिय कदम उठा कर हम ऐसी दुनिया का निर्माण कर सकते हैं जहां जलवायु परिवर्तन के आत्यन्तिक प्रभावों का सामाना किया जा सके। इससे विभिन्न समुदायों व खासकर सर्वाधिक संकटग्रस्त समुदायों को प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहने के लिए सशक्त बनाया जा सकता है।

# ज्ञानवापी पर ऐतिहासिक संघर्ष

**ज्ञानवापी पर कानूनी दांवपेंच के बीच विवादित स्वामित्व, धार्मिक अपमान तथा इतिहास की पुरानी चोटों का गहन विमर्श उभरता है। इस्लामी शासनकाल में हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया गया था।**



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



वाराणसी स्थित ज्ञानवापी पर वर्तमान समय में जारी कानूनी दांवपेंचों के बीच इस स्थल के विवादित स्वामित्व, हिंदुओं के धार्मिक स्थलों के अपवित्रीकरण व अपमान तथा हिंदू समाज पर इतिहास की पुरानी चोटों का गहन विमर्श उभरता दिख रहा है। पिछले कई महीनों से वाराणसी की अदालत से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक ज्ञानवापी में पूजा के अधिकार को लेकर चल रही कानूनी लड़ाइयां एक नैतिक दिलचस्पी का विषय भी हैं। दोनों पक्षों के वकीलों द्वारा अदालतों में पेश अनेक दस्तावेजों का तुलनात्मक अध्ययन हो रहा है। वकीलों के साथ ही आम लोगों को भी पता है कि जहां एक पक्ष 'तहखाने' में अपने मुवक्किलों के पूजा करने के अधिकार के लिए संघर्ष कर रहा है, वहीं दूसरा पक्ष पहले पक्ष के स्वामित्व के अधिकार पर ही सवाल उठा रहा है। हालांकि, अनेक न्यायाधीशों, नेताओं तथा मुवक्किलों को भी यह तथ्य सपष्ट नहीं है कि कोई भी पक्ष 'डकैती' से प्राप्त संपत्ति पर अपने अधिकार का दावा नहीं कर सकता है क्योंकि यह एक प्रकार की लूट है, भले ही इसे चाहे जिस रूप में पेश किया जाए।

स्पष्ट है कि इस स्थल पर 17वीं शताब्दी तक किसी मस्जिद का अस्तित्व नहीं था। इतिहासकारों के अनुसार, मुगल बादशाह औरंगजेब ने एक 'फरमान' या शाही आदेश से काशी विश्वनाथ मंदिर नष्ट करवाया था। लेकिन इस आदेश के बावजूद पुराने मंदिर का का पश्चिमी हिस्सा बचा रहा। इस पश्चिमी हिस्से में आज भी इस बात के प्रमाण स्पष्ट रूप से नंगी आंखों से दिखाई देते हैं कि यहां मूलतः एक मंदिर था और उसकी महराबें अब भी अस्तित्व में हैं। यहां देवी-देवताओं की मूर्तियों के साथ ही अनेकानेक हिंदू धार्मिक व सांस्कृतिक प्रतीकों का अस्तित्व अब भी बना हुआ है। मुगल बादशाह के कट्टर अनुयाइयों को इस तथ्य से कोई परेशानी नहीं होती है कि भगवान काशी विश्वनाथ के अनेक भक्तों को 17वीं शताब्दी के मध्य से ही एक छोटे मंदिर तक सीमित कर दिया क्योंकि उनकी पूजा के लिए कोई और स्थान नहीं था। विडंबना है कि यह स्थिति देश की स्वतंत्रता के बाद भी बनी रही। इस प्रकार तीन शताब्दी से अधिक समय से एक अवैध ढांचा काशी विश्वनाथ मंदिर के मूल स्थान पर बना हुआ है जो आज भी औरंगजेब की 'कट्टरपंथी विचारधारा' के अनुयाइयों का स्वागत करता प्रतीत होता है। इस मामले में संबंधित न्यायाधीशों को जल्द ही न्यायिक प्रक्रिया अवश्य शुरू करनी चाहिए। इस मामले की सुनवाई करते समय इस तथ्य पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए कि भगवान काशी विश्वनाथ के मंदिर को नष्ट कर उसे अपवित्र किया गया। इस प्रकार यह मामला दो समान पक्षों के बीच विवाद का नहीं है।

इस पूजास्थल पर 'एडवर्स पजेशन' कानून या कब्जे के अधिकार का मामला नहीं लागू होता है। हिंदू धर्मावलंबियों ने कभी काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट कर उसके स्थान पर मस्जिद बनाने को स्वीकार नहीं किया, उसे चुनौती दी और साथ ही साथ वे सैकड़ों सालों से इस अवैध कब्जे व मंदिर नष्ट करने के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। एक अंग्रेज अधिकारी रेवरेंड मैथ्यू एटमोर शेरिंग ने लिखा था, 'यूरोपियनों को स्पष्ट रूप से समझना चाहिए कि इस्लामवाद या मुहम्मदवाद की यह धारणा अपरिवर्तनीय है। यदि किसी गलती या दुर्योग से भारत एक बार फिर इस्लामवादियों या मुसलमानों के कब्जे में आता है तो सभी चर्चों, कालेजों तथा मिशन संस्थानों को बहुत सस्ते में खरीद लिया जाएगा।' हालांकि, मुसलमानों ने ब्रिटिश भारत में ईसाइयों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया था, पर एटमोर वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर को गिराने व उसे अपवित्र करने की गुंडागर्दी से इतना आहत थे कि उनको ये कड़े शब्द लिखने पड़े।

रेवरेंड शेरिंग लंदन मिशनरी सोसाइटी के पक्के अनुयाई तथा संभवतः एक सीमा तक कट्टरपंथी धर्म-प्रचारक थे। वे मूर्ति पूजा के कट्टर विरोधी भी थे। लेकिन इसके बावजूद वे इस तथ्य से बहुत आहत थे कि 1658-1707 के बीच मुगल बादशाह औरंगजेब के शासनकाल में वाराणसी के बीस मंदिरों को गिरा दिया गया था। औरंगजेब के शासनकाल में लगभग पूरे उत्तर भारत में इसी प्रकार बड़े पैमाने पर मंदिरों को ध्वस्त किया गया था अथवा उनके स्थान पर मस्जिदें खड़ी कर दी गई थीं। उन्होंने ऐसे नष्ट किए मंदिरों की संख्या हजारों में बताई है जिनको पूरी बेशर्मी के साथ ताकत के बल पर मस्जिदों, मकबरों, दरगाहों या मुसलमानों के लिए ऐशगाहों में बदल दिया गया था। रेवरेंड के दृष्टिकोण से यदि हिंदू 'मुस्लिम शासनकाल' के बारे में कुछ याद करेंगे तो उनको किसी अन्य चीज की तुलना में मुसलमानों की यह 'दंभी गौरव' की भावना, हिंदू धार्मिक स्थलों के प्रति उनका लगातार जारी गुस्सा तथा हिंदू मंदिरों और पवित्र स्थलों का व्यापक विनाश याद आएगा। उन्होंने लिखा था, 'जब हमने यह पता लगाने का प्रयास किया कि मुसलमानों ने बनारस में हिंदुओं की प्राचीन इमारतों के साथ क्या किया तो हम अपनी जांच के नतीजों से आश्चर्यचकित हो गए। हालांकि, आज भी शहर में अनेक मंदिर हैं, पर उनमें से अनेक प्राचीन नहीं हैं।' रेवरेंड शेरिंग ने अपनी खोजों से यह नतीजा निकाला कि दक्षिण भारत को छोड़ कर बाकी भारत में लगभग सभी मंदिर नष्ट कर दिए गए थे। उनके अनुसार, यह इस्लामी शासन की क्रूरता का एक और प्रमाण है।

यह स्पष्ट है कि मुगल बादशाहों ने हिंदुओं द्वारा विशाल मंदिर बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया था और उनको केवल छोटे 'पिंजड़े' जैसे आकार के मंदिर बनाने पर मजबूर किया था, जहां बिना किसी सौंदर्यमूलक मानकों के केवल मूर्तियां रखी जा सकती थीं। इसके परिणामस्वरूप आज भी अनेक हिन्दू दो शताब्दी पहले हुए अपने पूर्वजों की अंधी नकल करते हुए आमतौर से अपने छोटे-छोटे धार्मिक स्थल बनाते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि हिन्दुओं को इस्लामी शासनकाल में कितने भयानक आघात का सामना करना पड़ा था और इस्लाम के प्रभाव से हिंदुओं की सोच पर कितना भयानक नकारात्मक प्रभाव पड़ा था।

शेरिंग ने लिखा है कि जहां मुसलमानों के दिल में मक्का तथा ईसाइयों के दिल में येरूशलेम जाने की इच्छा होती है, वहीं हिंदू आमतौर से बनारस जाने की इच्छा रखते हैं। यदि हिंदू पहले अपने किसी शहर को पवित्रतम में पवित्र मानते थे तो वह बनारस था। औरंगजेब ने बनारस का नाम बदल कर 'मुहम्मदाबाद' करने का प्रयास किया था। औरंगजेब ने 17वीं शताब्दी में सभी देवताओं के देवता माने जाने वाले विश्वेश्वर मंदिर को व्यवस्थित रूप से नष्ट करवा दिया था। औरंगजेब द्वारा मंदिर अपवित्र व नष्ट किए जाने के काफी समय बाद नए मंदिर का निर्माण रानी अहिल्याबाई होल्कर ने कराया था।

जैसा कि पहले बताया जा चुका है, मुस्लिम शासनकाल में बनारस में बने सारे मंदिर बहुत छोटे-छोटे थे। इससे स्पष्ट होता है कि मंदिरों को नष्ट करने की भावना केवल मूर्ति पूजा से घृणा या उनको लूटने की भावना से ही नहीं थी। मुस्लिम शासक हिंदुओं को अपमानित करना चाहते थे और इसी लिए उनको विशाल मंदिर बनाने पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। यदि ऐसा न होता तो इस तथ्य को कैसे समझा जा सकता है कि औरंगजेब द्वारा बनवाई मस्जिद काशी विश्वनाथ मंदिर को नष्ट कर ज्ञानवापी या 'ज्ञान के भंडार' से सटा कर बनाई जाती? रेवरेंड शेरिंग ने मध्यकालीन भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण स्रोत अल बैरूनी का संदर्भ भी दिया है।

अल बैरूनी महमूद गजनी के साथ भारत आए थे। हालांकि, शेरिंग ने अल बैरूनी के कथनों पर संदेह व्यक्त किया है, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने यह उल्लेख किया है कि महमूद गजनी भारत पर अपने नवें हमले के दौरान बनारस तक पहुंच गया था। 1194 में शहाबुद्दीन मुहम्मद गोरी कन्नौज के राजा जयचंद को पराजित कर बनारस तक पहुंच गया था जहां उसने एक हजार हिंदू मंदिरों को ध्वस्त कर दिया था। इस प्रकार ज्ञानवापी पर जारी वर्तमान कानूनी लड़ाई से यह तथ्य फिर उजागर होता है कि इस्लामी शासनकाल के दौरान दक्षिण भारत को छोड़ कर बाकी भारत में हजारों मंदिरों को नष्ट किया गया तथा हिंदुओं द्वारा विशाल मंदिर बनाने पर प्रतिबंध भी लगाया गया।

# जलियांवाला बाग कांड से आया था बड़ा बदलाव

**सुखदेव सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)



जलियांवाला बाग नरसंहार या अमृतसर नरसंहार, मूल आबादी की एक शांतिपूर्ण सामाजिक-राजनीतिक सभा ने 13 अप्रैल 1919 को तत्कालीन ब्रिटिश सरकार द्वारा एक हिंसक प्रशासनिक प्रतिक्रिया से निपटने के लिए 1650 गोलियों से 1000 से अधिक बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की हत्या कर दी, जिसकी कड़ी आलोचना हुई और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को विदेशी शासन से पूर्ण स्वतंत्रता के लिए एक स्पष्ट दिशा दी। इस घटना ने स्वतंत्रता आंदोलन के धर्मनिरपेक्ष और सर्व-समावेशी चरित्र को रेखांकित किया। जबकि भारत के अन्य हिस्सों में, धार्मिक संघर्ष थे, अमृतसर में हिंदुओं, मुसलमानों और सिखों ने संवाद करने के लिए अपने धार्मिक दिन (01 अप्रैल को ईद-उल-फितर, 08 अप्रैल को राम नौमी और 13 अप्रैल को बैसाखी) एक साथ मनाने का फैसला किया था। विदेशी शासन के विरुद्ध एकजुट होकर स्वतंत्रता संग्राम का संदेश। स्थानीय आख्यानों के अनुसार, दो स्थानीय नेताओं डॉ. सैफुद्दीन किचलू और डॉ. सत्यपाल की गिरफ्तारी और किसी अज्ञात स्थान पर निर्वासन के खिलाफ प्रदर्शन करते समय पुलिस द्वारा मारे गए हिंदुओं सहित उन लोगों के शव खैरुद्दीन मस्जिद में रखे गए थे। उनके अंतिम संस्कार से पहले. इससे पहले 9 अप्रैल, 1919 को रामनवमी के अवसर पर हिंदू, सिख और मुस्लिम एक ही गिलास में पानी पीते थे। इन घटनाओं से ब्रिटिश शासकों में भय व्याप्त हो गया।




13 अप्रैल, 1919 को जो कुछ हुआ उसकी पृष्ठभूमि में विश्व युद्ध के बाद की मुद्रास्फीति, भारी करों और ब्रिटिश भारत सरकार की अन्य दमनकारी नीतियों के कारण लोगों में बढ़ती अशांति थी। 1914 और 1917 के बीच विश्व युद्ध के दौरान, हालांकि ब्रिटिश सेनाओं को ब्रिटिश-भारत सरकार और रियासतों का समर्थन प्राप्त था, पंजाब के गधरियों ने 1857 की तर्ज पर फरवरी 1915 में ब्रिटिश भारतीय सेना में सेवारत भारतीय सैनिकों द्वारा विद्रोह की योजना बनाई थी। विद्रोह, औपनिवेशिक सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध जो कमजोर योजना के कारण सफल नहीं हो सका। फिर भी, विशेष रूप से पंजाब और बंगाल में और सामान्य तौर पर भारत में एक मजबूत और औपनिवेशिक-सरकारी माहौल को देखते हुए, पंजाब के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल ओ डायर की प्रबल वकालत पर, ब्रिटिश भारत सरकार ने डिफेंस ऑफ भारत अधिनियम 1915 नागरिक और राजनीतिक स्वतंत्रता को कम करता है। 1918 में, रूसी बोल्शेविकों के समर्थन से विद्रोह का संदेह करते हुए, सरकार ने भारत में, विशेषकर पंजाब और बंगाल में उग्रवादी आंदोलन के साथ जर्मन और बोल्शेविक संबंधों का आकलन करने के लिए सिडनी रोलेट की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की। समिति की सिफारिश पर, 21 मार्च 1919 को अराजक और क्रांतिकारी अपराध अधिनियम 1919 पारित किया गया, जिसे आम तौर पर रोलेट एक्ट कहा जाता है, नागरिक स्वतंत्रता को और सीमित कर दिया गया और सरकार को विशेष शक्तियां प्रदान की गईं, जिससे कथित राजनीतिक आंदोलनकारियों को बिना मुकदमे के 2 साल तक हिरासत में रखा जा सके। . भारत के संसाधनों के बदले में युद्ध के बाद के राजनीतिक सुधारों के अपने वादे को तोड़ते हुए सरकार ने इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल के भारतीय सदस्यों के विरोध को नजरअंदाज करते हुए जल्दबाजी में अधिनियम पारित कर दिया, जिन्होंने विरोध में इस्तीफा दे दिया। मुहम्मद अली जिन्ना ने वायसराय को लिखा- इसलिए, विधेयक के पारित होने और जिस तरीके से इसे पारित किया गया, उसके विरोध में मैं अपना इस्तीफा दे रहा हूं... जो सरकार शांति के समय में ऐसा कानून पारित करती है या उस पर प्रतिबंध लगाती है, उसे अपनी संपत्ति जब्त करनी पड़ती है। इसका दावा सभ्य सरकार कहलाने का है। विश्वासघात के रूप में देखे गए इस अधिनियम ने भारतीय नेताओं और नागरिकों को क्रोधित कर दिया। महात्मा गांधी ने हड़तालों (हड़तालों), आर्थिक बहिष्कार और असहयोग में शांतिपूर्ण भागीदारी का आग्रह करते हुए रौलेट एक्ट के खिलाफ सत्याग्रह का आह्वान किया। रेवलेट एक्ट विरोधी भावना पूरे देश में, विशेषकर पंजाब में इतनी प्रबल थी कि 6 अप्रैल को सत्याग्रह के आह्वान के जवाब में व्यावहारिक रूप से पूरा लाहौर सड़कों पर था। 9 अप्रैल की घटनाओं और 10 अप्रैल, 1919 को स्थानीय नेताओं डॉ. सैफुद्दीन किचलू और डॉ. सत्यपाल की हिरासत के बाद, डॉ. सत्यपाल और डॉ. किचलू की रिहाई की मांग करने के लिए एक बड़ी भीड़ एकत्र हुई। विरोध प्रदर्शन में 20-25 भारतीय और चार अंग्रेज़ मारे गये जबकि अन्य घायल हो गये। अमृतसर में माहौल इतना तनावपूर्ण था कि 11 अप्रैल को कूचा कुरिचन में गुस्साई भीड़ ने एक बुजुर्ग अंग्रेजी मिशनरी मार्सेला शेरवुड पर हमला कर दिया। हालाँकि उसी गली के कुछ निवासियों ने उसे बचा लिया, लेकिन हमले से क्रोधित होकर ब्रिगेडियर जनरल आर.ई.एच. डायर ने सज़ा के तौर पर सड़क से गुजरने वाले हर भारतीय को अपने हाथों और घुटनों के बल रेंगने का आदेश दिया। उन्होंने स्थानीय लोगों की अंधाधुंध सार्वजनिक पिटाई को भी अधिकृत किया। स्वतंत्रता आंदोलन के स्थानीय नेताओं ने 12 अप्रैल को हिंदू कॉलेज में हुई एक बैठक में 13 अप्रैल को बैसाखी के दिन 6-7 एकड़ खाली भूमि पर फैले जलियां वाला बाग में एक शांतिपूर्ण सार्वजनिक विरोध सभा की योजना बनाई।

13 अप्रैल तक पंजाब के अधिकांश हिस्सों में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया। नागरिक स्वतंत्रताओं में कटौती कर दी गई और चार से अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। सार्वजनिक बैठकों और समारोहों पर प्रतिबंध लगाने के आदेशों को व्यापक रूप से और ठीक से संप्रेषित नहीं किया जा रहा था। बैसाखी मनाने के बाद कई लोग बाग में आराम कर रहे थे, डॉ. सत्यपाल और डॉ. सैफुद्दीन किचलू की गिरफ्तारी और निर्वासन के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध में शामिल होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। बाकी जैसा कि वे कहते हैं इतिहास है।

## आप की बात

### आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

### मोइज्जू की जीत

**मालदीव** में भारत-विरोधी और चीन समर्थक मोईज्जू की जीत में का मतलब यह है कि मालदीव की जनता को मोईज्जू की भारत विरोधी कट्टरता और चीनी खैरातों का ललीपॉप रास आ गया है। ऐसा लगता है कि जनता के बड़े हिस्से ने मोईज्जू को जिता कर चीन की गोद में बैठने का फैसला कर लिया है। इसका अर्थ यह भी है कि चीन ने पाकिस्तान व श्रीलंका की तरह एक छोटे देश को अपने जाल में फंसा कर भारत के लिए परेशानी खड़ी करने का इंतजाम कर लिया है। भारत को मालदीव में परिवर्तन पर गौर करते हुए वहां भारत-समर्थक शक्तियों से संबंध मजबूत करने के साथ ही भारत-विरोधी राजनेताओं पर नजर रखनी होगी। आने वाले समय में यह भी देखना होगा कि क्या चीन भारत-मालदीव आर्थिक संबंधों व खासकर भारतीयों द्वारा मालदीव पर्यटन का बहिष्कार की भरपाई करने में सक्षम होगा? चीन में आम जनता को तुलनात्मक रूप से आर्थिक कष्टों का सामना करना पड़ रहा है। चीन इससे जनता क ध्यान हटाने के लिए विस्तारवादी व सैन्यवादी नीतियां अपना रहा है। भारत सरकार, विदेश मंत्रालय तथा भारतीय राजनयिकों को मालदीव की वर्तमान स्थितियों पर नजर रखते हुए द्विपक्षीय संबंधों को यथासंभव ज्यादा बिगड़ने से रोकने तथा बेहतर बनाए रखने के प्रयास करने होंगे।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### जम्मू कश्मीर में प्रगति

**जम्मू-कश्मीर** तेजी से प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। एक समय अलगाववादियों की शह पर आतंकी हमले, पत्थरबाजी, बंद आदि के कारण यहां अराजकता थी, पर आज युवा कश्मीरी सिविल सेवा परिक्षा में परचम लहरा रहे हैं। 2019 से 2023 के बीच कश्मीर के 61 प्रतिभावान युवकों ने सिविल सेवा परिक्षा में सफलता हासिल की। यह अनुच्छेद 370 हटने के बाद संभव हुआ है। इससे स्पष्ट है कि अब आम कश्मीरी युवा तनाव रहित होकर अपने कॅरियर पर ध्यान दे रहा हे। यह इस राज्य में बदलते माहौल का सूचक तथा इस बात का संकेत है कि कश्मीर देश की मुख्य धारा में शामिल होकर सारे देश के साथ प्रगति की कदमताल मिलाने को तैयार है। केंद्र सरकार के साथ ही राज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व में राज्य सरकार चहुंमुखी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। यहां बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा संस्थान खुल रहे हैं तथा सड़क, पुल, अस्पताल एवं रेल नेटवर्क का भी विस्तार हो रहा है। वंचित समुदाय को भी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ मिल रहे हैं। राज्य में कुछ महीने में विधानसभा चुनावों की उम्मीद है। ऐसे में नौजवानों को सतर्क रह कर उन ताकतों को हर हाल में सत्ता में आने से रोकना होगा जिन्होंने धरती के स्वर्ग को नर्क बना दिया था।

– **विमलेश पगारिया,** बदनावर

### दु:खद दुर्घटनायें


**देश** में कहीं खुले मेनहोल तो कहीं खुले बोरवेल अथवा बिना मुंडेर के कुँओं में गिरने से बच्चे ही नहीं बरसात में तो बड़े भी गिरते हैं और उनकी दुखद मौत भी होती है। अखबार और टीवी चैनलों द्वारा शासन-प्रशासन और आम लोगों को सचेत करने के प्रयास भी किये जाते हैं। लेकिन इसके बावजूद देश में दुःखद दुर्घटनायें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। दरअसल खुले मेनहोल या खुले बोरवेल अथवा बिना मुंडेर के कुंओं को बंद करवाने या उचित सुरक्षा व्यवस्था करवाने की पूरी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम की होती है किन्तु आश्चर्य की बात है कि आखिर ये खुले क्यों रह जाते हैं? क्या इसके लिए भी प्रदेश सरकार या केंद्र सरकार को सख्त कानून बनवाने और अमल करवाने पड़ेंगे? आखिर कब तक ऐसी घटनाएं होती रहेंगी जिनको से थोड़ी जिम्मेदारी निभा कर रोका जा सकता है? ऐसी घटना होने पर सरकारी अमला हरकत में आता है और यथासंभव पीड़ित को बचाने के प्रयास में जुट जाता है और अक्सर वी सफल भी हो जाता है। स्थानीय प्रशासन तथा आम नागरिकों की सतर्कता से ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है। सभी लोगों को खासकर यह समझने की जरूरत है कि उनका व उनके बच्चों का जीवन अमूल्य है।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

# भीषण गर्मी के बीच लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदाता डालेंगे अपनी आहुति

## 70 नक्सल संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों में एक और हॉफ सेक्शन बल की तैनाती

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com



दूसरे चरण में लोकसभा चुनाव के तहत जिले में आज 26 अप्रैल को मतदान संपन्न होगा। भीषण गर्मी के बीच लोकतंत्र के इस महायज्ञ में मतदाता अपनी आहुति डालेंगे। कांकेर लोकसभा अंतर्गत बालोद जिले के तीनो विधानसभा के 6 लाख 89 हजार से अधिक मतदाता आज 40 डिग्री से अधिक तापमान के बीच अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इसके लिए गुरुवार की सुबह 7 बजे से जिले के 814 मतदान केंद्रों के लिए मतदान सामग्रियों का वितरण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने लाइवलीहुड कालेज परिसर पाकुरभाट से मतदान दलों को रवाना किया। जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक इस अवसर पर मौजूद थे। 40 डिग्री तापमान के बीच मतदान दल कड़ी सुरक्षा में चुनाव सामग्रियों को लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। मतदान दल दोपहर और देर शाम तक मतदान केंद्रों में सुरक्षित पहुचे। 70 नक्सल संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल हॉफ सेक्शन की तैनाती की जाएगी। भारत निर्वाचन के निर्देशानुसार इस बार मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए पीने का शुद्ध पेयजल, छांव, बैठने की व्यवस्था की गई हैं। बता दे की जिला निर्वाचन द्वारा तीनों विधानसभा के लिए तीन अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे, जहां से मतदान दलों को निर्वाचन सामग्रियों का वितरण किया गया। प्रत्येक विधानसभा के लिए 12 हेल्पडेस्क बनाये गए हैं।

### नक्सल अति संवेदनशील मतदान केंद्र

प्राथमिक शाला भवन हितापठार, प्राथमिक शाला पिड़ियाल, प्राथमिक शाला लमती, प्राथमिक शाला तुमड़ीकसा, प्राथमिक शाला भवन नलकसा कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन कुमुड़कट्टा हॉल क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन ईमलीपारा कक्ष क्रमांक 02, प्राथमिक शाला भवन कोपेडेरा हॉल क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन पुतरवाही कक्ष क्रमांक 01, शा. माध्यमिक शाला घोटिया कक्ष क्रमांक 03, प्राथमिक शाला भवन घोटिया कक्ष क्रमांक 02, प्राथमिक शाला भवन मरकाटोला कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन मरकाटोला कक्ष क्रमांक 02, प्राथमिक शाला भवन ब्रह्मणी कक्ष क्रमांक 02, प्राथमिक शाला भवन ढोरींठेमा कक्ष क्रमांक 06, प्राथमिक शाला भवन लिमउडीह कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन मगरदाह कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन काकड़कसा कक्ष क्रमांक 11, प्राथमिक शाला भवन मंगलतराई कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन आमाडुला कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन आमाडुला कक्ष क्रमांक 02, प्राथमिक शाला भवन मथेना कक्ष क्रमांक 03, प्राथमिक शाला भवन चिहरो कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन खुर्सीटिकुर कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन बेलोदा कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन बेलोदा कक्ष क्रमांक 02, प्राथमिक शाला भवन डूटामारदी, पूर्व माध्यमिक शाला भवन पीपरखार, प्राथमिक शाला भवन ककरेल कक्ष क्रमांक 04, शा.बा. प्राथमिक शाला भवन बिटाल कक्ष क्रमांक 03, प्राथमिक शाला भवन जाबुडवाही कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन रजही कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन धोबेदंड हॉल क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन धोबेदंड हॉल क्रमांक 02, शा. पूर्व माध्यमिक शाला भवन कोंडेकसा कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन झीकाटोला, प्राथमिक शाला भवन खड़बत्तर, प्राथमिक शाला भवन हितेकसा, प्राथमिक शाला भवन नारागांव, शा. माध्यमिक शाला नारागांव, प्राथमिक शाला भवन नारागांव, प्राथमिक शाला भवन बड़भूम, प्राथमिक शाला भवन पेटेचुवा उर्फ कंकालीन, प्राथमिक शाला भवन मड़वापथरा (मालगांव), शा. पूर्व माध्यमिक शाला भवन मुल्लेगुड़ा कक्ष क्रमांक 01, शा. पूर्व माध्यमिक शाला भवन हर्राठेमा कक्ष क्रमांक 01, एवं प्राथमिक शाला भवन गोड़पाल कक्ष क्रमांक 01

### नक्सल संवेदनशील मतदान केंद्र

प्राथमिक शाला भवन मलकुंवर कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन आडेझर कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन कोटागांव कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला कोटागांव कक्ष क्रमांक 02, प्राथमिक शाला भवन ओड़गांव कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन मड़ियाकट्टा कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन पचेड़ा कक्ष क्रमांक 03, प्राथमिक शाला भवन साल्हे कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन बेलरगोंदी उर्फ सल्हाईटोला कक्ष क्रमांक 05, प्राथमिक शाला भवन बेलरगोंदी कक्ष क्रमांक 02, प्राथमिक शाला भवन कुंजकन्हार कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन भर्रीटोला कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन मरकाटोला उर्फ सुरडोंगर कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन कुआगोंदी कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन कुआगोंदी कक्ष क्रमांक 02, प्राथमिक शाला भवन काड़े कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन पुसावड कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन नर्रालगुड़ा कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन सिंघोला कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन भर्रीटोला कक्ष क्रमांक 01, प्राथमिक शाला भवन करेंझर, प्राथमिक शाला भवन कोचवाही, प्राथमिक शाला भवन पोड़ एवं प्राथमिक शाला भवन धानापुरी।

# एक और बाल विवाह को प्रशासन ने रुकवाया



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा के आदेशानुसार जिले में बाल विवाह मुक्त करने हेतु संयुक्त टीम जिले में लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में 23 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को चाइल्ड हेल्पलाईन न. 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग को विकासखण्ड बेरला के ग्राम-आनंदगाव, तहसील-बेरला की एक बालिका का बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हुई थी, जानकारी के आधार पर चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सी.पी. शर्मा महिला एवं बाल विकास अधिकारी के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव एवं बेरला परियोजना अधिकारी विद्यानंद बोरकर के मार्गदर्शन में बाल विवाह के रोकथाम हेतु कार्यवाही की गयी। उक्त ग्राम के पात्रे परिवार के एक बालिका का बाल विवाह होने जा रहा था। बाल विवाह किये जाने की सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह रोकवाया गया। शिकायत प्राप्त होने पर आनंदगांव में पात्रे परिवार में बाल विवाह रुकवाया गया। उक्त बालिका से कुसमी (बहेरा) निवासी एक 28 वर्षीय युवक से विवाह होने जा रहा था। सूचना के पश्चात टीम द्वारा बालिका एवं वर युवक के परिवार जनों के समक्ष कार्यवाही किया गया। बालिका एवं वर युवक के परिजनों के द्वारा निर्धारित आयु पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की गई तथा विवाह स्थगित करने की बात कही गई, युवक के परिजनों के कथन अनुसार हमें यह ज्ञात नहीं था कि वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है। टीम द्वारा समझाईस दिये जाने पर वर पक्ष द्वारा उक्त बालक का विवाह वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत विवाह किये जाने की शपथ पूर्वक कथन किया गया। संयुक्त टीम द्वारा उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि निर्धारित आयु पूर्ण होने के पूर्व विवाह करवाना अपराध है, जो भी व्यक्ति यथाः बाल विवाह कराने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे-संबंधी, बाराती, विवाह कराने वाले पुरोहित, बैंड बाजा, हलवाई एवं टैट वालों पर मी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

# कबीरधाम जिले के 402 मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग के माध्यम से होगी निर्वाचन की हर गतिविधियों की मॉनिटरिंग

## कलेक्टर जनमेजय महोबे ने वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग कक्ष से मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा पंडरिया और कवर्धा के मतदान केन्द्रों मे वेबकास्टिंग के माध्यम से निर्वाचन की हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। जिले के 402 मतदान केन्द्र के अंदर और बाहर सीसी टीवी कैमरा लगाया गया है, जिसके माध्यम से मतदान केन्द्र के अंदर और बाहर हो रहे कार्यो की मॉनिटरिंग होगी। इसके लिए कृषि उपज मंडी में वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग कक्ष से मतदान केन्द्रों के स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रवार वहां किए गए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में कुल मतदान केन्द्रों के 50 प्रतिशत 402 मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग की जा रही है। विधानसभा 71 पंडरिया में 197 एवं 72 कवर्धा में 205 मतदान केन्द्र वेब कांस्टिग किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के 82 और ग्रामीण क्षेत्र के 320 मतदान केन्द्र में वेब कांस्टिग हो रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले में 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। मतदान दिवस से पहले 23 अप्रैल को 10 प्रतिशत 41 मतदान केन्द्र में परीक्षण किया गया। इसके बाद 24 अप्रैल से सभी मतदान केन्द्रों में वेब कांस्टिग प्रारंभ हो गया है। वेब कांस्टिग के निगरानी के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित की गई है, इसके साथ ही निर्वाचन आयोग से भी वेब कांस्टिग के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। जिले के चयनित प्रत्येक मतदान केंद्र में 2-2 कैमरे लगाए गए है, जिसमें एक कैमरा मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर स्थापित किए गए है। इस कैमरे से मतदान के लिए कतार में लगे मतदाताओं की वेबकास्टिंग की जाएगी। दूसरा कैमरा मतदान केंद्र के अंदर वोटिंग बॉक्स के ठीक सामने इस तरह स्थापित किए जाएंगे जिससे वेबकास्टिंग में केवल मतदाता मतदान बॉक्स के अंदर मतदान करते दिखाई दे और ईवीएम मशीन न दिखाई दे। कैमरा मतदान के दिन मॉक पोल से लेकर मतदान समाप्ति तक चालू रहेगी। मतदान केन्द्र में मतदाताओं के दृश्यता वाले स्थानों पर आप सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हैं लिखा पोस्टर चस्पा किए गए है।

# धमतरी प्रभारी योगेश तिवारी ने हेलीपैड में प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, सभी 11 सीटें जीतने का दिया भरोसा



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भाजपा नेता योगेश तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धमतरी आगमन पर, उनसे हेलीपेड में मुलाकात किया। इस दौरान भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री को बेमेतरा ज़िले की पावन भूमि पर आने का न्योता दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि क्षेत्र की जनता आपसे मिलने के लिए लालयित है। गौरतलब हो कि योगेश तिवारी को धमतरी प्रभारी बनाया गया है। वह भाजपा प्रत्याशी को जीतने के लिए की जी जान से जुट गए हैं। भाजपा किसान नेता एवं धमतरी प्रभारी योगेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आपने नछत्तीसगढ़ के लोगों से विधानसभा चुनाव के पहले जो भी कार्य करने का गारंटी का वादा किया था, वो सभी वादे मुख्यमंत्री बिष्णु देव साय की सरकार ने पूरे किये। योगेश तिवारी ने दावा किया है कि मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन ऐसा है कि छत्तीसगढ़ में हम पूरे के पूरे 11 लोकसभा सीट जीतने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया है कि उनके पास प्रदेश के लोकसभा क्षेत्रों का चुनावी सर्वे है, जिसमें भाजपा छत्तीसगढ़ की पुरे11 लोकसभा सीटें जीतने जा रही है।प्रदेश में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की स्थिति बहुत अच्छी है। यहां की जनता एक बार फिर आपको प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है।

# पुलिस भर्ती के लिए शारिरिक प्रशिक्षण ले रहे युवाओं के मार्गदर्शन हेतु पहुंचे बंजारे



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के नवागढ़ विकास खण्ड में आगामी छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक प्रशिक्षण ले रहे युवक एवं युवतियों को मार्गदर्शन करने के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कवि डॉ गोकुल प्रसाद बंजारे चंदन नवागढ़ उड़ान एकेडमी थाना ग्राउंड में पहुंचे। सभी प्रशिक्षार्थियों ने डॉ गोकुल बंजारे का हार्दिक स्वागत किया, साथ ही साथ बंजारे ने सभी बच्चों को अपने देश भक्ति की कविता, गीतमय नाट्य से सराबोर कर दिया। साथ ही साथ यह भी कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और समाज को सुरक्षा देश एवं राज्य में ड्यूटी में तैनात पुलिस ही करते हैं ,जिसकी वजह से समाज आराम से सो पाता है। हमारे देश की आंतरिक एवं बाहरी सीमा की सुरक्षा भी सेना एवं पुलिस जवानों से ही होती है। देश की सुरक्षा में शहीद हुए जवानों के प्रति संवेदनाएं भी व्यक्त किया। शारीरिक प्रशिक्षण ले रहे सभी युवक एवं युवतियों को पुलिस में अच्छे नंबर से चयनित होने के लिए कहा एवं सभी प्रशिक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रेषित किया।इस अवसर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा के सहायक प्राध्यापक शुभम जैन व अन्य, प्रशिक्षार्थी गण उपस्थित रहे।

# डबल इंजन होने से विकास तेज गति से हो रहा है: सतपाल महराज

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय बघेल के समर्थन में बाजार चौक साजा में आध्यात्मिक गुरु सतपाल महराज केबिनेट मंत्री उत्तराखण्ड ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा का डबल इंजन होने से देश व प्रदेश का तेजी से विकास होगा। केन्द्र से पूरा पैसा आयेगा प्रदेश का विकास होगा नरेंद्र मोदी जी देश के लिए जरूरी है और दुर्ग लोकसभा से विजय बघेल जरूरी है उन्होंने आगे कहा कि पिछला विधानसभा चुनाव में भी आया था उसे समय छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का सरकार था तो बोल रहे थे केंद्र सरकार कुछ नहीं देता लेकिन अब भाजपा का सरकार है केंद्र से पूरा पैसा आएगा और प्रदेश का विकास होगा मोदी जी के योजना के बारे में बताएं की नल जल योजना है राशन फ्री में मिल रहा है धारा 370 हटाने के लिए मोदी जी के बारे में कहा गया था कि 370 हटाओगे तो खून की नदी बहेगी लेकिन 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 और 35 से हटाने का काम किया तीन तलाक को हटाया कोरोना काल में भारत में वैक्सीन बनाने का काम किया है आगे उन्होंने कहा कि देश में मोदी दुर्ग लोकसभा में विजय बघेल को विजयी बनाने की अपील की और विजयी माला पहना कर आशीर्वाद दिये। कार्यक्रम को लाभचंद बाफनाजी ने भी सम्बोधित किये उन्होने कि मोदी जी के 10 साल के कार्यकाल में जितना काम हुआ है वैसा काम कभी नहीं हुआ है गरीबों के लिए अनेक योजना लागू किये है वो काम पूरा हो रहा है सभा को सबोधित चन्दु साहू पूर्व सांसद वह दुर्ग लोकसभा के प्रभारी ने भी किया मुझे पूरा विश्वास है की दुर्ग लोकसभा के आम जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं नरेंद्र मोदी के साथ हैं कार्यक्रम को विजय बघेल दुर्ग लोकसभा के प्रत्याशी ने भी संबोधित किया और सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि पिछला चुनाव में मुझे सांसद बनाकर भेजे हो और केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने में सहयोग किये हो वैसे ही इस चुनाव में भी भारी मतों से अपना वोट भारतीय जनता पार्टी के कमल फूल के निशान पर मुहर लगाकर विजयी बनावे।

**आभार व्यक्त नथमल कोठारी विधानसभा साजा के संयोजक ने किया**

कार्यक्रम का संचालन दुर्ग लोकसभा के संयोजक अवधेश सिंह चंदेल ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित रहे प्रितपाल बेलचंदन लोकसभा सहसंयोजक प्रकाश साहू प्रभारी गोपाल वर्मा विधानसभा साजा प्रभारी बल्लु राम साहू मंडल अध्यक्ष साजा रोहित सिंह राजपूत महामंत्री बिसरु साहू महामंत्री हरिशंकर टावरी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष साजा मूलचंद शर्मा ज्वाला सिंह ठाकुर विनोद शर्मा ईश्वर पटेल नारद देवांगन नेतराम साहू अरुण वर्मा संतोष यादव लारा राजू शर्मा करण साहू बुलाक साहू पूरन साहू पुन्नी तोरण यादव मंडल अध्यक्ष खान खमरिया पुरन कश्यप महामंत्री चंद्रशेखर राजपूत अनिल सिंघानिया सोनू शर्मा राजेश ठाकुर महामंत्री युवराज साहू राजेंद्र वर्मा रोहित सिंह राजपूत मंडल अध्यक्ष धमधा सरोजिनी यादव महिला मोर्चा अध्यक्ष साजा मंडल इंद्राणी सिंहा महामंत्री।

**समिति के सदस्य**

रोहित नायक संतोष साहू केशव पटेल हनु प्रसाद तिवारी हरिशंकर नेताम सियाराम जायसवाल टेकराम पटेल पुरुषोत्तम साहू तुलसीराम वर्मा डॉक्टर प्रेमानंद ठाकुर मोरध्वज चंद्राकर गणेश साहू एवं भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आम जनता उपस्थित रहे।

# केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब महिलाओं कों मिलेंगे 1 लाख सालाना, मजदूरी दर 400 : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



राजनाँदगाँव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने ग्राम किशुनगड़ में सभा को सम्बोधित कर ग्रामवासी सहित पंडरिया विधानसभा के मतदाताओं से आग्रह कर आगामी 26 अप्रेल को 2 नम्बर में बटन दबाकर पंजा छाप में वोट देकर कांग्रेस को विजयी बनाने के लिए आग्रह किए। भूपेश बघेल ने अपनी चुनावी भाषण में सभा को सम्बोधित करते कहा की अगर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार होती तो किसान परेशान नही होते। किसानों का कर्ज़ा माफी कर किसानो को समृद्ध करने का काम करती। राजीव गांधी न्याय योजना अंतर्गत किसानो की धान की क़ीमत 2500+ से अधिक मूल्य में ख़रीदने का काम कांग्रेस ने ही अपने कार्यकाल मे किया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन मे आगे कहा कि अगर केंद्र में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनती है तो प्रत्येक महिला को साल के 1 लाख रुपए दिए जाएंगे मज़दूरों की प्रति दिवस मजदूरी दर 400 रुपए किए जाएँगे और साथ में 25 लाख रुपए तक स्वास्थ्य के इलाज के लिए कांग्रेस सरकार आपको सहायता देगी। ऐसे कांग्रेस सरकार की 5 न्याय और 25 गारंटी देश के किसानो मज़दूरों, ग़रीबों, पिछड़े, दलितों, आदिवासियों, देश की आधी आबादी की महिलाओं को सशक्त बनाने का काम करेगी उनके अधिकारो को न्यायसंगत देने का काम करेगी। भाजपा सविधान को बदलने की बात करती है। देश में बड़ती महंगाई, बड़ती बेरोज़गारी, अर्थव्यवस्था में बात करने के बजाय हिंदू मुस्लिम जैसे उकसाऊँ धार्मिक मुद्दों में बात करना चाहती है। हमें समझना पड़ेगा कि बहुत हुआ फर्जी राष्ट्रवाद हिंदू मुसलमान अब देश मे महंगाई की बारे में बात होगी, बेरोज़गारी के बारे में बात होगी, आर्थिक मुद्दों पर बात होगी। अब कांग्रेस देश की बदलती हालत को सुधारने का काम करेगी। भूपेश बघेल जी ने कहा कि अगर भाजपा वाले आपके पास आते है तो सबसे पहले मेरे विकास दो हिसाब जैसे सवालों से इनका स्वागत करना है। जीतेंगे राजनाँदगाँव।

इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष कांग्रेस होरीराम साहू, ज़िला कवर्धा प्रभारी अटल श्रीवास्तव कोटा विधायक, भाटापारा विधायक इन्द्र शाह, पूर्व पंडरिया विधायक बैजनाथ चन्द्राकर, पूर्व केंद्रीय सहकारी अध्यक्ष बिलासपुर प्रमोद नायक, पूर्व पंडरिया विधायक ममता चन्द्राकर, पूर्व विधायक डॉक्टर रश्मि सिंह, कुंडा प्रभारी संजीत बनर्जी, नीलू चंद्रवंशी, पूर्व पंडरिया ब्लॉक अध्यक्ष कौशल चन्द्राकर, पूर्व कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तर चन्द्राकर, युवा नेता कांग्रेस इंज़ी योगेश्वर चन्द्राकर, नारायण सिंह चंद्रौल प्रयागराज, श्याम सिंह पटेल शंकरगड़ उत्तर प्रदेश, पलेश्वर चन्द्राकर, हरेंद्र चन्द्राकर, काशीनाथ ठाकुर, विष्णु साहू, बी आर सिंगरोल, उमेश चन्द्राकर, गोरे चन्द्राकर, जितेंद्र चन्द्राकर, प्रदीप चन्द्राकर, मनोहर चन्द्राकर, सहित समस्त पंडरिया विधानसभावासी उपस्थित थे।

# मतदाताओं के लिए मतदान पर्चियों का घर-घर जाकर वितरण शुरू

## जिले में 7 मई को होगा मतदान

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण के आगामी मतदान में मतदान के परिप्रेक्ष्य में मतदाताओं का उत्साह बढ़ाया जा रहा है। तृतीय चरण 7 मई 2024 को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07-दुर्ग अंतर्गत बेमेतरा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में भी मतदान होगा। जिला प्रशासन ने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 साजा, 69 बेमेतरा और 7 मई को मतदाताओं के लिए मतदान पर्चियों का घर-घर जाकर के साथ खेत खलिहान और श्रमिकों की जानकारी मिलने पर उनके कार्य स्थल पर जाकर भी वितरण शुरू किया है। इस कार्य से उत्साहित होने पर मतदाता सक्रियता दिखाएंगे और लोकतंत्र के महत्व को समझेंगे। अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा इस चरण में उन्हें अपने मत का महत्व और प्रभाव समझाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सरकारी अधिकारी भी मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए सक्रिय हो रहे हैं। मतदाता पर्ची का वितरण निर्वाचन प्रक्रिया के महत्वपूर्ण हिस्से को और समझाने में मदद कर रहा हैं। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो नागरिकों को लोकतंत्र के उत्सव में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने भी जिले के मतदाताओं से 7 मई 2024 को मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में आगामी 7 मई को सवेरे 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान वाले दिन बढ़चढ़ कर हिस्सा अपने मत का प्रयोग करें।

# देखते ही देखते धू-धू कर जलने लगा ट्रांसफार्मर, आग की चपेट में आयी दो दुकानें व तीन मोटर सायकिल, आसपास के लोगों में दहशत का माहौल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के हटरी चौक में एक ट्रांसफार्मर में आग लगने से वहां की दो दुकानें, तीन मोटर सायकल आग की चपेट में आ गई। जिससे लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड व विद्युत विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही दो दुकानें तो पूरी तरह जल चुकी थी। वहीं एक घर के दीवार भी इसकी चपेट में आने से जर्जर हो गई थी। साथ ही साथ ट्रांसफार्मर के पास रखी तीन मोटर सायकल भी पूरी तरह जल गई। भारी ट्रैफिक को रोककर फायर बिग्रेड की टीम ने इस आग पर घंटो बाद काबू पाया और विद्युत विभाग भी अब व्यवस्था को दुरूस्त करने में लगा हुआ है, लेकिन आसपास के व्यापारी वहां लगे ट्रांसफार्मर को लेकर मौके पर पहुंचे रायगढ़ विधायक व प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से शिकायत करते नजर आये उनकी मांग थी कि इस जगह से ट्रांसफार्मर को हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए ताकि दोबारा इस प्रकार की घटना न घटे।



फायर बिग्रेड व विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची तब तक यह आग इतनी बढ़ चुकी थी कि लोग पास जाने से भी कतरा रहे थे और आग की चपटे करीब 20 फीट उपर

शहर के मध्य स्थित हटरी चौक इलाके में गुरूवार की सुबह उस वक्त अफरा-तफरी फैल गई। जब अचानक स्व. सेठ किरोड़ीमल के परिवार वाले घर के सामने लगे ट्रांसफार्मर लगे अचानक धू-धू करके जलने लगे और देखते ही देखते यह आग इतनी फैल गई कि वहां खड़ी मोटर सायकल, दुकान भी इसकी चपेट में आ गए। इतना ही नहीं स्व. सेठ किरोड़ीमल के रिश्तेदार का घर की एक दीवार भी जलने लगी। आग लगने की सूचना मिलते ही तक पहुंच गई थी। अचानक लगी इस ट्रांसफार्मर की आग से व्यापारियों में अफरा-तफरी का माहौल फैल गया था चूंकि गर्मी के समय चालू विद्युत व्यवस्था के बीच बिजली ट्रांसफार्मर में लगी आग से कोई बड़ी घटना हो सकती थी चूंकि बिजली ट्रांसफार्मर में तेल के चलते आग लगातार फैल रही थी। इसी बीच विद्युत विभाग ने लाइन काटने के बाद फायर बिग्रेड की टीम की मदद से इस आग पर काबू पाया।

### मौके पर पहुंचे ओपी चौधरी

हटरी चौक व्यापारी संघ ने वहां पहुंचे रायगढ़ विधायक व प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मांग की है कि शहर के सबसे पुराने इलाके में लगे इस ट्रांसफार्मर में लगी आग की घटना को ध्यान में रखते हुए तत्काल इस जगह से उसे हटवाने के लिये विद्युत विभाग को दिशा निर्देश दें। चूंकि आगजनी की इस घटना से व्यापारी काफी दहशत में हैं और उनका नुकसान भी विद्युत विभाग द्वारा भरा जाये।

### व्यापारियों ने की व्यवस्था सुधारने की मांग

इतना ही नहीं नाराज व्यापारियों ने ओपी चौधरी को कहा कि यहां चौक में पहले से ही ट्रैफिक व्यवस्था ट्रांसफार्मर के चलते प्रभावित होती है और घर व दुकान के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से फिर बड़ी घटना हो सकती है। इसके लिए वे प्रयास करें। व्यापारियों की बात सुनने के बाद ओपी चौधरी ने कहा कि वे हर संभव व्यापारियों को मदद करेंगे। साथ ही साथ विद्युत विभाग से चर्चा करने के बाद वैकल्पिक जगह खोजकर ट्रांसफार्मर को शिफ्टिंग कराने का भी प्रयास करेंगे।

# 1000 पौधों का रोपण कर अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ ने मनाया 'पृथ्वी दिवस'

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ ने जिले के पुसौर ब्लॉक में सोमवार को 'विश्व पृथ्वी दिवस' मनाया है। हर वर्ष की तरह साल 2024 में पृथ्वी दिवस की थीम 'प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक' की तर्ज पर अदाणी पॉवर लिमिटेड के पर्यावरण विभाग तथा अदाणी फाउंडेशन द्वारा संयंत्र परिसर में 1000 पौधे रोपे गए। साथ ही आस पास के गावों एवं विद्यालयों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने और उसके ऑप्शन्स की तलाश पर जोर देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिनमें पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता में 50 से अधिक विद्यार्थियों तथा पौधा रोपण के कार्यक्रम में संयंत्र के 200 कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ के स्टेशन हेड समीर कुमार मित्रा ने पौध रोपण कर की। इस दौरान उन्होंने सभा का संबोधित करते हुए पृथ्वी ग्रह के




पर्यावरण संरक्षण में पौलीथिन का उपयोग नहीं करने, कागज का इस्तेमाल कम करने तथा रीसाइकल प्रक्रिया को बढ़वा देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किया गया। अदाणी समूह की अदाणी फाउंडेशन द्वारा रायगढ़ जिले के पुसौर और तमनार प्रखण्ड में ग्रामीण ढांचागत विकास में किए गए प्रयास ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने, टिकाऊ प्रथा को बढ़ावा देने और पूरे अञ्चल में समावेशी विकास की एक प्रभावी पहल है। इसके साथ ही अंचल में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका विकास और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे है, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक और संरचनात्मक ढांचागत स्थिरता को बढ़ाने में मदद तो मिल ही रही है। साथ ही इन कार्यो ने समाज में भी विभिन्न स्तरों पर लोगों को प्रभावित किया है।

# प्रेक्षक ने चातरखार स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था व आवश्यक तैयारियों का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अभय ए. महाजन ने कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के साथ आज शासकीय अभियांत्रिकी कृषि महाविद्यालय चातरखार में इव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के चेकलिस्ट के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रेक्षक महाजन ने विधानसभावार पृथक-पृथक स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग, निर्वाचन सामाग्रियों का वितरण एवं वापसी आदि की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। सामान्य प्रेक्षक महाजन ने सुरक्षा व्यवस्था के



मद्देनजर सीसीटीवी कैमरा, पावर बैकअप की व्यवस्था, निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं कैम्पस में पर्याप्त लाईटिंग के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शंतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन हेतु स्ट्रॉग रूम में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने साफ -सफाई, अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था आदि के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान, एआरओ मुंगेली पार्वती पटेल, एआरओ लोरमी गिरधारी लाल यादव और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशनों में स्वयंसेवी, सामाजिक संस्थाएं खोल सकती है पानी के प्याऊ, रेलवे डीआरएम कार्यालय ने जारी किए आदेश

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय रेलवे के निर्देशानुसार दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे रेल मंडल बिलासपुर ने बिलासपुर मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों में वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए स्वयंसेवी, सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से स्टेशनों में पानी के प्याऊ खोलने हेतु अपने रेलवे अधिकारियों को निर्देशित किया है, तथा डीआरएम कार्यालय बिलासपुर ने कहा है कि प्रत्येक स्थान पर स्वयंसेवी, सामाजिक संस्थाएं एवं एनजीओ सक्रियता के साथ सामाजिक कार्यों एवं सेवा का कार्यों का संचालन करते हैं, तथा इन सभी के साथ रेलवे को जोड़कर उनके माध्यम से पानी के प्याऊ का संचालन सुनिश्चित करें तथा उन्हें प्रोत्साहित करें, उल्लेखित हो कि यह पहली बार ऐसा देखा गया है कि रेल मंडल कार्यालय ने स्वयं से ही सामाजिक



संस्थाओं का सहयोग जन सेवा के कार्यों में लेने का ऐसा आदेश जारी किया है, जिससे सामाजिक संस्थाओं में भी काफी प्रसन्नता देखी जा रही है,एवं सामाजिक संगठनों का कहना है कि वे शहर में प्रत्येक स्थान पर साल भर विभिन्न सेवा के काम करते हैं, किंतु रेलवे परिक्षेत्र में पहली बार रेलवे प्रशासन के इस निर्देश से उन्हें रेल यात्रियों को इस भरी गर्मी में पानी पिलाने का की सेवा का अवसर मिलेगा, जिससे वे उत्साहित है एवं इस कार्य को स्वस्फुरतः आगे आकर करेंगे, वहीं दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे रेल मंडल बिलासपुर द्वारा दिनांक 24 अप्रैल 2024 को जारी पत्र क्रमांक COM/PA/PIYAO/BSP/24 में सभी अनुभागीय सीसीआई और सीआई बिलासपुर डिवीजन एस.ई.सी. रेलवे को निर्देशित किया गया है एवं बिलासपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर प्याऊ की व्यवस्था। संदर्भ ईडीपीएम/रेलवे बोर्ड पत्र क्रमांक. 2011/टीजी-IV/6/ डीडब्ल्यू/8 28.03.2013 के अनुसार सभी संबंधितों को सलाह दी जाती है कि वे गैर सरकारी संगठनों, कल्याण संघों और अन्य स्वैच्छिक संगठनों के साथ जुड़ें और उन्हें गर्मी के मौसम के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए बिलासपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर पियाओ खोलने के लिए प्रोत्साहित करें, इसके अलावा, यह भी निर्देश दिया गया है कि प्याऊ की अनुमति संबंधित अनुभागीय वाणिज्यिक निरीक्षक द्वारा दी जाएगी, तथा उपरोक्त आदेश अनुराग कुमार सिंह सीनियर. प्रभाग. कॉमल, प्रबंधक एस.ई.सी. रेलवे, बिलासपुर ने जारी किया है।

# धनुषधारी ने किया अनुकरणीय कार्य, डेढ़ सौ साल पुरानी तीन मंजिला धर्मशाला का किया स्वयं से जीणोद्धार

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश की धर्म नगरी डोंगरगढ़ के समीप छोटे से गांव बेलगांव में धनुषधारी ने जो कि स्वयं मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं तथा उन्होंने डेढ़ सौ साल पुरानी शादी राम अग्रवाल द्वारा तत्कालीन समय में गांव में स्कूल, धर्मशाला एवं अस्पताल के लिए भवन बनवाया गया था, तथा इस धर्मशाला परिसर में ही सभी प्रमुख संस्थाएं संचालित होती थी, किंतु यह धर्मशाला लंबे दशकों से उपयोग में आने के कारण जर्जर हो चली थी, जिसे रायपुर छत्तीसगढ़ के समाजसेवी हरिवल्लभ अग्रवाल के मामा धनुषधारी ने अपने स्वयं से लगभग एक करोड रुपए की राशि खर्च कर इस भवन को जीर्णोद्धार कर जनता को समर्पित कर दिया एवं



धनुषधारी ने समाज सेवा का एक उत्कृष्ट ज्वलंत उदाहरण प्रस्तुत किया है, तथा धनुषधारी की इस पहल का जहां पूरे क्षेत्र में लोग प्रशंसा कर रहे हैं तो वहीं हरिवल्लभ अग्रवाल ने भी कहा कि यह एक बड़ा समाज सेवा का काम है जो की अग्रवाल समाज के पूर्वजों ने जो हमें दान सेवा रूपी कार्यों का जो संस्कार दिया है आज इस संस्कारों का पालन धनुषधारी ने करते हुए यह कार्य किया है

# अलंकरण समारोह में आवेदन हेतु 5 दिन बचे शेष, 30 अप्रैल तक लिए जाएंगे आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

8 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा देश की औद्योगिक महानगरी कोलकाता शहर के होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल में होने जा रहे प्रथम अग्र विभूति अलंकरण समारोह को लेकर जहां 32 अलग-अलग क्षेत्र की विभूतियों को सम्मानित किए जाने हेतु आवेदन की प्रक्रिया को 5 दिन शेष रह गए हैं, तथा 30 अप्रैल तक प्राप्त ऐसे सभी आवेदनों पर चयन समिति इसे अंतिम रूप देगी एवं चयनित होने वाले सभी सम्माननीय समाज बंधुओ को कोलकाता के इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया जाएगा, उपरोक्त समस्त कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल, उपाध्यक्ष मीना गोयल, महामंत्री प्रदीप कुमार सराफ एवं कोषाध्यक्ष गणेश भरतीया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर पर अग्र अलंकरण समारोह की समिति का गठन किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय




संयोजिका उमा बंसल सहित देश के विभिन्न राज्यों से संस्था के सभी वरिष्ठ सदस्यों को इस समिति में सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई है,साथ ही इस पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की कोलकाता वृहत्तर इकाई आतिथ्य शाखा के रूप में जी-जान से जुटी हुई है, तथा इस शाखा ने आयोजन की तैयारीयो को लेकर अनेकों बार बैठक का भी आयोजन किया है, तथा शाखा द्वारा जहां पूरे आयोजन में अपने सदस्यों का एक ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है, तो वहीं इस कार्यक्रम के लिए कोलकाता वृहत्तर इकाई की एक कोर समिति का भी गठन किया गया है, जिसमें कोर समिति की संयोजक कमल अग्रवाल एवं सहसंयोजक गोपाल नर्सीरिया बनाए गए हैं।

# अवैध रेत उत्खनन एवं भंण्डारण करने वाले रेत माफियो के विरुद्ध कार्यवाही करने सक्ती कलेक्टर से हुई शिकायत

- ग्राम रनपोटा सोन नदी की सीने को छलनी कर भारी मात्रा में रेत निकाल रहे रेत माफिया

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सक्ती जिले के मालखरौदा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत रनपोटा पुल के पास सोन नदी से रेत माफियों के द्वारा चैन माउंटेन मशीन (बडे पोकलेन) लगाकर वहां से बड़े-बड़े हाईवा से 20 फीट गहरे करते हुए सोन नदी से रेत निकाला जा रहा है, पत्रकार लोग ने अवैध उत्खनन का विरोध किए तो उन्हीं को धमकाने लगे साथ ही क्षेत्र के कुछ अधिकारियों के साथ साठगांठ कर रेत माफियों के द्वारा भारी मात्रा में अवैध रेत खनन के साथ-साथ ग्राम पंचायत रनपोटा बाजार के पास शासकीय जमीन पर भारी मात्रा में अवैध रेत का भण्डारण किया गया है। और साथ ही ग्राम बासीन के




स्कूल में भी बड़ी मात्रा में अवैध रेत का भंडारण किया गया है रेत माफियो के ऊपर कार्यवाही नहीं होने से इनका हौसाला बुलंद है और सुबह से लेकर रातभर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जिसकी वजह से नदी के बीचों-बीच 20 फीट की गहरी खाई बन गई है, जिससे भविष्य में कुछ अप्रिय घटना घट सकती है क्षेत्र के अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी है पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। जिसको लेकर आवेदक ने सक्ती कलेक्टर से लिखित शिकायत की है और साथ ही कठोर कार्रवाई की मांग किया है अब देखना यह होगा कि आगे रेत माफियो के ऊपर कार्यवाही होता है या यह मामला भी ठंडे बस्ते में चली जाएगी।

> आपके द्वारा मामले की जानकारी हुई है अवैध रेत उत्खनन व भंडारण करने वाले पर होगी कार्रवाई
>
> **अमृत विकास तोपनो**
> **कलेक्टर सक्ती**

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। प्रवेश हेतु आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई तक स्वीकार किए जाएंगे एवं दवा आपत्ति का समय 6 मई से 10 मई तक दिया जायेगा, तत्पश्चात 10 मई से 15 मई के बीच लाटरी की प्रक्रिया की जायेगी जिसकी सूचना स्कूल के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकेगा। लाटरी के बाद चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की प्रकिया पूर्ण की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों की सूची सूचना पटल पर लाटरी उपरांत चस्पा कर दी जायेगी। लाटरी में 50 प्रतिशत सीट छात्राओं के लिए एवं 25 प्रतिशत सीट बीपीएल उम्मीदवारों के लिए सुरक्षित की गई है। बीपीएल उम्मीदवारों को नगरपालिका, जनपद कार्यालय से अपना सर्वेसूची कमांक सहित




प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। महतारी दुलार योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जायेगा। अकलतरा ब्लाक के क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। कक्षा 1 ली को छोड़कर अन्य कक्षाओं में प्रवेश हेतु पूर्व कक्षा का माध्यम अंग्रेजी होना अनिवार्य होगा। कक्षा 1 ली में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की आयु 31 मई की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच होना अनिवार्य होगा। इस सत्र में कक्षावार रिक्त सीट की जानकारी वेबसाईट या सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है। लाटरी चयन समिति, स्कूल स्टाफ पालकगण एवं अन्य उपस्थित नागरिकगणों के बीच होगा। किसी भी प्रकार से विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय का अधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित होगा। प्राचार्या गीता सिंह ने शांतिपूर्ण चयन प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु सहयोग की अपेक्षा की है।

**मलखंभ के करतब दिखाकर मतदान और मताधिकार का उपयोग करने दिया संदेश, शत प्रतिशत मतदान की ली गई शपथ**

# पामगढ़ में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप मलखंभ का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में शतप्रतिशत मतदान और मताधिकार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं।

जिसमें बुजुर्ग, दिव्यांग, युवा, थर्ड जेंडर एवं महिला सहित अन्य मतदाताओं के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर शत प्रतिशत मतदान के प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत स्वीप मलखंभ का आयोजन आज पामगढ़ के डी.ए.व्ही. पब्लिक स्कूल कुटराबोड़ में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन एवं स्वीप नोडल अधिकारी गोकुल कुमार रावटे की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मलखंभ खिलाड़ियों



ने तरह-तरह के करतब दिखाकर मतदाता जागरूकता का संदेश लोगो को दिया। इसके साथ मानव श्रृखंला बनाकर शतप्रतिशत मतदान और मताधिकार का उपयोग करने लोगो को संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है हमे अपने मताधिकार का सही उपयोग करना है और सही व्यक्ति को चुनना है।

उन्होने छात्र छात्राओं से अपने आसपास और अपने परिवारजनों, अन्य सदस्यों को मताधिकार का प्रयोग करने प्रेरित करने कहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ ने



सभी उपस्थित मतदाताओं को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एसडीएम पामगढ़ वहीदुर्रहमान शाह, जिला खेल अधिकारी प्रमोद सिंह बैस सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिक जन उपस्थित थे।

# हनुमान मंदिर में कुमार विशु एवं शहनाज अख्तर ने बांधा हनुमान जी के सुमधुर भजनों का समां

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

खरसिया शहर के गंज बाजार स्थित हनुमान मंदिर में सियाराम सखा मंडल एवं श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के पर्व पर जहां दिन भर पूजा-अर्चना एवं भंडारा के कार्यक्रम किए गए तो वहीं रात्रि समय आयोजन समिति द्वारा देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक कुमार विशु एवं शहनाज अख्तर के भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दोनों ही गायको ने अपने सुमधुर भजनों से हनुमान भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया तो वहीं देर रात तक हनुमान जी के भजनों में भक्त झूमते नाचते गाते रहे तथा जय जय श्री हनुमान जी के श्री घोष से पूरा खरसिया शहर गूंज उठा



एवं इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में शहर वासी, माताएं, बहने, युवा वर्ग एवं धर्म प्रेमी मौजूद रहे तथा पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सियाराम सखा मंडल एवं श्री हनुमान सेवा समिति खरसिया ने सभी धर्म प्रेमियों का आभार व्यक्त किया है।

# बालको के अग्निशमन सेवा सप्ताह से अग्नि सुरक्षा जागरूकता को मिला बढ़ावा

पायनियर संवाददाता ➤ बालकोनगर
www.dailypioneer.com





वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अग्नि सुरक्षा अभियान के साथ अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया। इस साल के थीम 'अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्र निर्माण में योगदान करें' के अंतर्गत अग्नि सुरक्षा जागरूकता और तैयारियों को बढ़ाने का कार्य किया गया। सप्ताह भर चले इस पहल में कर्मचारी, स्कूली छात्रों और समुदाय के सदस्यों सहित 2,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विभिन्न पहल के माध्यम से अग्नि-सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए जागरूक किया गया। 14 अप्रैल को शुरू हुए इस सप्ताह में अग्नि सुरक्षा के महत्व बढ़ावा देते हुए क्विज़, ड्राइंग और स्लोगन सहित आकर्षक प्रतियोगिता कार्यक्रम को आयोजिक की गई। बालको ने आग से बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अग्नि सुरक्षा दिशानिर्देशों और तैयारियों पर केंद्रित एक विशेष नुक्कड़ नाटक था। बालको द्वारा कंपनी के विभिन्न विभाग और उप-व्यावसायिक इकाई (एसबीयू) से अग्नि सुरक्षा को लेकर उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं को सम्मानित करके कार्यक्रम का समापन किया गया। संयंत्र परिसर के भीतर सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके प्रयासों को सराहा गया। कंपनी ने नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के प्रतिनिधियों सहित कोरबा के आसपास के अन्य औद्योगिक कंपनियों को कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया।

बालको मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर बात करते हुए कहा कि असुरक्षित कार्यों के रोकथाम के लिए जागरूकता महत्वपूर्ण है। बालको में हम आग की घटनाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए कर्मचारियों और समुदायों के बीच जागरूकता बढ़ाकर सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। हम सभी के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा उपायों में आगे रहने के लिए संसाधन उपलब्ध कराने और तकनीक का लाभ उठाने के लिए कटिबद्ध हैं। सुरक्षित कार्यस्थल के साथ हम सभी के लिए एक सुरक्षित कल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एनटीपीसी अग्निशमन विभाग के सहायक कमांडेंट अशोक प्रसाद ने कहा कि मैं घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही करने में सक्रिय और सहयोगात्मक दृष्टिकोण के लिए बालको की सराहना करता हूं। क्षेत्र में अग्निशमन इकाई के बीच सराहनीय सहयोग समुदाय के लिए सामूहिक तत्परता और समर्थन पर जोर देता है। सम्मान समारोह के दौरान मैंने सुरक्षा के प्रति बालको के समर्पण और उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं को सम्मानित करने की उनकी प्रतिबद्धता को देखा जो सभी के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के उनके प्रयासों को दर्शाता है। बालको की अग्नि सुरक्षा टीम सभी आपातकालीन स्थितियों के दौरान संयंत्र प्रचालन में और समुदाय के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। वित्त वर्ष 24 में अग्निशमन विभाग की कुछ मुख्य बातें इस प्रकार हैं जिसमें 200 से अधिक आपात स्थितियों का जवाब दिया गया। 4,000 से अधिक व्यक्तियों के लिए अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आपातकालीन प्रतिक्रिया में तेजी को बढ़ाने के लिए अग्निशामक यंत्र के उपयोग, सीपीआर तकनीक और आग रोकथाम प्रोटोकॉल पर निर्देश शामिल थे। तीव्र प्रतिक्रिया क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में 70 मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस तीन नए उच्च प्रदर्शन वाले फायर टेंडरों का उद्घाटन किया गया। अग्नि सुरक्षा टीम ने यह सुनिश्चित करते हुए 9,000 से अधिक स्टैंडबाय घंटे लॉग इन किए। बालको फायर सर्वित किसी भी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए तत्पर है।

# श्रमिकों के कार्यक्रम में शामिल हुए इंडिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य अख़्तर जावेद उस्मानी और एरिया वेलफेयर सदस्य सुनील पाण्डेय





पायनियर संवाददाता ➤ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

राजनगर आर ओ की दोनों इंकलाइन और राजनगर ओपेन कास्ट मे श्रमिकों के साथ मिलने का कार्यक्रम मे कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य अख़्तर जावेद उस्मानी और एरिया वेलफेयर सदस्य सुनील पाण्डेय ने भाग लिया। इस दौरान श्रमिकों ने खान के अंदर और बाहर पीने के पानी की समस्या से अवगत कराया। राजनगर आर ओ मे 7/8 इन्कलाईन खदान से सीधी दफाई मे बिना फिल्टर के पानी सप्लाई किया जा रहा है। पिछले पांच साल से फिल्टर मिडिया नही बदला गया है और सेटलिंग टैंक्स को बाईपास कर दिया गया है। रोड का पानी भी मेन टैंक मे गिर रहा है। राजनगर 5/6 मे फिल्टर प्लांट खान परिसर मे है लेकिन सर्फेस मे पीने का पानी नही है। पाईप टूट गया है प्रबंधन द्वारा ऐसा बताया गया। कब बनेगा यह उपस्थित अधिकारी नही बता पाये। पिट टाप पर वाटर कूलर का ढांचा देखने को मिला। आर ओ सिस्टम ख़राब है। कोयला मजदूर सभा को यह पता चला है कि राजनगर मे दो प्रेशर फ़िल्टर 10-10 हज़ार गै़लन कैपेसिटी के और चार फिल्टर 5-5 हज़ार गैलन कैपेसिटी के है जिनका फ़िल्टर मीडिया सालों साल से नही बदला गया है। नोटशीट गई है पैसा नही मिल रहा है। मजदूरों को साफ़ पानी के लिये पैसा नही दिया जाना अन्याय है। ऐसी बुरी अवस्था और मजदूरों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ को देख कर हिन्द मजदूर सभा मौन नहीं रह सकती है। यह समस्या क्षेत्रिय महाप्रबंधक के समक्ष उठाई जायेगी और पानी के लिये आंदोलन किया जायेगा। अख़ूतर जावेद उस्मानी ने बताया कि राजनगर आर ओ के लिये एक अलग फ़िल्टर प्लांट बनना चाहिये। पर्यावरण संरक्षण नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। अगर पीने के पानी की व्यवस्था मे सुधार नही हुआ तो आंदोलन का मार्ग खुला है। संघर्ष हमारा शस्त्र है संघर्ष हमारी पहचान। हिन्द मजदूर सभा प्रबंधन से आग्रह करती है कि तत्काल पीने के स्वच्छ और पीने योग्य पानी की व्यस्था मजदूरों के कार्यस्थल और घरों मे कराई जाये। वाटर कूलर और आर ओ या इंडस्ट्रीयल एक्वागार्ड खदान के मुहाने मे लगवाया जाये। घाटे और ओटी कटौती की छोटी सोच से उपर उठ कर महिला कर्मचारियों, स्टोर एंव क्लर्कस् साथ सभी कर्मचारियों को खदान चालू रहने पर भी डियूटी न देना दुर्भाग्य जनक है। इस अभ्यास को रोकने की मांग हिन्द मजदूर सभा ने की है। यदि सुधार नही हुआ तो हिन्द मजदूर सभा द्वारा क्षेत्रिय मुख्यालय पर आचार संहिता की समाप्ति पर धरना प्रदर्शन अनशन और शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया जायेगा।

# भारत कहां, कैसे, कब और किसके साथ यात्रा करता है पर प्रकाश डालती मेक मॉय ट्रिप रिपोर्ट




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बैकपैकर से लेकर बॉन-विवांट्स तक और इनके बीच का सब कुछ भारतीय यात्री घरेलू पर्यटन को नए तरीके से परिभाषित करने के साथ-साथ दुनिया के हर हिस्से में पहुंचकर अंतरराष्ट्रीय यात्रा के विस्तार में जोरदार भूमिका निभा रहे हैं। अपने 10 करोड़ से अधिक वार्षिक एक्टिव यूजर्स के यात्रा अनुभवों की जानकारी जुटाकर, मेक मॉय ट्रिप ने अपनी इंडिया ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्ट के पहले संस्करण में भारतीय यात्रियों के कुछ चुनिंदा अनुभवों को संजोने का प्रयास किया है। इस रिपोर्ट में भारत कहां, कब और कैसे यात्रा करता है, राष्ट्रीय और क्षेत्र-वार नजरिये से लाखों यात्राओं के टॉप ट्रेंड्स शामिल किए गए हैं। मेक मॉय ट्रिप के सह-संस्थापक और ग्रुप सीईओ, राजेश मगो ने कहा, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज पर भावी पर्यटन की रुपरेखा तैयार करने में मदद करने के लिए, पहले हमें भारतीय यात्रियों के बदलते यात्रा व्यवहार को समझना होगा। मेक मॉय ट्रिप की इंडिया ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्ट कुछ नवीनतम और महत्वपूर्ण ट्रेंड्स को रेखांकित करती है। भारत दिनों-दिन पर्यटन के क्षेत्र में एक मजबूत ताकत के रूप में उभर रहा है, ये जानकारी यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र में मांग और आपूर्ति के अंतर को कम करने में मदद कर सकती है। इसका मतलब है नीतियां तैयार करना, गंतव्यों की पहचान करना और ऐसे अनुभव बनाना जो यात्रियों की अनूठी यात्रा पसंदों और आकांक्षाओं के अनुरूप हों। प्रत्येक यात्री के व्यवहार को पहचानने और उसका ध्यान रखने से न केवल यात्रा का अनुभव बढ़िया होगा बल्कि पर्यटन उद्योग के विस्तार और विकास में भी महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

# सैमसंग इंडिया ने 'सैमसंग इनोवेशन कैंपस' का दूसरा सीजन लॉन्च किया



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने राष्ट्रीय कौशल प्रोग्राम सैमसंग इनोवेशन कैंपस के दूसरे सीजन को लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य एआई, आईओटी, बिग डेटा और कोडिंग एंड प्रोग्रामिंग जैसे भविष्य के तकनीकी डोमेन में युवाओं को कुशल बनाने के लिए तैयार किया गया है। सैमसंग इनोवेशन कैंपस का लक्ष्य 18-25 वर्ष की आयु के युवाओं को भविष्य की तकनीकों में कुशल बनाना और उनकी रोजगार क्षमता को बेहतर करना है। यह प्रोग्राम भारत की विकास गाथा में एक मजबूत भागीदार और योगदान की दिशा में सैमसंग की प्रतिबद्धता को सामने लाता है है। इसे युवाओं के लिए सही अवसर पैदा करने के लिए स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी भारत सरकार की पहल का समर्थन करने के लिए तैयार किया गया है। इस सप्ताह की शुरुआत में सैमसंग और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के बीच भारत भर में 3,500 छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस वर्ष यह प्रोग्राम केवल कौशल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं होगा, बल्कि उससे आगे बढ़कर छात्रों के लिए और अधिक रोमांचक अवसरों को सामने लेकर आएगा। प्रत्येक डोमेन के राष्ट्रीय टॉपर्स को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा और साथ ही दिल्ली/एनसीआर में सैमसंग केंद्रों का दौरा करने का अवसर भी मिलेगा।

# रियलमी ने केवल 10,999 रुपये में सेगमेंट का सबसे तेज स्मार्टफोन, रियलमी नार्जो 70 सीरीज 5जी पेश किया



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने रियलमी नार्जो श्रृंखला में रियलमी नार्जो 70 सीरीज़ 5जी का लॉन्च किया। इस सीरीज़ में दो अत्याधुनिक स्मार्टफोनः रियलमी नार्ज़ो 70एक्स 5जी और रियलमी नार्ज़ो 70 5जी पेश किए गए हैं। रियलमी नार्ज़ो स्टाईलिश स्मार्टफोंस की सीरीज़ है, जो यूज़र्स को विस्तृत अनुभव प्रदान करती है। भारत में स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ का उपयोग करने वाले यूज़र्स की संख्या 16 मिलियन से ज्यादा है। इन डिवाईसेज़ को आधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ डिज़ाईन किया गया है, ताकि यूज़र्स अपने अद्वितीय स्टाईल का प्रदर्शन करते हुए ट्रेंड में सबसे आगे रह सकें। ग्राहकों को शॉपिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करते हुए रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ उपलब्ध कराने के लिए रियलमी और अमेज़न ने गठबंधन किया है। इस गठबंधन के अंतर्गत यूज़र्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ केवल अमेज़न.इन पर मिलेगी। रियलमी की ड्युअल-प्लेटफॉर्म रणनीति के अंतर्गत रियलमी ने अपना पहला ऑनलाईन स्टोर मार्च, 2023 में अमेज़न पर शुरू किया था। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हमें रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी के लॉन्च की घोषणा करने की खुशी है। यह यूज़र्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी एवं प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह सीरीज़ स्मार्टफोन के भविष्य का प्रतिनिधित्व करती है, जो यूज़र्स को लगातार विकसित होते हुए डिजिटल परिदृश्य में संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाईन की गई है।

# रिलायन्स ज्वैल्स ने अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में लॉन्च किया विंध्या कलेक्शन




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के प्रमुख ज्वैलरी ब्राण्ड रिलायन्स ज्वैल्स ने अनूठे एवं शानदार कलेक्शन के साथ त्योहार मनाने की परम्परा को जारी रखते हुए इस साल अक्षय तृतीया के अवसर पर विंध्या कलेक्शन का अनावरण किया है। अपनी प्रतिष्ठित 'ज्वैल्स ऑफ इंडिया' कलेक्शन सीरीज़ में यह नौंवा कलेक्शन, मध्य प्रदेश की समृद्ध कलात्मक परम्पराओं से प्रेरित है। फैशन आइकन एवं बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी ने वाराणसी स्थित रिलायन्स ज्वैल्स स्टोर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान इस एक्सक्लुज़िव फेस्टिव कलेक्शन का अनावरण किया। अक्षय तृतीया एक पावन उत्सव है, जिसे हिंदु संस्कृति में समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर आभूषण खरीदना शुभ मानते हैं। इसी के मद्देनज़र रिलायन्स ज्वैल्स का विंध्या कलेक्शन शानदार आभूषण लेकर आया है, जो मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर एवं वास्तुकला से प्रेरित हैं। इस कलेक्शन का हर पीस का डिज़ाइन मध्य प्रदेश के लोकप्रिय स्मारकों जैसे ग्वालियर के किले, सांची स्तूप, उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर और मितावली एवं बटेश्वर मंदिर से प्रेरित है। लॉन्च के अवसर पर सुनील नायक, सीईओ, रिलायन्स ज्वैल्स ने कहा, इस अक्षय तृतीया विंध्या कलेक्शन का लॉन्च भारत की विविध सांस्कृतिक धरोहर का जश्न मनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# रुपए का तीन अठन्नी भजाना हो तो जल संसाधन विभाग से सीखे





पायनियर संवाददाता ➤ बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com

कोरिया जिले का जल संसाधन विभाग नाम मात्र नाम का रह गया है नहर नालों में मरम्मत के नाम पर विभाग द्वारा करोडों रुपये खर्च किया जा रहा है लेकिन हकीकत यह है कि किसानों को कृषि कार्य करने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है और विभाग मरम्मत के नाम पर करोड़ों रुपए पानी में बहा रहा है।

अगर मामले की सच्चाई जाननी है तो मुख्यालय से मात्र 3 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भाड़ी के ठिहाईपारा में जाकर देखा जा सकता है। पहले विभाग के द्वारा सिल्फोड़वा बांध से ठिहाइपारा के किसानों को पानी देने के लिए अंबिकापुर के ठेकेदार के माध्यम से नहर का कार्य कराया गया था, साल भर भी नहीं गुजरा की इस नहर को तोड़कर विभाग द्वारा फिर से कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि विभाग को यह नहर नहीं सोने का खान मिल गया है जिसमे हमेशा मरम्मत या नहर बनाने के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किया जाता है और जब कृषि कार्य के लिए पानी की जरूरत होती है तो पानी नहीं मिल पाता है जिससे हम किसान खेती करने से वंचित हो जाते हैं।

**कार्यस्थल पर नहीं है कोई बोर्ड**

निर्माण कार्य शुरू करने से पहले हर विभाग के द्वारा कार्यस्थल पर बोर्ड लगाया जाता है लेकिन यहां लोगों को गुमराह करने के लिए विभाग के द्वारा बोर्ड नहीं लगाया गया है, पूर्व में भी अंबिकापुर के ठेकेदार के द्वारा जो कार्य किया गया था उसका बोर्ड तोड़ दिया गया है जिससे ग्रामीणों को कार्य के संबंध में कोई जानकारी नहीं है, अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभाग लंबा अंदर करने के जुगाड़ में लगा हुआ है।

**बांध से आधा किलोमीटर दूर नहीं पहुंच रहा है पानी**

सिल्फोड़वा बांध से ठिहाईपारा की दूरी आधे से एक किलोमीटर भी नहीं है लेकिन विभाग पूर्व में नहर के बने रहने के बावजूद पानी नहीं पहुंचा पा रहा है और पैसा निकालने के लिए कोई ना कोई नया प्रयोग कर रहा है।

**अधिकारी को नहीं है जानकारी**

सबसे हास्यपद यह है कि विभाग से 3 किलोमीटर दूर कार्य होने की जानकारी अधिकारी को नहीं है कार्य के संबंध में जब जल संसाधन विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अगस्टाइन टोप्पो से फोन के माध्यम से पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि इस संबंध में मुझे जानकारी नहीं है पता करके बताता हूं।

**सब इंजीनियर फोन उठाने से बचते नजर आ रहे हैं**

काम के संबंध में वहां कार्य कर रहे हैं मजदूरों से पूछने पर मुंशी के द्वारा कार्य के सम्बंध में जानकारी नहीं होने की बात कही गई और सब इंजीनियर अरुण निराला का नंबर दिया गया सब इंजीनियर से संपर्क करने पर उनके द्वारा फोन नहीं उठाया जा रहा है।

# 29 अप्रैल से शुरू होगी डाक मतपत्रों से मतदान प्रक्रिया

पायनियर संवाददाता ➤ बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन कर्त्तव्य पर तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए शासकीय आदर्श रामानुज माध्यमिक उच्चतर विद्यालय, बैकुंठपुर, सेंट जोसेफ अंग्रेजी माध्यम स्कूल, रामपुर, बैकुंठपुर तथा अनिवार्य सेवा, पुलिस बल, नगर सैनिको के लिए कलेक्टरेट परिसर में मतदान हेतु सुविधा केंद्र बनाया गया है। सेंट जोसेफ अंग्रेजी माध्यम स्कूल, बैकुंठपुर में 29 अप्रैल से 01 मई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक, मतदान सामग्री वितरण स्थल-शासकीय आदर्श रामानुज माध्यमिक उच्चतर विद्यालय, बैकुंठपुर में 4 मई से 6 मई तक सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक वहीं 2 मई से 4 मई तक अनिवार्य सेवा, पुलिस बल, नगर सैनिको के लिए कलेक्टरेट परिसर में मतदान हेतु सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक डाक मतपत्र से मतदान करने की तिथि, स्थान व समय तय की गई है। अनुपस्थित श्रेणी के तहत 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं तथा 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को मतदान दलों द्वारा रुट अनुसार सम्बंधित मतदाताओं के घर-घर जाकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।कोरिया के लिए रुट क्रमांक 01 से 13 तक व सोनहत (आंशिक) के लिए रुट क्रमांक 01 से 04 तक 2 मई से 4 मई तक मतदान दलों के अधिकारियों द्वारा मतदान कराई जाएगी। दोनों रुट के लिए 17 वाहनो की व्यवस्था की गई है साथ ही वीडियोग्राफी भी की जाएगी।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

(1) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-18-24-25
दिनांक : 22.04.2024

**कार्य का नाम-** बिलासपुर-दुर्ग सेक्शन के बीच 36.74 किलोमीटर के लिए फॉर्मेशन ट्रीटमेंट रिनुवल का कार्य।
**निविदा मूल्यः** ₹ 6,20,30,097/-, **ईएमडीः** ₹ 4,60,200/-, **निविदा प्रस्तुत करनाः** 11.00 बजे तक दिनांक 20.05.2024, **निविदा खोलनाः** 11.00 बजे दिनांक 20.05.2024.

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय/एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें।

वरि. मंडल अभियंता-I
द.पू.म.रे., रायपुर

पीआर/आर/इंजी./एएन/18

South East Central Railway @secrail


# तिल्दा व्यवहार न्यायालय में नए न्यायाधीश भावेश कुमार वट्टी



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा व्यवहार न्यायालय में आलोक पाण्डेय जे.एम.एफसी का स्थानांतरण तिल्दा नेवरा से राजपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज होने एवं नए न्यायाधीश भावेश कुमार वट्टी का नगरी से तिल्दा नेवरा में आगमन होने पर दोनो न्यायाधीश के सम्मान समारोह अधिवक्ता संघ तिल्दा द्वारा किया गया, जिसमे न्यायाधीश आलोक पाण्डेय द्वारा अपने सम्मान में कहा की मुझे स्थानीय बार से कार्य करने में काफी गर्व महसूस हुआ तथा पक्षकारों को काफ ी लाभ हुआ, वही नए न्यायाधीश भावेश कुमार वट्टी द्वारा कहा गया की पक्षकारों का हित परस्पर बार व बेंच के आपसी सामंजस्य से ही संभव है, मुझे जानकारी मिली है की तिल्दा बार का कार्य पक्षकारों के हित में सर्वोपरि है। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ तिल्दा के अध्यक्ष राम वाधवा द्वारा शाल श्रीफल व गुलदस्ता प्रदान कर न्यायधीशों का सम्मान किया, मौके पर सचिव शिवकुमार तिवारी, घनश्याम वर्मा, के पी वर्मा, दिलीप देवांगन, के एल दीवान, एम के सिंह, अमन वाधवा, डी मानिकपुरी, केशव वैष्णव, मोना शर्मा, मंजू तिवारी, सरस्वती जांगडे, अनुज वाधवा, नरेश पटेला, मनोहर साहू, हरीश निर्मलकर व न्यायालीन स्टाफ गोपाल देवांगन, रघु ठाकुर, नारायण निर्मलकर, दिलेश्वर निर्मलकर, सुरेश यादव, ओम यादव, पुष्कर कौशिक, सेन मैडम, व समाज सेवी दिनेश सोनी भी उपस्थित रहे व अपने विचार रखे।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का लवन में अभिनंदन है : भाजपा नेता पवन साहू



**लवन।** कसडोल विधानसभा के नगर पंचायत लवन में शनिवार27 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रस्तावित कार्यक्रम है। जिसमें भाजपा के कई मंत्री, कई विधायक एवं कई दिग्गज भाजपा नेताओं की उपस्थिति रहेगा जिसकी तैयारी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं द्वारा किये जा रहे हैं।आपको बताते चलें कि मुख्यमंत्री जांजगीर चाम्पा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मती कमलेश जांगड़े के पक्ष में प्रचार प्रसार का जिम्मा उठाकर उनके पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। उक्त तैयारी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर चर्चा करते हुए भाजपा नेता पवन साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ के यशश्वी मुख्यमंत्री का आगमन लवन के लिए सौभाग्य है। मुख्यमंत्री का नगर पंचायत लवन में स्वागत अभिनंदन है कि बात कहते हुए आगे साहू ने कहा उनके आगमन से भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओ में डबल ऊर्जा का संचार होगा। हमारे प्रेरणा श्रोत मुख्यमंत्री का लवन आगमन हम सभी के लिए गौरवशाली क्षण होगा।निश्चित ही उनके मार्गदर्शन में जांजगीर लोकसभा सीट में इतिहास रच रही भाजपा, दूर दूर तक कोई नहीं है कि बात साहू ने कहा है।


AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना]**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060715289400, लोचन कुमार विश्वकर्मा (ऋणी), श्रीमती छमा बाई विश्वकर्मा (सहऋणी), तोशन लाल विश्वकर्मा (सहऋणी) | 13-अक्टूबर-23 ₹ 6,50,491/- छः लाख पचास हजार चार सौ इक्यानवे रूपये मात्र 10-अक्टूबर-23 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 453/1, पीएच नं. 20, ग्राम सनोद, तहसील गुरूर, जिला बलोद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 660 वर्ग फीट | 21-अप्रैल-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060119486946, झोरखा राम (ऋणी), मुकेश कुमार साहू (सहऋणी) | 13-अक्टूबर-23 ₹ 2,38,857/- दो लाख अडतीस हजार आठ सौ सत्तावन रूपये मात्र 10-अक्टूबर-23 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ग्राम पंचायत खसरा नं. 203, प्लॉट नं. 93, अरोड आर आई सी, मगरलोद, जिला धमतरी, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1089 वर्ग फीट (संपत्ति 2) संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत खसरा नं. 203, प्लॉट नं. 92, अरोद आर आई सी मगरलोद, जिला धमतरी, छत्तीसगढ 493663 क्षेत्रफल 1089 वर्ग फीट | 21-अप्रैल-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं।और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांक: 25/04/2024**
**स्थान: छत्तीसगढ**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# सवा महीनों का चुनावी रण आज थमेगा, दूसरे चरण में 18 लाख से अधिक मतदाता करेंगे वोट

## हाईप्रोफ़ाईल सीट पर भाजपा : कांग्रेस के चुनावी अभियान पर आज फैसला लेगी जनता

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ के सबसे हाईप्रोफाईल सीट मानी जा रही राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में आज मतदाता अपना निर्णय लेंगे। संसदीय क्षेत्र में 2329 मतदान केंद्र हैं जबकि लगभग 2900 गांव इसमें शामिल हैं। यहां मतदाताओं की कुल संख्या 18 लाख 65 हजार 175 है। जिनमें पुरुष 9, 28, 329 और महिलाएं 9, 36, 837 और अन्य 9 हैं। पुरुषों की अपेक्षा यहां 8, 508 महिला मतदाता अधिक हैं। राजनांदगांव लोकसभा में 15 प्रत्याशी मैदान में है। इनमें मुख्य मुकाबला भाजपा के संतोष पांडेय और कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बीच है। भाजपा ने यहां भगवान राम, पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के भ्रष्टाचार सहित कई मामलों को कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ उछाला। दूसरी ओर कांग्रेस ने महंगाई और मौजूदा सांसद संतोष पांडे की निष्क्रियता का मामला लेकर लोगों के बीच पहुंची। चुनावी अभियान के दौरान दोनों ही पार्टियां एक दूसरे को लेकर मुखर रही। चुनावी अभियान में भाजपा के बड़े चेहरों ने यहां संतोष पांडे के पक्ष में प्रचार करते हुए मोर्चा संभाला।





केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यानाथ, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने संसदीय क्षेत्र में अलग-अलग कई सभाएं की। जबकि भूपेश बघेल के पक्ष में राष्ट्रीय सचिव प्रियंका गांधी ने एक सभा की। कांग्रेस संगठन के बड़े चेहरे भी यहां प्रचार अभियान में शामिल नहीं दिखे। चुनाव के दौरान भाजपा ज्यादा मुखर रही। भाजपा ने इस दौरान जहां 10 पत्रकार वार्ताएं की वहीं कांग्रेस ने महज 3 बार पत्रकारवार्ता ली और मुद्दों को सामने रखा। प्रचार के मैदानी अभियान की बात करें तो भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भी अभियान में खुद को झोंक दिया। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, नीलू शर्मा जैसे नेता लगातार लोगों के बीच पहुंचते रहे। भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल सहित दूसरे नेताओं ने भी मोर्चा संभाले रखा। भूपेश बघेल के चुनावी अभियान की बागडोर विस में राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी रहे गिरीश देवागंन और पूर्व सीएम के सलाहकार रहे विनोद वर्मा ने संभाल रखी थी। कांग्रेस इलेक्शन कैंपेन को सेंट्रलाईज्ड करने में कमजोर साबित हुई। स्थानीय नेताओं को कम अवसर मिले। साथ ही उन्हें रणनीति फॉलो करने में भी परेशानियां हुई। मैदानी स्तर तक ये अव्यवस्था नज़र आई। हालांकि, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने क्षेत्र का धुआधार दौरा किया। वे भाजपा के खिलाफकाफी मुखर भी रहे।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

जानकारी के मुताबिक मतदान के दौरान सुरक्षा के लिहाज से भी संसदीय क्षेत्र में कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। इसकी लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। नक्सल क्षेत्र होने के कारण यहां सीएपीएफ पैरामिलिट्री की 60 कंपनियों के अलावा मध्य प्रदेश की फोर्स भी तैनात की गई है। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से लगी सीमाओं पर चेकिंग अभियान भी जारी हैं। आपराधिक तत्वों सहित अन्य मामलों पर पुलिस ने पिछले एक महिने में कई कार्रवाईयां की है। बेहिसाब पैसों के लाने-ले जाने के भी कई मामलों पर कार्रवाई बीते दिनों में सामने आई है। पुलिस प्रशासन ने पुख्ता बंदोबस्त का दावा किया है।

### मोहला-मानपुर में 7 से 3 बजे तक मतदान

संसदीय चुनाव के द्वितीय चरण के तहत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में मतदान के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया। राजनांदगांव जिला मुख्यालय में स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर से मतदान सामग्री लेकर दल रवाना हुए। सुबह से ही यहां दलों का पहुंचना शुरु हो गया था। संसदीय क्षेत्र के खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर मतदान दलों को रवाना किया। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल, शुक्रवार को पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक व मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना मंगलवार 4 जून को सुबह 8 बजे से होगी।

### 15 प्रत्याशी मैदान में

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन लडऩे वाले बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी देवलाल सिन्हा (सोनवंशी), इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी संतोष पाण्डेय, शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी नारद प्रसाद निषाद, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रमेश राजपुत, न्याय धर्म सभा के अभ्यर्थी रामफल पाटिल, हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी ललिता कंवर, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी लाखन सिंह टंडन तथा निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली, त्रिवेणी पडोती, इंजि. बसंत कुमार मेश्राम, भुवन साहू, विशेष धमगाये, एएच सिद्दीकी, सुखदेव सिन्हा शामिल हैं।

### संचालन में पिछड़ी कांग्रेस, विनोद और गिरीश का स्थानीय नेताओं से सामंजस्य नहीं

सबसे चर्चित सीट माने जाने वाली राजनांदगांव लोकसभा में भाजपा और कांग्रेस के चुनाव संचालन की बात करें तो कांग्रेस का चुनाव संचालन इस बार पिछड़ा हुआ नजर आया। गौरतलब है कि कांग्रेस ने विनोद वर्मा व गिरीश देवांगन को चुनाव संचालन की जिम्मेदारी दी थी और स्थानीय नेताओं से सामजस्य बना कर चलने को कहा था लेकिन विनोद वर्मा ने ना तो बहुत ज्यादा अपने वातानुकूलित कक्ष से निकलना उचित समझा और ना ही स्थानीय नेताओं से उनका सामजस्य बैठ पाया। नाम ना छापने की शर्त पर पायनियर से बहुत से युवा नेताओं व वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि गिरीश देवनगन और विनोद वर्मा स्थानीय भौगोलिक स्तिथि को समझते नहीं है और यदि कोई स्थानीय नेता उन बातों को समझाने का प्रयास करता है तो उन्हें किनारे कर दिया जाता है।

### ज्यादातर समाज भूपेश से नाराज

आज मतदान होने को हैं लेकिन मतदान से पहले प्रचार के दौरान कांग्रेस के भूपेश बघेल ने ज्यादातर समाज के लोगों को नाराज कर दिया । पिछले दिनों साहू समाज ने भी उनकी खिलाफत की और वुस्से पहले सोशल मिडिया में बेलगांव का एक वीडियो सामने आया था जिसमे वो कलार समाज के लोगों पर नाराज हो रहे थे । लोकसभा के प्रवास के दौरान पायनियर की टीम ने कई स्थानों पर पाया कि भूपेश बघेल को स्थानीय नेताओं ने भी मिसगाइड किया और मामले बिगड़ने लगे । अब आज मतदाताओं का रूख किस ओर होगा यह देखना होगा।

## 40 संगवारी, 4 दिव्यांग और 20 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने जिले में 40 संगवारी मतदान केन्द्र, 4 दिव्यांग मतदान केन्द्र, 20 आदर्श मतदान केन्द्र एवं 20 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां मतदान दलों में संपूर्ण रूप से महिला अधिकारियों को महिला मतदाताओं से मतदान कराने हेतु ड्यूटी लगाई जाएगी। इसी तरह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में 1-1 दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां मतदान दलों में सभी दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी द्वारा




मतदान कराया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। वहीं प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में 5-5 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां मतदान दल में 35 वर्ष तक के अधिकारी-कर्मचारी को मतदान के लिए ड्यूटी पर लगाया जाएगा।

## कांग्रेस लोगों की कमाई जब्त करके अपना विकास करना चाहती है : संतोष पांडे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे 24 अप्रैल को राजनांदगांव में आयोजित जनसम्पर्क रैली में शामिल होने के पूर्व गंडई व छुईखदान क्षेत्र का तूफानी दौरा करते हुये कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वोट बैंक की राजनीति करते-करते कांग्रेस हद से ज्यादा नीचे गिर गयी है। अब देश में जाति के साथ-साथ कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी का यह बयान अत्यंत खतरनाक है, जिसमें उन्होंने कहा कि देश में संपत्तियों का एक्सरे करेंगे। इससे यह बात साफहो जाती है कि कांग्रेस में तुष्टिकरण की राजनीति सिर चढ़कर बोल रही है और अब देश में फिर से अल्पसंख्यकवाद के नाम पर राष्ट्र की संपत्ति का बंदरबाट होने वाला है, जिससे देश की संप्रभुता खतरे में पड़ जायेगी। पांडे ने आगे कहा कि एक तरफमोदी जी है जो लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत करके देश को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना चाहते है, वही कांग्रेस लोगों की कमाई जब्त करके अपना विकास करना चाहती है। पांडे ने स्मरण कराते हुये कहा कि मुसलमानों का देश के संसाधनों पर पहला हक वाला मनमोहन सिंह का बयान अनायास ही नहीं आया था, इसी दौरान कोशिश हो रही थी कि अनुसूचित जाति की सूची में मुसलमानों को भी जोड़ा जावे। सरकारी नौकरियों में मुसलमानों को अलग से 15 प्रतिशत आरक्षण दिया जाये, ओबीसी आरक्षण को धर्म के आधार पर बांटकर मुसलमानों को 6 प्रतिशत अलग से दिया जाये। मुसलमानों को संसाधनों पर पहला हक देने का बयान के पूर्व इसकी प्रक्रिया चल रही थी, रिटायर्ड चीफजस्टीस और कांग्रेस नेता व सांसद रंगनाथ मिश्रा इसी दौरान अपनी रिपोर्ट में लिख रहे थे कि मुसलमानों में भी जातियां है, इसलिये उन्हे भी अनुसूचित जाति माना जाएं एवं उनको भी आरक्षण दिया जायें। पांडे ने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान के ठीक 30 दिन पहले सच्चर कमेटी की रिपोर्ट आयी थी, जिसमें देश में यह गलतफहमी पैदा करने की कोशिश की गई थी कि मुसलमानों की हालत दलितों से भी ज्यादा बदतर है। यह विचार कि भारत के संसाधनों पर मुसलमानों का पहला अधिकार है और गरीबों व हासिये मे रहने वाले एससी, एसटी व महिलाओं की छोटी बचत सहित भारतीयों की सम्पत्तियों को अल्पसंख्यकों के बीच पुर्नवितरीत किया जाना चाहिये, कांग्रेस में गहराई से व्याप्त है। कर्नाटक में कांग्रेस के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कुछ महीने पहले एक भाषण में दोहराया था कि मुसलमानों का देश की संपत्ति पर अधिकार है, और वह यह सब सुनिश्चित करेंगे कि उन्हे यह मिले।

## भगवान का डर दिखाकर उड़ाए 47 ग्राम सोने के जेवरात

### डोंगरगढ़ में 4 अज्ञात आरोपियों ने की ठगी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ के कालकापारा में एक महिला को डराकर 4 अज्ञात ठगों ने 47 ग्राम सोने के जेवरात पार कर दिए। महिला ने शिकायत की है कि, अज्ञात आरोपियों ने सम्मोहन के जरिये लगभग 47 ग्राम सोना उड़ा लिया। बाद में महिला को ठगी का अहसास हुआ और उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक 42 वर्षीय कंचन टेम्भुरकर रोज की तरह घरेलू काम में व्यस्त थी। 13 अप्रैल की सुबह लगभग 10 बजे सांई रथ लेकर अज्ञात व्यक्ति प्रसाद वितरण और पूजा-अर्चना करते महिला के समक्ष पहुंचे। महिला से सांई दर्शन करने की गुजारिश की गई। इस दौरान अज्ञात लोगों ने महिला को पति, बच्चों के साथ अनहोनी होने के खतरे से डराया गया। जिससे महिला डर गई। महिला ने बताया कि 4 व्यक्ति सांई रथ लेकर पहुंचे थे। इस दौरान एक व्यक्ति ने पानी पीने की इच्छा जाहिर की, वहीं दूसरे व्यक्ति की ओर से पति और बच्चों के साथ हादसा होने का डर दिखाया गया। यह बात सुनकर महिला डर गई। अज्ञात आरोपियों ने महिला से सोने-चांदी के जेवरात देकर संकट से बचने का हल बताया। उनके झांसे में आकर महिल ने 15 ग्राम सोने का नेकलेस, 12-12 ग्राम के दो सोने का चैन, सोने का टाप्स, 4 ग्राम सोने का झुमका सहित कुल 47.960 ग्राम सोना अज्ञात आरोपियों के हवाले कर दिया। महिला के मुताबिक 3 लाख 30 हजार रुपए के जेवरात अज्ञात आरोपी उड़ा ले गए। आरोपियों ने एक तरह से महिला को सम्मोहित कर लिया था। अपनी बातों के जरिये महिला से आरोपियों ने बातचीत के दौरान ही ठगी का खेल किया।

## मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केंद्र पहुंचे



पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com

लोकसभा आम निर्वाचन राजनांदगांव, क्षेत्र क्रमांक 06 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के मतदान दलों कों आज शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मोहला में सामग्री वितरण किया गया। कलेक्टर एस जयवर्धन ने मतदान दलों को वितरित कियें जा रहे सामग्री वितरण का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने मतदान दलों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान केंद्र में निष्पक्षता से निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर अपने सेक्टर ऑफिसर से तत्काल संपर्क करें। इस दौरान उन्होंने मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 78 मोहला मानपुर के अंतर्गत 237 मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान दल क्रमांक 01, मतदान दल क्रमांक 02, एवं मतदान दल क्रमांक 03 नियुक्त किया गया है।

साथ ही सुरक्षा कर्मी नियुक्त किया गया है। सभी मतदान दलों को मतदान केंद्र में उपयोग में आने वाले सामग्री वितरण किया गया है। सामग्री प्राप्ती के उपरांत मतदान दल द्वारा अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रूट अनुसार रवाना हुयें।

## बूथ में बंटने जा रहा राजनीतिक दल का पैसा जब्त चुनाव प्रभावित करने लाई रकम के साथ आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

निर्वाचन आयोग के एफएसटी ने मतदाताओं के बांटने के लिए ले जाई जा रही रकम बरामद कर कांग्रेस पार्टी के बूथ कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया है। वहीं एक और मामले में पुलिस ने 60 हजार की रकम बरामद की है। पुलिस के मुताबिक एसएफटी दल की टीम एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सीआर चन्द्रा, उप निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी द्वारा मौके पर शिवाजी होटल के पास पहुंच कर वाहन (सीजी 08/5712 ) की रोककर जांच करने पर वाहन में कुल 06 नग लिफाफा पाया गया। उक्त लिफाफा में प्रत्येक में 10000-10000 रूपये की रकम बरामद हुई। चालक सोनुराम साहू ग्राम ढाबा पोस्ट टप्पा एवं उसके साथ बैठे बिसम्बर ग्राम तिलईरवार द्वारा उक्त रकम को राजनांदगंव लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में वोट देने हेतु कांग्रेस पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं को बांटने की




जानकारी दी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त रकम को विधिवत बरामद किया है। वहीं इसी प्रकार सफारी वाहन (सीजी 04 एचसी 8469) से कुल- 1 लाख 13 हजार रुए बरामद किए गए हैं। यह रकम लोकेन्द्र सिंग (52) निवासी दुर्ग के पास से मिली है। पूछताछ करने पर उसने उक्त रकम को राजनांदगंव लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में वोट देने हेतु कांग्रेस पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं को बांटने की जानकारी दी। उक्त रकम को विधिवत बरामद किया गया। इसके बाद लोकेन्द्र सिंग ने जब्त पैसों की वापसी को लेकर एफएसटी दल को धमकी देकर वाद-विवाद किया। इस मामले में पुलिस ने संज्ञेय अपराध की घटित होने की अंदेशापर अनावेदक के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है।

## 316 क्रिटिकल व नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 116 मतदान केन्द्र मतदान दल मतदान कराने मतदान केन्द्र के लिए हुए रवाना

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 कार्य को सुचारू संपन्न कराने के लिए आज जिले में छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मतदान दल वाहन के माध्यम से अपने निर्धारित मतदान केन्द्र में ड्यूटी के लिए रवाना हुए। जिले में मतदान तिथि शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदान दलों को मतदान कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए है। कलेक्टर कहा कि राजनांदगांव जिले के सभी मतदान दल रवाना हो रहे हैं। मतदान दलों को मतदान सामग्री दे दी गई है। मतदान सामग्री मिलान करने के बाद मतदान दल अपने-अपने मतदान केन्द्र के लिए रवाना हो



जाएंगे। जिले में 840 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। प्रत्येक बूथ में 4 कर्मचारियों का दल होता है। इसके अलावा रिजर्व में भी मतदान दल हैं। सभी मतदान केन्द्रों में पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था की गई हैं। पेट्रोलिंग की टीम रहेगी। थाने की टीम अलग रहेगी। सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कॉर्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में मतदान दलों ने निर्वाचन कार्य के लिए सामग्री ली एवं अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्र के लिए निर्वाचन कार्य संपन्न कराने रवाना हुए। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया है, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी होगी। राजनांदगांव जिला अंतर्गत मतदान केन्द्रों की संख्या 840 है। प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए 840 पीठासीन अधिकारी, 840 मतदान अधिकारी-1, 840 मतदान अधिकारी-2 एवं 840 मतदान अधिकारी-3 के रूप में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही मतदान कार्य के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रिजर्व में रखा गया है। इस तरह मतदान कार्य के संपादन के लिए लगभग 4 हजार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि चारों विधानसभावार कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1006 है, जिसमें राजनांदगांव जिला अंतर्गत 840 मतदान केन्द्र एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिला अंतर्गत 97 मतदान केन्द्र तथा मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत 69 मतदान केन्द्र आते हैं।

### एक दिव्यांग व 5 आदर्श एवं 5 युवा मतदान केन्द्र, दिव्यांग, महिला व युवा करायेंगे ईवीएम से मतदान

## डोंगरगांव विधानसभा में 10 संगवारी मतदान केन्द्र

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में 10 संगवारी मतदान केन्द्र, एक दिव्यांग मतदान केन्द्र, 5 आदर्श मतदान केन्द्र एवं 5 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। उपरोक्त मतदान केंद्रों में महिलाओं, दिव्यांगों सहित युवाओं की ही ड्यूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी कार्यालय से जानकारी मुताबिक संगवारी मतदान केन्द्र हेतु मतदान दलों में संपूर्ण रूप से महिला अधिकारियों को महिला मतदाताओं से मतदान कराने हेतु ड्यूटी लगाई जाएगी। दिव्यांग मतदान केन्द्र के मतदान दलों में सभी दिव्यांग अधिकारी




व कर्मचारी द्वारा मतदान कराया जाएगा। युवा मतदान केंद्रों के मतदान दल में 35 वर्ष तक के अधिकारी-कर्मचारी को मतदान के लिए ड्यूटी पर लगाया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76 डोंगरगांव अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 189-पूर्व माध्यमिक शाला भवन कालेज रोड डोंगरगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक190-शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन बालक पूर्व दिशा डोंगरगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 191-शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन कन्या डोंगरगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 192 बीटीआई भवन डोंगरगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 193 पूर्व माध्यमिक शाला भवन कन्या डोंगरगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 195 बीटीआई भवन डोंगरगांव, मतदान केन्द्र क्रमांक 211 प्राथमिक शाला भवन माथलडबरी, मतदान केन्द्र क्रमांक 218 प्राथमिक शाला भवन बोधीटोला मटिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 219 प्राथमिक शाला (पश्चिम दिशा) करियाटोला, मतदान केन्द्र क्रमांक 225 प्राथमिक शाला भवन खुज्जी को संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है।

मतदान केन्द्र क्रमांक 62 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन बोदेला को दिव्यांग मतदान केन्द्र एवं मतदान केन्द्र क्रमांक मतदान केन्द्र क्रमांक 179 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन पूर्व अर्जुनी, मतदान केन्द्र क्रमांक 180 शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन पश्चिम अर्जुनी, मतदान केन्द्र क्रमांक 210 पूर्व माध्यमिक शाला भवन रेंगाकठेरा, मतदान केन्द्र क्रमांक 229 प्राथमिक शाला भवन बडगांव चारभांठा, मतदान केन्द्र क्रमांक 230 प्राथमिक शाला भवन (दक्षिण दिशा) बडगांव चारभांठा को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार मतदान केन्द्र क्र169 प्राथमिक शाला भवन कविराज टोलागांव, मतदान केन्द्र क्र 234 पूर्व माध्यमिक शाला भवन रातापायली, मतदान केन्द्र क्रमांक 235 पूर्व माध्यमिक शाला भवन रातापायली, मतदान केन्द्र क्र 251 पूर्व माध्यमिक शाला भवन नया (पश्चिम दिशा) कुतुलबोड़ भांठागांव, मतदान केन्द्र क्र 252 शासकीय प्राथमिक शाला भवन (पूर्व दिशा) कुतुलबोड़ भांठागांव को युवा मतदान केन्द्र बनाया गया है।

## मोदी की गारंटी पर लगेगी मुहर : लक्ष्मीनारायण

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगुवाई में देशभर में राष्ट्रवाद की भावना बलवित हुई है। राष्ट्रवाद की भावना से कार्य करने नरेंद्र मोदी तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत के साथ प्रधानमंत्री बनकर विकास को रफ्तार देंगे। मोदी की गारंटी में राजनांदगाँव लोकसभा क्षेत्र का भी चहुँमुखी विकास शामिल होगा। उक्ताशय को लेकर डोंगरगांव विधानसभा के वरिष्ठनेता पुर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने मीडिया से कहा कि सांसद प्रत्याशी सँतोष पांडेय बेदाग छवि के दमदार राष्ट्रीय चेहरे हैं, इसलिए इनकी जीत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत होंगे। श्रीगुप्ता ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में रेल लाईन, एक्सप्रेसक्कवे, डोंगरगढ़ बम्लेश्वरी मंदिर से लेकर अनेक



उच्च स्तर के कार्य सांसद पाण्डेय के जीवटता के प्रतीक हैं। वहीं अनेक बुनियादी व अधिसंरचना के कार्य भी स्वीकृत कराया है। गुप्ता ने कहा है कि सँतोष पांडेय सांसद बतौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में बहुमूल्य रत्न साबित होंगे। उन्होंने राष्ट्रवादी विचारधारा, बेदाग छवि के प्रखर वक्ता सँतोष पांडेय की विजयश्री सुनिश्चित बताते हुए अवश्य लोकतंत्र के लिए अवश्य मतदान करने जनता से अपील की है।

# गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में मुंगेली जिले का नाम दर्ज हुआ

**01 लाख 06 हजार 844 संकल्प पत्र का रिकार्ड गोल्डन बुक में दर्ज कराया गया**

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




मुंगेली जिला के लिए किसी ऐतिहासिक दिन से कम नहीं है, जब गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में मुंगेली जिले का नाम दर्ज हुआ। जिले के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अभिनव पहल करते हुए लोकसभा निर्वाचन 2024 में शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 01 लाख 06 हजार 844 संकल्प पत्र का रिकार्ड गोल्डन बुक में दर्ज कराया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय संकल्प पत्र महाभियान कार्यक्रम में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की स्टेट हेड सोनल शर्मा ने 04 हजार से अधिक शिक्षकों की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन राहुल देव को इस उपलब्धि के लिए सर्टिफिकेट प्रदान किया। उन्होंने बताया कि गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड एक विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड बुक है। इस रिकॉर्ड बुक का उद्देश्य उन लोगों को एक मंच देना है जिनमें विशिष्ट प्रतिभा छिपी है, जो दूसरों से आगे खड़े होना चाहते हैं और अद्वितीय प्रयास करके इतिहास के सुनहरे पन्नों में अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं। मुंगेली कलेक्टर के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जो अभिनव पहल किया गया है, वह सराहनीय है। उन्होंने जिला प्रशासन और पूरी टीम को बधाई दी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को बिना किसी प्रलोभन के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होकर लोकसभा निर्वाचन में 07 मई को मतदान करने शपथ दिलाई। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुंगेली जिला के नागरिकों और मतदाताओं के लिए ऐतिहासिक और गौरवान्वित करने वाला दिन है। मतदाता जागरूकता पर आधारित संकल्प पत्र महाभियान का यह कार्यक्रम हमेशा हमारे मानस पटल पर अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान का उद्देश्य केवल मतदान प्रतिशत को बढ़ाना नहीं है, बल्कि लोकतंत्र में आमजनों के विश्वास को मजबूत करना है। निश्चित रूप से इसके सकारात्मक परिणाम हासिल होंगे। उन्होंने शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि अपने गांव के सभी मतदान केंद्रों में यह सुनिश्चित करें कि कोई भी मतदाता वोट करने से वंचित न हो। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों में छाया एवं पेयजल की व्यवस्था के साथ प्रतीक्षा कक्ष की सुविधा उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया जा रहा है। नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं गंर्भवती महिलाओं के अलग लाईन की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कायक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल ने कहा कि हम सब जानते है, कि शिक्षक हमारे नौनिहालों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करते हैं। साथ ही उन्हे बेहतर शिक्षा प्रदान करते हैं। संकल्प पत्र महाअभियान के जरिए शिक्षकों ने बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावक को संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। घर-घर जाकर मतदान के लिए संकल्प पत्र भरवा रहे हैं। इससे निश्चित रूप से शतप्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल होगा। स्वीप के नोडल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय संकल्प पत्र महाभियान इतिहास में दर्ज हो गया।

उन्होंने इस अभिनव पहल एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बता दें कि संकल्प पत्र महाअभियान के तहत जिले में संचालित स्कूलों के कक्षा 05 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के द्वारा अपने माता-पिता एवं परिवार के सभी सदस्यों को भारत के लोकतंत्र की मजबूती एवं भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए लोकतंत्र के महापर्व में 07 मई को बिना किसी भय व प्रलोभन के मुक्त होकर निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये संकल्प पत्र लिखते हुये मतदान करने हेतु प्रेरित करने का प्रयास किया गया।

# अवैध शराब के विरूद्ध की गई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में आबकारी अमला द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि आबकारी उप निरीक्षक कुरूद निशांत साधु के नेतृत्व में आज सुबह मुखबीर से प्राप्त सूचना पर भखारा थाना के ग्राम कोपेडीह में कुल 252 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब एवं 6350 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। साथ ही छ.ग.आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(च)34(2) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण कायम किया गया। उन्होंने बताया कि इसका कुल बाज़ार मूल्य 3 लाख 2 हजार 400 रुपए है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक लालजी दीवान, आबकारी आरक्षक मुरली सोनी, राजेश यादव, प्रशांत यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विश्व मलेरिया दिवस जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा मनाया गया

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी। 25 अप्रैल 2024 को विश्व मलेरिया दिवस जिला स्वास्थ्य समिति मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर द्वारा मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर सुरेश तिवारी सी एम एच ओ के द्वारा विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जन समुदाय को



मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉक्टर पुष्पेंद्र सोनी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर प्रसून टोप्पो, इस अवसर पर मलेरिया के प्रति जागरुकता के रूप में जिला विकास खंड एवं ग्राम स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है नेशनल फ्रेमवर्क फार मलेरिया इराडिकेशन के तहत 2030 मलेरिया उन्मूलन 2030 तक लक्ष्य, निर्धारित किया गया 2024 तक 1000 की जनसंख्या मे 1 से कम मलेरिया केस को लाने का लक्ष्य हैं 2027 तक लोकल ट्रासंमिशन को रोकना एवं 2030 तक रिस्टेब्लिशमेट नही होने देना हमारा संकल्प मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ करना है, जिला मलेरिया सलाहकार संजीत कुमार सिंह द्वारा मलेरिया के मच्छर से बचने के लिए मच्छरदानी लगाने सलाह एवं लोगो को जहां मलेरिया के मच्छर अंडे उनके स्त्रोत को नष्ट एवं नियंत्रण करने अपने घर के आस पास पानी जमा न हो एवं एवं आवश्यक जानकारी दी गई, जिला मास्टर ट्रेनर डॉ सोफिया नाज़ द्वारा दिया गया जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉक्टर पुष्पेंद्र सोनी, द्वारा एक्सीलरेटिंग द फाइट अगेंस्ट मलेरिया फ़ॉर ए मोर इक्विटेबल वर्ल्ड के साथ मलेरिया का लक्ष्य 2023 के बारे में उनके द्वारा बताया गया जिसमें आदर्श पैरामेडिकल के बच्चों के लिए एक दिन का कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

# नाबालिग को डरा धमकाकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पानी टंकी के पास हाथ पैर धोने गई नाबालिग को डराते-धमकाते हुए उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की रिपोर्ट के पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीडिता बालिका की मां ने 22 अप्रैल को पूंजीपथरा थाना में सिकन्दर कुमार भारती 22 साल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी 22 अप्रैल की शाम कॉलोनी के पानी टंकी के पास हाथ पैर धोने गई थी। जहां से आरोपी युवक सिकन्दर भारती उसे अपने कमरे ले गया और उसे डरा धमकाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीडिता की मां की शिकायत के बाद पूंजीपथरा पुलिस ने महिला पुलिस अधिकारी द्वारा आरोपित पर धारा 376, 506 आईपीसी 4, 6 पॉक्सो एक्ट का अपराध कायम कर पीड़ित बालिका से विस्तृत पूछताछ कर कथन लिया गया। नाबालिग बालिका पर घटित महिला संबंधी अपराध को पूंजीपथरा थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपी की पतासाजी करते हुए गिरफ्तारी के लिये तराईमाल में दबिश दिया और आरोपी सिकन्दर कुमार भारती को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने जुर्म स्वीकार किया है जिसकी विधिवत गिरफ्तारी कर कल आरोपी को आज ज्यूडिसियल रिमांड लेने न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

# ज्ञान अमृत उमावि का परीक्षा परिणाम घोषित

**मेहनत करने वाले कभी असफल नही होते : विनोद पांडेय**

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



ज्ञान अमृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 6वीं में प्रथम कु पूर्वा नाग 99.83 प्रतिशत, द्वितीय कु दिव्या रिगरी 99.66, तृतीय कु. डिम्पी सपहा 99.5, कक्षा 7वीं में प्रथम कु षष्ठी देवांगन 98.66, द्वितीय कु. पलक साहू 96.5, तृतीय कु. चांदनी पटेल 96, कक्षा 8वीं में प्रथम कु. चंचल पटेल 96.33, द्वितीय कु. नोमिता निर्मलकर 93.33, तृतीय कु. नैनसी ढीमर 93 प्रतिशत, कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 66.66 प्रतिशत एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 9वीं में प्रथम कु. दीक्षा जगताप 85.33, द्वितीय कु. काजल पटेल 84 प्रतिशत, तृतीय कु. अनुशा यादव 80.5 प्रतिशत, एवं कक्षा 11 वीं में प्रथम चि. कुशाल साहू 93.4, द्वितीय कु. भूमिका जैन 90.8, कु. मीनाक्षी निषाद 78.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि मेहनत करने वाले कभी असफल नहीं होते, आगे भी ज्यादा मेहनत कर अपने रिजल्ट में सुधार करने का प्रयास करे। विद्यालय के शिक्षकों को भी अच्छे परिणाम के लिए बधाई एवं शुभकामनाये प्रेषित किया। विद्यालय के उपप्राचार्य जगदीश सोनी ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि जो छात्र किसी कारण वश असफल हो गए है उन्हे निराश होने की आवश्यकता नहीं हैं। आने वाले समय में और अधिक परिश्रम करके सफलता अर्जित की जा सकती हैं। इस अवसर पर अफ्जल रिजवी, राजेन्द्र साहू, अभिलाषा चौहान, कोशलेश्वरी दुबे, नेहा पदमवार, संतोषी वर्मा, कु. लक्ष्मी देवांगन, कु भावना कहार उपस्थित थे।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रावधानों के उल्लंघन पर हुई कार्यवाही

**आकाश अन्न भंडार से 05 क्विंटल मोटा चावल जप्त**

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय मुंगेली के गोल बाजार स्थित आकाश अन्न भंडार से 05 क्विंटल एफआरके मिक्स मोटा चावल जप्त किया गया। जिसे परमहंस बाबा महिला स्व सहायता समूह मुंगेली की सुपुर्दगी में दिया गया। खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर उक्त दुकान में यह कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि आकाश अन्न भंडार के संचालक कैलाश रूपवानी द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान से वितरण किए जाने वाले चावल को 28 रूपये प्रति किलो के हिसाब से खरीदी कर 29 रूपये प्रति किलो के हिसाब से विक्रय करने की शिकायत मिली थी। जिसकी जांच करने पर संचालक द्वारा राशनकार्डधारी हितग्राहियों से चावल खरीद कर उक्त चावल को 29 रूपये प्रति किलो के हिसाब से विक्रय करना स्वीकार किया गया।

# मतदान कराने मतदान दल मतदान केन्द्रों के लिए हुए रवाना, मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक

- कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए की गई चाक-चौबंद व्यवस्था, जिले में 17 क्रिटिकल मतदान केन्द्र

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com





लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में मतदान कार्य को सुचारू संपन्न कराने के लिए आज जिले में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र स्थानीय भोपाल राव शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। जिले में शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में मतदान दलों को मतदान कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। मतदान सामग्री वितरण कार्य का कलेक्टर नम्रता गांधी सहित सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने जायजा लिया। शासकीय भोपालराव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री में आज मतदान दलों ने निर्वाचन कार्य के लिए सामग्री ली एवं अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्र के लिए निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने रवाना हुए। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया है, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी होगी। जिले में 753 मतदान केन्द्र के लिए कुल 3012 पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-1, मतदान अधिकारी-2, मतदान अधिकारी-3 के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह 20 प्रतिशत अधिकारी, कर्मचारियों को रिजर्व रखा गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 753 मतदान केन्द्रों में 17 संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं, इनमें विधानसभा क्षेत्र सिहावा में 14, और धमतरी में 3 मतदान केन्द्र शामिल है। इसी तरह 372 सामान्य मतदान केन्द्रों को मिलाकर कुल 377 मतदान केन्द्रों में वेबकॉस्टिंग किया जायेगा। इनमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 56 सिहावा में 129, विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद में 119 और विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी में 129 मतदान केन्द्र शामिल हैं। जिले में कुल 6 लाख 30 हजार 802 मतदाताओं में से 3 लाख 9 हजार 840 पुरूष मतदाता, 3 लाख 20 हजार 953 महिला मतदाता और 9 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा में कुल 1 लाख 95 हजार 301 मतदाताओं में से 95 हजार 52 पुरूष मतदाता, 1 लाख 248 महिला मतदाता और 1 तृतीय लिंग मतदाता हैं। वहीं विधानसभा क्षेत्र 57 कुरूद में कुल 2 लाख 11 हजार 605 मतदाताओं में से 1 लाख 5 हजार 669 पुरूष मतदाता, 1 लाख 5 हजार 934 महिला मतदाता, 2 तृतीय लिंग मतदाता तथा विधानसभा क्षेत्र 58 धमतरी में कुल 2 लाख 23 हजार 896 मतदाताओं में से 1 लाख 9 हजार 119 पुरूष मतदाता, 1 लाख 14 हजार 771 महिला मतदाता और 6 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। जिले में होम वोटिंग के माध्यम से 68 वृद्धजन और दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर मतदान किया। वहीं निर्वाचन कार्य में लगे 3 हजार 812 अधिकारी, कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के जरिए मतदान किया।

गौरतलब है कि जिले के प्रत्येक विधानसभा में 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र (महिला प्रबंधित मतदान केन्द्र), दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित प्रत्येक विधानसभा में 1-1 मतदान केन्द्र और युवा तथा आदर्श मतदान केन्द्र प्रत्येक विधानसभा में 5-5 बनाये गये हैं।

# केवि के स्काउट्स-गाइड्स ने बनाये प्याऊ घर




पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

केंद्रीय विद्यालय धमतरी के स्काउट गाइड विभाग द्वारा विद्यालय के बाहर एक शीतल प्याऊ घर का निर्माण किया गया जिसका उदघाटन विद्यालय के प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार ने किया । अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने शिक्षकों एवं बच्चों को इस सेवा कार्य के लिए बधाई और धन्यवाद देते हुए कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था करना एक परम पुनीत कार्य है। सुरेश देवांगन ने कहा कि वर्तमान व्यावसायिक परिवेश में लोग पानी को भी व्यापार बना लिए है जो हमारी संस्कृति के प्रतिकूल है इसलिए यह निशुल्क प्याऊ घर जनमानस में सेवाभाव का संचार करेगा। शिक्षक हरेन्द्र साहू ने स्काउट गाइड के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों को प्रतिदिन सेवा और भलाई का कार्य करना चाहिए। रीमन लाल ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को मानव समाज के अतिरिक्त पशु-पक्षियों के लिए भी समुचित पेयजल कि व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्काउट योगराज और पुष्कर साहू ने जल संरक्षण आधारित नारे लगवाए ।इस प्याऊ घर को बनाने में बी आर यादव सहित स्काउट्स दृगाइड्स बच्चों का योगदान रहा।

**जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी (आईआईटी) में प्रवेश की सुविधा देता है**

# जेईई (मेन) 2024 सेशन 2 के परिणाम में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के बिलासपुर के 8 स्टूडेंट्स को मिली बड़ी सफलता

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com




परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने बिलासपुर से अपने स्टूडेंटस 8 की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) भेन 2024 के दूसरे सत्र में 99 परसेंटाइल व उससे अधिक स्कोर किया है। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंटस में शुभम नायर ने 99.96, हर्षिता ईशानी ने 99.82, शुभम आनंद ने 99.74, विशु ने 99.71 और लक्ष्य गुप्ता ने 99.67 परसेंट हासिल किए। साथ ही अन्य तीन छात्रों ने 99 परसेंट व उससे अधिक स्कोर किया है। स्टूडेंटस का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित, इन छात्रों ने विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई को के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की। जिसका उददेश्य विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आईआईटी जेईई को बैंक करना था। उनकी उन्नति उनके अयक समर्पण का प्रमाण है, जो मूल सिदधातों को मास्टर करने और अनुशासित अध्ययन व्यवस्था का पालन करने में किया गया। अपनी गहरी कृतज्ञता का अभिव्यक्त करते हुए, उन्होंने स्वीकार किया, हम आकाश के विषेशज्ञ शिक्षकों की ओर से तैयार की गई सामग्री और कोचिंग के लिए ऋणी है, जो हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण साबित हुई। उनके अटूट मार्गदर्शन के बिना, एक संक्षिप्त समय सीमा के भीतर कई विषयों में महारत हासिल करना एक बड़ी चुनौती होती। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. एच. आर. राव ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, 'उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबदधता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें। जेईई (मेन्स) छात्रों को अपने स्कोर को बढ़ाने के लिए कई अवसर प्रदान करने के लिए दो सत्रों में संरचित है। जबकि जेईई एडवांस्ड विशेष रूप से प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) में प्रवेश की सुविधा देता है, जेईई मेन भारत भर में कई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और अन्य केंद्र-सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों के प्रवेश दवार के रूप में कार्य करता है. जेईई मेन में आगीदारी जेईई एडवांस्ड में प्रदर्शित होने के लिए एक शर्त है. आकाश बायजूस हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक विदयालय के छात्रों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम प्रारूपों के माध्यम से व्यापक आईआईटी-जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल ही में, आकाश ने कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। इसका अभिनव आई ट्यूटर प्लेटफॉर्म रिकॉर्ड किए गए वीडियो व्याख्यान देता है, जिससे छात्र स्व-पुस्तक सीखने में संलग्न हो सकते हैं और छूटे हुए सत्रों को पकड़ सकते हैं। इसके अलावा, नकली परीक्षण वास्तविक परीक्षा स्थितियों का अनुकरण करते हैं, परीक्षा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक परिचितता और आत्मविश्वास के साथ छात्रों को लैस करना।

# अब बिना ऑपरेशन के बालाजी हॉस्पिटल में हो सकता है वाल्व रिप्लेसमेंट

## हार्ट के मरीजों के लिए आई गुड न्यूज, अब बिना सर्जरी रिप्लेस हो जाएगा हार्ट वॉल्व



### डॉ. विवेक वाधवा ने कहा

एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट के बारे में बात करते हुए कार्डियक सर्जन डॉ. विवेक वाधवा ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में न तो कोई चीरा लगता है और न ही मरीज को पूरी तरह बेहोशी दी जाती है। नस के जरिए वाल्व को हृदय में पहुंचा कर वहां स्थापित किया जाता है।

### क्या होता है जब मरीज का वाल्व खराब होता है तो?

एक्सपर्ट का कहना है कि हर इंसान के हार्ट में 4 चैंबर होते हैं और सभी चैंबर में ब्लड जाने पर वॉल्व खुलते हैं और विपरीत दिशा में जाने पर बंद हो जाते हैं। वॉल्व यह सुनिश्चित करता है कि सही समय पर ब्लड सही दिशा में सही प्रेशर के साथ पहुंच रहा है या नहीं। जब वॉल्व खराब हो जाता है तो यह कठोर हो जाता है और यह ठीक से नहीं खुलता है, जिससे मरीज को परेशानी होती है। इसलिए सर्जरी कर खराब वॉल्व की जगह नया वॉल्व लगाया जाता है। लेकिन अब तक इसके लिए ओपन हार्ट सर्जरी करनी होती थी, लेकिन अब यह बिना ओपन हार्ट सर्जरी के भी संभव हो रहा है।

### ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व इम्प्लांटेशन ने बढ़ाई उम्मीद

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में अब बिना ऑपरेशन के वाल्व रिप्लेसमेंट संभव है। अस्पताल में एक 77 वर्षीय महिला का वाल्व रिप्लेसमेंट किया गया, जिन्हें कई प्रकार की समस्या थी और इसी के कारण मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी संभव नहीं थी। यही कारण है कि अस्पताल में डॉ. विवेक वाधवा के नेतृत्व में एक डॉक्टरों की टीम ने महिला का सफल एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट किया गया। इस सर्जरी के बाद मरीज सिर्फ तीन दिन में घर जा सकता है. इस सर्जरी में डॉ. विवेक वाधवा, डॉ. एम चोपड़ा, डॉ. बी चुघ और डॉ. देवेंद्र पांडे समेत अन्य स्टॉफ और डॉक्टरों की टीम मौजूद थी।

# एफएम रेडियो के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा है मतदान हेतु प्रेरित




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह की पहल पर एफ एम. रेडियो चैनल के मशहूर अपनी आवाज व कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को 07 मई को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे है। मतदाता जागरूकता हेतु ये आर.जे. शत् प्रतिशत मतदान के लिए अपने खास कार्यक्रम भी तैयार किए है। इसके अलावा 07 मई से पहले निरंतर कार्यक्रमों के जरिए भारतीय लोकतंत्र में मतदान के महत्व को बताने विस्तृत कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई है। एफएम. रेडियो 94.3 के आर.जे. अनिमेश, रेडियो मिर्ची की ऋचा और एफएम. तड़का के नरेन्द्र सिंह ने कलेक्टर डॉ. सिंह से मुलाकात कर शत् प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने रेडियो चैनल्स द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया।कलेक्टर ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए सभी से मतदान की अपील की है। कलेक्टर डॉ. सिंह से इस विशेष मुलाकात के लिए ये आर.जे. कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप भी कलेक्टर के साथ थे। इस दौरान आर.जे. ने जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान हेतु की जा रही सघन तैयारियों की जानकारी ली एवं सेक्टर ऑफिसर्स, पीठासीन अधिकारियों, मतदान दल की जिम्मेदारियों से अवगत हुए। आर.जे. अनिमेश ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में मतदान हर नागरिक की सबसे बड़ी व पहली जिम्मेदारी है। हर मतदाता अपनी जिम्मेदारी समझ कर 07 मई को मतदान हेतु सबसे पहले मतदान केन्द्र पहुंचे, इसके लिए रायपुर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा की गई समस्त प्रबंधों से मतदाताओं को अवगत कराया जा रहा है। मतदान केन्द्रों में इस बार मूलभूत सुविधाओं के साथ ही बुजुर्ग, महिलाओं व अन्य मतदाताओं के लिए कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं निर्धारित है। तेज गर्मी में मतदाताओं को कोई असुविधा न हो, इसके लिए पंडाल, पेयजल सहित सभी ज़रूरी व्यवस्थाएं रायपुर जिला प्रशासन द्वारा की गई है। ऐसे ही सभी व्यवस्थाओं से आम मतदाताओं को अवगत कराया जा रहा है। आर.जे. ऋचा ने बताया कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाने रेडियो पर मिर्ची मतवाला जैसे विशेष कार्यक्रम प्रसारित किए जा रहे है। इसके माध्यम से राष्ट्र निर्माण में वोट के महत्व को समझाया जा रहा है। शहरी मतदाताओं से बात कर उनके इंटरव्यू भी लगातार प्रसारित हो रहे है। आर.जे. नरेन्द्र ने अपने रेडियो चैनल द्वारा मतदाताओं को प्रेरित करने तैयार किए गए कार्यक्रमों की रूपरेखा से सभी को अवगत कराया और उन्होंने बताया कि शहर में निरंतर आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों से संबंधित प्रसारण के साथ ही न्यूज मेंशन, समाचारों व उद्घोषणाओं में पूरी प्रमुखता से 07 मई को मतदान करने हेतु संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने मतदान के महत्व से सभी को अवगत कराने रेडियो की भूमिका की चर्चा करते हुए सभी प्रयासों की सराहना की है। इस अवसर पर उन्होंने मतदान चिन्ह भी सभी आर.जे. को भेंट किया। उपस्थित जिला अधिकारियों ने आर.जे. के प्रयासों को उत्साहवर्धक व महत्वपूर्ण बताते हुए इसे उपयोगी बताया।

# अब पासपोर्ट की तर्ज पर बनेगा ड्राइविंग लाइसेंस

### परिवहन सचिव एस. प्रकाश, परिवहन अपर आयुक्त डी. रविशंकर ने किया भाठागांव बस स्टैंड व पंडरी बस स्टैंड व सिटी सेंटर के केंद्र का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



परिवहन सचिव एस. प्रकाश, अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर, उप परिवहन आयुक्त मनोज ध्रुव ने भाठागांव अंतर्राज्जीय बस स्टैंड का निरीक्षण किया। बस स्टैंड से 21 ई-बसों का संचालन किया जाएगा। जिसके लिए ढ़ाई एकड़ जमीन का चिंहाकन किया गया है। उक्त जमीन का परिवहन सचिव व अपर परिवहन आयुक्त ने अवलोकन किया और नगर निगम व विद्युत विभाग को मूलभूत अधोसंरचनाएं विकसित करने के निर्देश दिए। नगर निगम से एनओसी के लिए आरटीओ रायपुर को निर्देश दिए गए। साथ ही परिवहन सचिव व अपर परिवहन आयुक्त ने पंडरी के ड्राइविंग लाइसेंस सेंटर का निरीक्षण किया। पंडरी के ड्राइविंग लाइसेंस सेंटर में लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। आम नागरिकों से लाइसेंस बनाने के प्रक्रिया के बारे में बातचीत की। प्रक्रिया पर संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्य को देखा। इसके साथ ही सिटी सेंटर के केंद्र का निरीक्षण कर लाइसेंस मुद्रण कार्य की जानकारी ली। निर्धारित समय-सीमा में वाहन चालकों तक आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस पहुंच जाए, यह सुनिश्चित की जाए। अब ड्राइविंग लाइसेंस भी पासपोर्ट की तर्ज बनाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। सिंगल विंडो के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस बनाया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द लाइसेंस पहुंच जाए। आम जनता को किसी प्रकार की ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के दौरान परेशानी न हो, इसका भी ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर रायपुर आरटीओ आशीष देवांगन व एआरटीओ प्रतीक शुक्ला सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# मतदान आपका अधिकार व कर्तव्य मतदान अवश्य करें : किरण देव




**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के कांकेर लोकसभा क्षेत्र में शुक्रवार को द्वितीय चरण का मतदान होगा। भाजपा नेताओं ने बयान जारी कर कांकेर लोकसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान की अपील की है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कांकेर में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के मतदान के पूर्व कांकेर की जनता से अपील करते हुए कहा कि कांकेर के विकास के लिए कांकेर में साफईमानदार और आदिवासी हितैषी पार्टी को अपना समर्थन दें। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांकेर में शांति, विकास एवं आदिवासियों के उत्थान के लिए अधिक से अधिक संख्या में वोट दें एवं लोकतंत्र को मजबूत बनाएं लोकतंत्र में वोट की ताकत आम जनता के पास सबसे बड़ी ताकत होती है, जिसके जरिए हम अपना आने वाला भविष्य चुनते हैं इसलिए अपने वोट का प्रयोग अवश्य करें। पूर्व मंत्री एवं अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि आपका एक वोट कांकेर के भाग्य का निर्धारण करेगा। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों तक पहुंचकर अपने बहुमूल्य वोट का उपयोग करें।

# मतदान ख़त्म होते ही जारी होंगे 10–12वीं के परिणाम

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



10-12वीं के छात्र-छात्राओं के रिजल्ट का इंतजार अब खत्म होने वाला है। माध्यमिक शिक्षा मंडल चुनाव के बाद 7 मई के बाद रिजल्ट जारी करने जा रहा है। जहां कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 3 लाख 45 हजार 556 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। वहीं 12 वीं की परीक्षा में 2 लाख 61 हजार 22 छात्र छात्राओं ने एग्जाम दिए थे। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने रिजल्ट घोषित करने को लेकर पूरी तैयारियां कर ली हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने बताया कि, कॉपियों के मूल्यांकन हो जाने से 10 दिन के अंदर रिजल्ट तैयार हो सकता है। ऐसे में एक या सात मई तक परीक्षा परिणाम जारी किये जा सकते हैं। पिछले साल की तरह इस साल भी अलग-अलग एक्टिविटिज में भाग लेने वाले छात्रों को बोनस अंक दिये जाएंगे। इस साल 22-39 छात्रों को बोनस अंक दिये जायेंगे। छत्तीसगढ़ बोर्ड रिजल्ट 2024 का डायरेक्ट लिंक आधिकारिक वेबसाइट cgbse.nic.in पर जारी होगा। रिजल्ट जारी होते ही स्टूडेंट्स वेबसाइट पर अपने परिणाम देख सकते हैं। वहीं 10वीं और 12वीं का रिजल्ट चेक करने के लिए छात्रों को अपना रोल नंबर दर्ज करना होगा।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403